✱ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✱ पटना संस्करण

✱ रजि. नंबर : 52290/90 ✱ वर्ष : 36 ✱ अंक : 237 ✱ पृष्ठ : 12 ✱ औरंगाबाद, शुक्रवार, 23 जनवरी 2026 ✱ मूल्य : 3.00 रुपये ✱ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✱ www.navbihartime.com










## मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी समेत 16 नक्सली ढ़ेर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक करोड़ रुपए के इनाम वाले शीर्ष नेता अनल दा समेत 15 माओवादी मारे गए। पुलिस ने बताया कि सीआरपीएफ की कोबरा यूनिट के करीब 1500 जवान किरीबुरु थाना क्षेत्र के सारंडा जंगल के कुमड़ी इलाके में चलाए जा रहे अभियान में लगे हुए हैं। सुरक्षा बलों का नेतृत्व कमांडो बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन (कोबरा) की 209वीं बटालियन कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमने शीर्ष नेता पतिराम मांझी उर्फ अनल दा समेत 15 माओवादियों के शव बरामद किए हैं। भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। सुबह 6 बजे शुरू हुई मुठभेड़ अभी भी जारी है। उन्होंने बताया कि सारंडा जंगल में मंगलवार से माओवादी विरोधी अभियान जारी है लेकिन गोलीबारी गुरुवार सुबह शुरू हुई। झारखंड पुलिस के आईजी (ऑपरेशन) माइकल राज एस ने बताया कि पुलिस को सारंडा जंगल में अनल दा और उसके साथियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद अभियान शुरू किया गया। गिरिडीह जिले के पीरतंद निवासी अनल दा 1987 से सक्रिय था। पुलिस वर्षों से उसकी तलाश कर रही थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कोबरा 209 बटालियन के नेतृत्व में सीआरपीएफ और राज्य पुलिस की संयुक्त फोर्स गुरुवार तड़के सरंदा वन के कुंभदिह गांव के पास माओवादी विरोधी अभियान पर थी तभी पतिराम मांझी उर्फ अनल दा और लालचंद हेमब्रम उर्फ अनमोल के नेतृत्व वाले माओवादी दस्तों ने उनपर गोलीबारी की। झारखंड के आईजी (ऑपरेशन) माइकल राज ने कहा कि माओवादियों को भारी नुकसान पहुंचाया गया है और गोलीबारी अभी भी जारी है। भागने के सभी रास्तों को बंद करने के लिए



अतिरिक्त बल भेजे गए हैं और साथ ही तलाशी अभियान भी शुरू किया गया है। आगे की जानकारी की प्रतीक्षा है। किसफोटा ने कहा कि यह अभियान सारंडा वन के भीतर भौगोलिक रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण इलाके में जारी है। पूरे सारंडा आरक्षित वन क्षेत्र में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। अभियान समाप्त होने के बाद ही विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जा सकेगी। गौरतलब है कि सीआरपीएफ के महानिदेशक (ऑपरेशन) ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को चाईबासा मेंएक रणनीति बैठक के दौरान प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) दस्तों पर अंतिम हमले के लिए रोडमैप को अंतिम रूप दिया था, जिनका नेतृत्व केंद्रीय समिति के सदस्य मिसिर बेसरा उर्फ निर्भय, असीम मंडल उर्फ तिमिर और पतिराम मांझी उर्फ अनलदा कर रहे थे। झारखंड में कोल्हान और सारंडा को माओवादियों का अंतिम गढ़ माना जाता है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने बुडा पहाड़, चतरा, लातेहार, गुमगुला, लोहरदगा, रांची और पारसनाथ में उनकी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से सीमित कर दिया है।

## छत्तीसगढ़ स्टील प्लांट हादसे में गया के छह मजदूरों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार में स्थित एक स्टील प्लांट में बड़ा हादसा हुआ है। कोयला भट्टे में विस्फोट के दौरान यह हादसा हुआ। हादसा आज सुबह सुबह हुआ। घटना के तुरंत बाद फायरब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। इस हादसे में छह मजूदरों की मौत हुई है। वहीं पांच मजदूर घायल हैं, जिनका इलाज बिलासपुर में चल रहा है। प्रभावित सभी मजदूर बिहार और झारखंड के रहने वाले हैं। सीएम विष्णुदेव ने हादसे पर दुख जताया और मृतकों को श्रद्धांजलि दी। घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। बताया जाता है कि भट्ठे के आस पास सफाई कार्य कर रहे मजदूरों की गर्म कोयले से झुलसने से छह मजदूरों की मौत हुई है। प्रत्यक्षदर्शी मजदूर जोगिंदर ने बताया कि करीब दस बजे की घटना है। हम हेल्पर का काम करते हैं। हम काम कर रहे थे। करीब दस बजे के आसपास धुआं दिखा। साहब लोगों ने बोला भागो भागो। हम भाग गए। हम 11 आदमी काम कर रहे थे। हम तीन बचे हैं बाकी के 8 नहीं मिल रहे हैं। वहीं रामस्वरूप ने बताया कि अचानक हमें बोला गया कि भागो-भागो। सब मजदूर अलग-अलग जगह हो गए। बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि निपनिया में इस्पात प्लांट में दुखद घटना हुई है। डस्ट सेटलिंग चैंबर, जिसका टेंपरेचर काफी हाई होता है उसमें से राख लीक होने के कारण नीचे काम कर रहे 6 श्रमिकों की मौत हो गई। पांच मजदूर घायल है, जिन्हें इलाज के लिए बिलासपुर हायर सेंटर भेजा गया है। मृतकों में सभी गया जिले के एक ही गांव के हैं। उनकी पहचान डुमरिया थाना क्षेत्र के गोटीबांध गांव निवासी श्रवण कुमार (22), राजदेव कुमार (22), जितेन्द्र भुइया (37), बदरी भुइया (42), विनय भुइयां (40), एवं सुंदर भुइयां (40) शामिल हैं। वहीं घायलों में इसी गांव के कल्पू भुइयां, देवरी निवासी रामू भुइयां के अलावा झारखंड के गढ़वा जिला अंतर्गत मेराल थाना क्षेत्र के राजहरा निवासी शबीर अंसारी, मुमताज अंसारी एवं शराफत अंसारी शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दारोगा भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा का खुलासा, चार गिरफ्तार

**शेखपुरा(नबिटा ब्यूरो)।** शेखपुरा में दरोगा भर्ती परीक्षा के दौरान एक बार फिर बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। पुलिस ने दूसरे अभ्यर्थी के बदले परीक्षा दे रहे एक 'मुन्ना भाई' समेत तीन लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरे गिरोह की मास्टरमाइंड एक महिला बताई जा रही है, जो नालंदा जिले की रहने वाली है।

### मद्य निषेध दारोगा के 78 पदों पर होगी बहाली

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग ने मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग में अवर निरीक्षक (दारोगा) के 78 पदों पर सीधी नियुक्ति का विज्ञापन प्रकाशित किया है। इस विज्ञापन के अंतर्गत अभ्यर्थियों से 27 जनवरी से 27 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन लिए जायेंगे। बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग से मिली जानकारी के मुताबिक इन पदों के लिए स्नातक या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। यह गणना 01 अगस्त 2025 के आधार पर की जायेगी।

### पटाखा ब्लास्ट से युवक की मौत

**सीवान(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यक्रम स्थल से कुछ ही दूरी पर जोरदार धमाके से इलाके में हड़कंप मच गया। इस धमाके में कई लोग घायल हो गए जबकि एक व्यक्ति की मौत हो गई। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज लगभग दो किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। यह विस्फोट मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल से करीब 7 किलोमीटर दूर हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बादराम गांव में हुआ। घटना में एक व्यक्ति की जान चली गई। उसका शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। मृतक की पहचान बादराम गांव निवासी मुर्तुजा अंसारी के रूप में की गई है।

### सीएम नीतीश ने दी बसंत पंचमी की बधाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है। उन्होंने कहा कि लोग पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ ऋतुराज बसंत के आगमन पर ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा एवं आराधना करते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में ज्ञान का प्रकाश तेजी से फैलेगा और राज्य अपने पुराने गौरवशाली इतिहास को प्राप्त करने में सफल होगा। मुख्यमंत्री ने लोगों से आह्वान किया कि वे पारस्परिक सौहार्द्र के साथ बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजा मनायें।

## गहरी खाई में गिरा सेना का वाहन, 10 जवानों की जान गई, 10 घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में हुए सड़क हादसे में सेना के दस जवानों की जान चली गई जबकि 10 घायल हो गए। हादसा भद्रवाह-चंबा मार्ग पर खन्नी टॉप के पास हुआ। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि सेना की टीम गुरुवार सुबह एक ऑपरेशनल ड्यूटी के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान खन्नीटॉप के पास दुर्गम और तीव्र मोड़ पर वाहन अनियंत्रित होकर करीब 400 मीटर नीचे गहरी खाई में जा गिरा। वाहन में कुल 20 जवान सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही सेना, पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद राहत एवं बचाव कार्य चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि मौके पर ही 10 जवानों की जान चली गई 10 जवान घायल अवस्था में मिले। घायलों को पहले उप जिला अस्पताल भद्रवाह ले जाया गया जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें विशेष उपचार के लिए एयरलिफ्ट कर उधमपुर स्थित सेना के कमांड अस्पताल भेजा गया है। हादसे पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने घायल जवानों के सर्वोत्तम इलाज के निर्देश दिए हैं।

## सीएम नीतीश की समृद्धि यात्रा का दूसरा चरण 27 जनवरी से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का दूसरा चरण 27 जनवरी से शुरू होगा। मंत्रिमंडल सचिवालय ने इस संबंध में गुरुवार को आदेश जारी कर दिया है। इसके अनुसार 27 जनवरी को समृद्धि यात्रा के दूसरे चरण के पहले दिन मुख्यमंत्री मधुबनी जाएंगे। 28 को दरभंगा और 29 को समस्तीपुर में उनकी यात्रा होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय ने संबंधित जिलाधिकारियों को इस कार्यक्रम की समय पर आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया है। सरकार के निर्देश के अनुसार योजनाओं के स्थल निरीक्षण के क्रम में संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव मौजूद रहेंगे।

## सीएम नीतीश ने सीवान को दी 202 करोड़ की सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के क्रम में सीवान जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली और कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मैरवा में नवनिर्मित सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मैरवा के प्रांगण में सीवान जिले की 202 करोड़ रुपये की लागत से कुल 71 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 157 करोड़ रूपये की 40 योजनाओं का शिलान्यास एवं 45 करोड़ रुपये की 31 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है।



मुख्यमंत्री ने राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मैरवा के प्रांगण में विभिन्न विभागों द्वारा सीवान जिले में संचालित विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को सांकेतिक चेक, स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री द्वारा तेल प्रसंस्करण इकाई हेतु सूर्यान्स एफपीओ को 9 लाख 90 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही फार्म मशीनरी बैंक के लिए मुकेश कुमार, ग्राम कयलगढ़ बढ़ेरिया को 8 लाख रुपये की अनुदान राशि का चेक प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त झोपड़ी मशरूम इकाई हेतु धर्मेंद्र राम को 89,750 रुपये की अनुदान राशि प्रदान की गई।

## बिहार में तय होगी बैंकों की रैंकिंग : वित्त मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने राज्य में बैंकों के कामकाज की प्रभावी निगरानी के लिए उच्च स्तरीय समिति के गठन की घोषणा की है। इस समिति की अध्यक्षता विकास आयुक्त करेंगे। गुरुवार को आयोजित राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की 95वीं बैठक को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य के समग्र विकास में बैंकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उन्हें अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाना होगा। उन्होंने विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में बैंकों की उदासीनता पर चिंता जताई और बैंकों से बिहार के विकास में सक्रिय योगदान देने की अपील की। बैठक में कृषि, उद्योग, डेयरी एवं पशुपालन मंत्री समेत कई वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद थे। वित्त मंत्री ने बताया कि राज्य में कार्यरत प्रत्येक बैंक की रैंकिंग की जाएगी। इसके लिए 100 अंकों का पैमाना तय किया गया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों के आधार पर अलग-अलग अंक दिए जाएंगे। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि न्यूनतम 40 अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। जो बैंक तय मानक से कम प्रदर्शन करेंगे, उन्हें सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा, उनकी काली सूची बनाई जाएगी और सरकारी धन जमा नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बैंकों के साथ सहयोग की नीति अपनाएगी। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बैंकों को प्रोत्साहन मिलेगा, जबकि लोन रिकवरी में सभी बैंकों को सरकार की ओर से आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने बताया कि बैंकों की रैंकिंग और मूल्यांकन के लिए विस्तृत फॉर्मेट तैयार कर लिया गया है, जिसे सभी बैंकों को उपलब्ध कराया जाएगा। जनवरी माह तक की उपलब्धियों के आधार पर 11 बैंक 40 अंकों से अधिक हासिल कर चुके हैं, जबकि 23 बैंक 40 अंक से भी कम पर रहे हैं।









## राज्य में दंपति संपर्क सप्ताह 23 फरवरी से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य में जनसंख्या स्थिरीकरण और परिवार नियोजन साधन की सर्वव्यापक उपलब्धता के लिए 23 फरवरी से पांच मार्च तक दंपति संपर्क सप्ताह चलेगा। साथ ही छह से 20 मार्च तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत सेवाओं के प्रति आमजन में जागरूकता और योग्य दंपतियों को इच्छित सेवा प्रदान करना है। आमजन में जागरूकता लाने के लिए आशा, आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदी, विकास मित्र आदि की भागीदारी रहेगी। अभियान के बेहतर प्रबंधन और अन्य विभागों से समन्वय को जिलास्तर पर डीएम की अध्यक्षता में बैठक होगी। जिला से स्वास्थ्य उपकेंद्र तक परिवार कल्याण सामग्रियों की आपूर्ति मुफ्त औषधि वाहन से होगी।

# उद्योग मंत्री से मिले भारतीय विदेश सेवा 2025 बैच के प्रशिक्षु अधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारतीय विदेश सेवा के 2025 बैच के 5 प्रशिक्षु अधिकारियों का बिहार भ्रमण के दौरान उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें राज्य में औद्योगिक विकास, निवेश के अवसरों तथा उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी गई। उद्योग विभाग के मुख्यालय में उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से बातचीत करते हुए कहा कि बिहार तेजी से उभरता हुआ निवेश गंतव्य बन रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार उद्योगों के लिए पारदर्शी नीतियां, बेहतर बुनियादी ढांचा और उद्यम-अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रशिक्षु पदाधिकारियों को उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार द्वारा पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बिहार के औद्योगिक परिदृश्य का समग्र परिचय दिया गया। प्रस्तुतीकरण में औद्योगिक नीति, प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों, एमएसएमइ एवं स्टार्टअप इकोसिस्टम, निवेश प्रोत्साहन योजनाओं तथा आगामी परियोजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। प्रशिक्षु अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा के माध्यम से यह समझा कि किस प्रकार बिहार में स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग, कौशल विकास और नवाचार के जरिए रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने राज्य की औद्योगिक विकास रणनीति में विशेष रुचि व्यक्त की। भारतीय विदेश सेवा के 2025 बैच के प्रशिक्षु अधिकारी बिहार सरकार के साथ 19 से 23 जनवरी तक आयोजित एक समग्र अभिमुखीकरण कार्यक्रम के तहत बिहार भ्रमण पर हैं। यह कार्यक्रम सुषमा स्वराज विदेश सेवा संस्थान, नई दिल्ली के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य राज्य को बेहतर रूप से समझने के साथ-साथ औद्योगिक विकास, निवेश अवसरों, नवाचार एवं रोजगार सृजन की संभावनाओं से अवगत कराना है।

### एनटीपीसी कांटी सीपेट हाजीपुर में चार माह का प्रशिक्षण संपन्न

# 16 प्रशिक्षुओं को मिला रोजगार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** एनटीपीसी कांटी के सहयोग से केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, हाजीपुर में संचालित चार माह के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस अवसर पर आयोजित समापन एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह में प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके सभी अभ्यर्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी कांटी की सीएसआर पहल के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह चार माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 सितंबर 2025 को प्रारंभ हुआ था। अभ्यर्थियों का चयन विधिवत चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया तथा पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम का व्यय एनटीपीसी द्वारा सीएसआर फंड के अंतर्गत वहन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को उद्योगोन्मुख तकनीकी ज्ञान एवं व्यावहारिक कौशल से सशक्त बनाना था, ताकि वे पेट्रोकेमिकल्स एवं संबद्ध क्षेत्रों में बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। प्रशिक्षण के सफल समापन के उपरांत सभी 16 प्रशिक्षुओं का विभिन्न कंपनियों में चयन होना इस पहल की उल्लेखनीय सफलता को दर्शाता है। समापन समारोह के दौरान उमेश कुमार, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) एवं महेश कुमार सुथार, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने सभी अभ्यर्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल करियर के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रम युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उद्योग की बढ़ती मांगों के अनुरूप कुशल मानव संसाधन तैयार करने में सहायक सिद्ध होते हैं।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर एमसीए कांफ्रेंस हॉल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के मार्गदर्शन में किया गया जिन्होंने नेताजी के जीवन, आदर्शों एवं राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. रवि कुमार, डॉ. अनिल कुमार एवं डॉ. मनीता कुमारी द्वारा किया गया। प्रथम स्थान अमिषा सिन्हा एवं रिया कुमारी, द्वितीय स्थान अमन राज साहनी तथा तृतीय स्थान अनन्या राय एवं सुहानी कुमारी को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का समन्वय सपना कुमारी, सचिन राज एवं रितिका कुमारी द्वारा डॉ. अमित कुमार (बर्सर) एवं विशाल विजय (एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी) के पर्यवेक्षण में किया गया। महाविद्यालय के विभिन्न विभागों से राहुल अमृतराज, स्वर्णा कुमार, सीमा कुमारी, अशोक कुमार सॉ तथा आलोक कुमार सहित अन्य शिक्षकगणों की उपस्थिति रही जिनके सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# मशरूम से आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिख रहा बिहार : राम कृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने बताया कि बिहार में मशरूम उत्पादन निरंतर प्रगति की दिशा में अग्रसर है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में जहां राज्य का कुल मशरूम उत्पादन 35 हजार मीट्रिक टन था, वहीं 2023-24 में यह बढ़कर 42 हजार मीट्रिक टन हो गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में यह उत्पादन और बढ़कर लगभग 44 हजार 930 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि यह सतत वृद्धि बिहार की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में मशरूम उत्पादन के बढ़ते महत्व और संभावनाओं को दर्शाती है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि देश के कुल मशरूम उत्पादन में बिहार का योगदान लगभग 12 प्रतिशत है जिससे राज्य इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। बिहार सरकार द्वारा संचालित मशरूम उत्पादन योजना के प्रभावी एवं सतत क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप राज्य में मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। यह प्रगति किसानों की आय में वृद्धि, पोषण सुरक्षा के सुदृढ़ीकरण तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आज मशरूम उत्पादन बिहार की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में कम लागत, अधिक आय और रोजगार सृजन की क्षमता वाले एक मजबूत, टिकाऊ एवं भविष्यन्मुखी विकल्प के रूप में उभर कर सामने आया है। मंत्री ने बताया कि योजना के अंतर्गत अनुदान, आधारभूत संरचना, प्रशिक्षण तथा कृषि विश्वविद्यालयों के तकनीकी सहयोग से किसानों एवं उद्यमियों को वैज्ञानिक पद्धति से मशरूम उत्पादन के लिए सक्षम किया जा रहा है। कम भूमि, अल्प निवेश और कम समय में नियमित आमदनी देने वाली यह गतिविधि छोटे एवं सीमांत किसानों, भूमिहीन परिवारों, महिलाओं तथा ग्रामीण युवाओं के लिए घर के पास रोजगार का सशक्त माध्यम बन रही है।

उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर, पटना, नालंदा, गया, वैशाली एवं पश्चिम चंपारण जिले मशरूम उत्पादन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित हो रहे हैं। इन जिलों में उत्पादित मशरूम स्थानीय बाजारों के साथ-साथ पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तर प्रदेश एवं नेपाल जैसे पड़ोसी देशों तक भेजे जा रहे हैं जिससे किसानों को बेहतर बाजार और उचित मूल्य प्राप्त हो रहा है। कृषि मंत्री ने यह भी कहा कि मशरूम उत्पादन से ग्रामीण परिवारों को कई स्तरों पर लाभ मिल रहा है। कम जगह में परिवार श्रम आधारित एवं महिला-हितैषी घरेलू उद्यम के रूप में इसे अपनाया जा रहा है। धान एवं गेहूं के भूसे जैसे कृषि अवशेषों के उपयोग से लागत में कमी आ रही है और 'कचरा से कमाई' की अवधारणा को बढ़ावा मिल रहा है। मुख्य खेती के साथ पूरक आय के रूप में यह गतिविधि तेज नकदी प्रवाह सुनिश्चित कर रही है जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य एवं दैनिक आवश्यकताओं पर खर्च करना आसान हो रहा है। साथ ही छंटाई, पैकिंग, भंडारण, परिवहन एवं प्रसंस्करण के माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आत्मनिर्भर बिहार की परिकल्पना के अनुरूप राज्य सरकार मशरूम उत्पादन को ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ बना रही है।

# 23 फरवरी से 20 मार्च तक मनेगा मिशन परिवार विकास अभियान : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग राज्य में जनसंख्या स्थिरीकरण और परिवार नियोजन साधन की सर्वव्यापक उपलब्धता के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए 23 फरवरी से 5 मार्च 2026 तक दम्पत्ति सम्पर्क सप्ताह एवं 6 मार्च से 20 मार्च 2026 तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा जिसके अंतर्गत राज्य में परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध सेवाओं के प्रति आमजन में जागरूकता उतपन्न करना एवं योग्य दम्पत्तियों को इच्छित सेवा प्रदान करना है। अभियान के प्रति समुदाय स्तर पर आमजन को उत्प्रेरित करने में आशा, आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदी, विकास मित्र आदि की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। श्री पांडेय ने कहा कि अभियान के बेहतर प्रबंधन एवं अन्य विभागों से समन्वय हेतु जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आईसीडीएस, जनप्रतिनिधि, जीविका और महादलित विकास मिशन के जिला स्तरीय पदाधिकारी सलाहकार एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी सलाहकार के साथ समन्वय बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर से स्वास्थ्य उपकेंद्र स्तर तक परिवार कल्याण सामग्रियों की आपूर्ति मुफ्त औषधि वाहन से सुनिश्चित की जाएगी। अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सह कैंप मैनेजर, स्वास्थ्य संस्थान के हेल्थ मैनेजर, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक एवं परामर्शी के सहयोग तथा आयुष एमओ, सीएचओ, स्टाफ नर्स, एएनएम, आशा फैसिलिटेटर एवं आशा से समन्वय स्थापित कर प्रत्येक एफडीएस, कैंप प्लान में सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ न्यूनतम 15 एवं अधिकतम 30 लाभार्थियों को बंध्याकरण, नसबंदी सेवा उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। श्री पांडेय ने कहा कि आम जन में जागरूकता उतपन्न करने उद्देश्य से ई रिक्शा के माध्यम से प्रत्येक प्रखंडों में 5 दिन (01 मार्च से 8 मार्च 2026, होली अवकाश छोड़कर) प्रचार प्रसार किया जाएगा। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में सास बहू बेटी सम्मेलन का आयोजन कराया जाएगा। बंध्याकरण, नसबंदी सेवा प्राप्त किए हुए लाभार्थियों को सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उनके घर तक निशुल्क प्रदान किया जाएगा।

## जन-जन तक संस्कृत विस्तार ही देवी सरस्वती की सच्ची आराधना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** वसंतोत्सव एवं सरस्वती पूजा को लेकर दस दिनों तक लगातार देश भर में संस्कृत की ज्ञान धारा प्रवाहित हो रही है। विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों से लेकर विभिन्न विद्यालयों और संस्थानों, विधिविशेषज्ञों, प्रशासनिक क्षेत्र के संस्कृतज्ञों एवं विद्वान वक्ताओं के परस्पर हुए संस्कृत संवाद व वन्दना में सरस्वती को ज्ञानदात्री बताया गया। अवसर था बिहार संस्कृत संजीवन समाज पटना एवं आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान अंतर्गते दशदिवसीय अंतर्जालीय महादेवी सरस्वती संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण संभाषण शिविर के समापन समारोह का वक्ताओं ने सर्वत्र संस्कृतं का संकल्प दोहराते हुए कहा कि घर-घर और जन-जन तक संस्कृत विस्तार ही देवी सरस्वती की सच्ची आराधना है।

### क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

# 'यात्री सुविधा' हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : छत्रसाल सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** पटना में क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 6 सांसदगण, 1 विधायक एवं जेड.आर.यू.सी.सी. के अन्य 38 सदस्यों ने भाग लिया एवं यात्री सुविधाओं में वृद्धि तथा जन-आकांक्षाओं से जुड़े मुद्दों के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये जिस पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा गंभीरता से विचार करने की बात कही गयी। आज की बैठक में सांसदगण उपेन्द्र कुशवाहा, डॉ. भीम सिंह, रामप्रीत मंडल, अशोक कुमार यादव, मनीष जायसवाल, सांसद श्रीमती शांभवी, विधायक रामनिवास शाह सहित क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के अन्य सदस्यगण ने पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में रेल अवसंरचना के विकास, यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी आदि के संबंध में अपना बहुमूल्य सुझाव दिए। माननीय सदस्यों ने रेलवे द्वारा की जा रही नई लाइनों के निर्माण, दोहरीकरण, स्टेशनों के पुनर्विकास जैसे आधारभूत संरचना के कार्यों में तेजी आने पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने वंदे भारत, अमृत भारत के साथ ही नई ट्रेनों के परिचालन एवं विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों के दिए गए ठहराव हेतु रेलवे का आभार व्यक्त किया। बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने सांसदगण, विधायक एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि हम उत्कृष्ट कार्य निष्पादन तथा कार्यक्षेत्र में दक्षता को बढ़ाकर इस क्षेत्रीय रेल को निरंतर आगे बढ़ाने की ओर सदा अग्रसर हैं और इस दिशा में 'यात्री सुविधा' हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। महाप्रबंधक ने कहा कि यात्री सेवाओं से संबंधित मामलों पर परामर्श, यात्री सेवाओं की गुणवत्ता तथा दक्षता में सुधार आदि के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों को यात्रियों के प्रति और ज्यादा अनुकूल एवं लाभदायक बनाने के लिए जेड.आर.यु.सी.सी. के सदस्यों द्वारा प्राप्त सुझाव काफी महत्वपूर्ण है। बैठक के अंत में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि हमने आपके बहुमूल्य सुझावों को नोट किया है जिससे हमें काफी मार्गदर्शन मिला है। महाप्रबंधक ने कहा कि प्राप्त सभी सुझावों पर समुचित कार्यवाही की जाएगी। अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने सभी सदस्यों को बैठक में अपना बहुमूल्य समय निकाल कर भाग लेने तथा सुझाव देने के लिए धन्यवाद दिया।

# अत्याधुनिक और बेहतरीन बना पटना जंक्शन के महावीर मंदिर की तरफ का पार्किंग

## 27 जनवरी 2026 से शुरू होगा यह प्रीमियम पार्किंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** दानापुर मंडल सदैव अपने यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखता है। नए जमाने के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हुए पटना जंक्शन के उत्तरी छोर पर महावीर मंदिर की तरफ की पार्किंग को एयरपोर्ट की तर्ज पर प्रीमियम पार्किंग के रूप में डेवलप किया गया है। यह अत्याधुनिक पार्किंग यात्रियों को स्टेशन तक पहुंचाने वाले वाहनों के बेहतरीन प्रबंधन के लिए कारगर सिद्ध होगा। इस पार्किंग में एयरपोर्ट के जैसे ही वाहनों के लिए एंट्री और एग्जिट पॉइंट पर इलेक्ट्रॉनिक पर्ची जारी की जाएगी जो वाहनों के आगमन एवं प्रस्थान का वास्तविक समय दर्ज करेगा एवं इसी पर्ची के आधार पर यात्रियों से निर्धारित शुल्क लिया जाएगा। वाहनों के आवागमन को नियंत्रित करने एवं आसान आवागमन के लिए इलेक्ट्रॉनिक बूम बैरियर की भी व्यवस्था की गई है। पटना जंक्शन के उत्तरी छोर पर महावीर मंदिर की तरफ बने इस प्रीमियम पार्किंग के लिए टैरिफ निम्नानुसार होंगे। दो पहिया वाहनों के लिए : 08 मिनट तक के लिए बिल्कुल निःशुल्क, 02 घंटे के लिए 20, 06 घंटे के लिए 25, 12 घंटे के लिए 30, 24 घंटे के लिए 40 एवं 24 घंटे से ज्यादा के लिए 50 प्रतिदिन के हिसाब से तथा मासिक शुल्क 1000 देना होगा। इसमें हेलमेट रखने की भी विशेष व्यवस्था की गई है जिसका शुल्क 24 घंटे के लिए 10 मात्र रखा गया है।

**चार पहिया वाहनों के लिए :** 08 मिनट तक के लिए बिल्कुल निशुल्क, 02 घंटे के लिए 80, 06 घंटे के लिए 200, 12 घंटे के लिए 350, 24 घंटे के लिए 400 एवं 24 घंटे से ज्यादा के लिए 500 प्रतिदिन के हिसाब से। इस पार्किंग शुल्क में देय जीएसटी भी शामिल है। दानापुर मंडल हमेशा अपने यात्रियों को एक बेहतरीन सुविधा देने के लिए प्रयासरत रहता है एवं आगे भी रहेगा। एयरपोर्ट की तर्ज पर बना यह नया प्रीमियम पार्किंग यात्रियों को एक नया एवं बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगा।

**-अभिनव सिद्धार्थ (वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दानापुर)**

# 28 को जूनागढ़ जायेंगे पर्वतारोही



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन के पर्वतारोही गुजरात के जूनागढ़ गिरनार पर्वत को फतह करने के लिए 28 जनवरी को पटना से रवाना होंगे। फाउंडेशन के निदेशक देवानंद ने बताया कि गिरनार पर्वतारोहण के लिए महिला और पुरुष वर्ग के पर्वतारोही पर्वतारोहण में भाग लेंगे। महिला वर्ग के टीम लीडर ओम केशव सिंह कृति एवं पुरुष वर्ग का अंकित कुमार गुप्ता को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए हर पंचायत में खेल क्लब का गठन किया जा रहा है। मेडल लाओ नौकरी पाओ अभियान से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा है। फाउंडेशन खेल कूद को बढ़ावा देने के लिए पंचायत से लेकर राज्य स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित करेगा। टीम में दिव्या, समीर, ओम समेत दो दर्जन पर्वतारोही शामिल हैं।

# आरसीपी सिंह की जदयू में वापसी को लेकर आंदोलन करेगा पटेल परिवार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री आरसीपी सिंह की जदयू में वापसी कराने के मुद्दे को लेकर पटेल समाज एकजुट हो गया है। पटेल समाज से जुड़े कई संगठनों ने इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने व आंदोलन करने की बात कही है। पटेल समाज कई संगठनों को मिलकर बने पटेल परिवार की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में पटेल परिवार के संयोजक अखिल भारतीय धानुक महासंघ के अध्यक्ष शंकर प्रसाद, सम्राट अशोक फाउंडेशन के अध्यक्ष निरंजन कुशवाहा, कर्मी विकास परिषद के महासचिव सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, अखिल भारतीय कुर्मी सेना के अध्यक्ष जितेन्द्र पटेल, कुर्मी जागरण मंच के अध्यक्ष राजेश कुमार एवं अखिल भारतीय कुर्मी सेना के उपाध्यक्ष भूषण सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि जब जदयू छोड़ने के बाद पूर्व सांसद अरुण कुमार, लवली आनंद, आनंद मोहन, श्याम रजक, मंजीत सिंह, उपेन्द्र कुशवाहा, अनंत सिंह, रमेश कुशवाहा, अजीत कुमार सहित दर्जनों नेता की पुर्नवापसी हो सकती है तो फिर पूर्व केन्द्रीय मंत्री व जदयू के संगठनकर्ता आरसीपी के जदयू में आने से क्या विवाद है जब केन्द्रीय मंत्री 2010 में पार्टी में रहकर कांग्रेस की मुखबिरी करते हुए मुख्यमंत्री जी के पेट में दांत होने और फिर उसे ऑपरेशन कर निकालने की बात कहने के बाद फिर से जदयू में आ सकते हैं तो आरसीपी सिंह तो गत 11 जनवरी को मुख्यमंत्री को अभिभावक बताकर माफी मांगने की बात कर रहे हैं। इन नेताओं ने कहा कि इस मसले को लेकर जल्द ही उनका प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर उनकी वापसी का आग्रह करेगा और जरूरत पड़ने पर आंदोलन को तेज करते हुए एक दिवसीय धरना का भी आयोजन करेगा।

# सिप्ला ने जागरूकता फैलाने के लिये शुरू किया इनहेल द चेंज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सिप्ला ने इनहेल द चेंज शुरु किया है। यह बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन के साथ एक देशव्यापी जागरूकता पहल है। इसका मकसद इंसुलिन थेरेपी से जुड़ी भावना और व्यवहार संबंधी दिक्कतों को दूर करना है। डायबिटीज भारत की सबसे बड़ी जन स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है। इसकी वजह से लोग लंबे समय तक बीमार रहते हैं और यह मौत का कारण भी बनता है। भारत में 10 करोड़ से ज्यादा लोग इस बीमारी से जूझ रहे हैं। इसलिए देश को अक्सर दुनिया की डायबिटीज राजधानी कहा जाता है। यह चिंता की बात है कि सिर्फ 27.5 प्रतिशत लोगों को अपनी हालत के बारे में पता है और सिर्फ 7 प्रतिशत लोगों का ब्लड शुगर कंट्रोल में है। यह संख्या न सिर्फ चिकित्सीय चुनौती बताती है बल्कि उन मरीजों की रोज की मुश्किलें भी दिखाती हैं जो डर, बदनामी या अपनी स्थिति तथा इलाज के उपलब्ध विकल्पों को लेकर जागरूकता की कमी के कारण देरी करते हैं या इनका उपयोग छोड़ देते हैं। वास्तविक जीवन की इन बाधाओं को दूर करने की जरूरत पर जोर देते हुए सलाहकार एंडोक्रिनोलॉजिस्ट डॉ. नीरज सिन्हा ने कहा समय पर इंसुलिन लेना शुरू करना गेम-चेंजर हो सकता है, लेकिन कई मरीज डर, गलत जानकारी या बहुत ज्यादा भावनात्मक थकान की वजह से हिचकिचाते हैं।

# लिटिल एंजिल्स प्ले स्कूल में खेल दिवस का आयोजन

### पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह ने किया बच्चों को पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह के दिशा निर्देश में रेलवे कॉलोनी, हाजीपुर स्थित लिटिल एंजिल्स प्ले स्कूल में खेल दिवस का आयोजन किया गया। स्कूल में पढ़ने वाले सभी बच्चों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लिया गया। सफल बच्चों को इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में काफी उत्साहपूर्वक एवं आनंद के साथ भाग लिया गया। बच्चों को उपहार स्वरूप बिस्कुट, चिप्स, चॉकलेट एवं फ्रूटी भी दिया गया। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा रंजना कुमार, सचिव मीनाक्षी कुमार, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह, स्कूल इंचार्ज प्रीति झा, पूनम श्रीवास्तव, नेहा सिंह एवं संगठन की अन्य सदस्याएं उपस्थित थीं। अध्यक्षा सुनीता सिंह के द्वारा विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को प्रारंभिक शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया जिसके फलस्वरूप वो अपने भविष्य को संवार सके। ज्ञात हो कि पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर द्वारा संचालित लिटिल एंजिल्स प्ले स्कूल, रेलवे कॉलोनी तथा उसके आसपास रहने वाले परिवार के बच्चों के लिए काफी लोकप्रिय हो रहा है।

### डीएम की अध्यक्षता में उद्योग वार्ता के तहत स्टार्टअप संवाद कार्यक्रम का आयोजन

# रोजगार सृजन को बढ़ावा देने को लेकर व्यक्त की प्रतिबद्धता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी के कार्यालय में गुरुवार को उद्योग वार्ता एवं इज ऑफ डुईंग विजनेस अन्तर्गत स्टार्टअप संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी द्वारा की गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त रोहतास के अतिरिक्त महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, जिला बैंक समन्वयक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, बिहार ग्रामीण बैंक, केनरा बैंक, रोहतास एवं स्टार्टअप सेल के




समन्वयक नीतीश कुमार दूबे उपस्थित थे। बैठक में जिलादाधिकारी द्वारा सभी स्टार्टअप संस्थापकों से उनका परिचय, कार्यप्रणाली, वर्तमान स्थिति एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली गयी। जिलाधिकारी द्वारा उनकी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया और उनके समाधान हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा नवाचार आधारित उद्यमों को प्रोत्साहित करने एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी। उन्होंने बताया कि बिहार स्टार्टअप नीति के तहत सरकार द्वारा अब 25 लाख तक की सहायता देने हेतु कार्रवाई की जा रही है। कार्यक्रम संपन्न होने के उपरान्त सभी स्टार्टअप संस्थापक जिला उद्योग केन्द्र, रोहतास में पहुंचकर महाप्रबंधक से सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर स्टार्टअप संस्थापक धर्मेन्द्र कुमार, सुमित कुमार, राकेश कुमार, लोकरंजन, आदित्य कुमार एवं मनोज राज उपस्थित थे।

## छात्र लगन और मेहनत से शिक्षा ग्रहण करें : डा. राकेश झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण नर्सिंग कालेज के तत्वावधान में जी एन एम 14वें बैच और बीएससी नर्सिंग नवीं बैच का लैंप लाइटिंग कार्यक्रम देव मंगल सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ट्रेंड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया की अध्यक्ष डॉक्टर एनी कुमार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में झपाईगो, बिहार के सीनियर प्रोग्राम मैनेजर डॉक्टर राकेश कुमार झा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह, प्रतिकुलाधिपति गोविंद नारायण सिंह, कुलपति डॉ जगदीश सिंह, कुलाधिपति के सलाहकार डॉक्टर महेंद्र कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक सुदीप कुमार सिंह आदि ने नर्सिंग के नवागंतुक बैच को अपने



सुविचारों से अवगत कराया। कार्यक्रम के आरंभ में नारायण नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर के. लता ने सभी आगत अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर एनी कुमार ने नर्सिंग छात्रों को यह प्रोफेशन चुनने के लिए बधाई दी एवं उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आपने जिस राह को चुना है उसमें चुनौतियां बहुत हैं, लेकिन सभी को पार करते हुए सेवा की भावना को जगाए रखना है। विशिष्ट अतिथि डॉ राकेश कुमार झा ने छात्रों को लगन और मेहनत से शिक्षा ग्रहण करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने छात्रों को अनुशासित रहने तथा सेवा भावना के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने पर बल दिया तथा उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को गोविंद नारायण सिंह, डॉक्टर जगदीश सिंह, डॉक्टर महेंद्र कुमार सिंह आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में नारायण नर्सिंग कॉलेज की उपप्राचार्या डॉक्टर श्वेता शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग छात्रों ने हाथ में लैंप लेकर आजीवन सेवा करने की शपथ ली तथा ईमानदारी पूर्वक अपने कार्यों के निर्वहन हेतु जीवन समर्पण की भावना को व्यक्त किया। लैंप लाइटिंग शिरोमणि के बाद नर्सिंग छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया।

## महिला कॉलेज डालमियानगर में स्वास्थ्य के प्रति लोगों को किया जागरुक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** महिला कॉलेज डालमियानगर में आयोजित दो दिवसीय इंटरनेशनल सेमिनार के दूसरे दिन के सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर राम कृष्ण ठाकुर ने किया। महाविद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गान के साथ मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ अलका, प्राचार्या, साइंस कॉलेज पटना और विजय लक्ष्मी, प्राचार्या, गंगा देवी महिला कॉलेज, पटना की गरिमामयी उपस्थिति रही। महिला कॉलेज डालमियानगर, डिहरी-ऑन-सोन के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ अलका और डॉ विजय लक्ष्मी



को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर महिला कॉलेज के आचार्यों डॉ पुष्पा महाराज, मधुरिमा मिश्रा, डॉ शांभवी और डॉ स्मिता सोनी ने किया। इस अवसर पर आरसीयू के कुलपति डॉ एस के शर्मा, डॉ. देवाशीष मंडल, कुलसचिव, आर सी यूनिवर्सिटी, पलामू और झारखंड में पुलिस उपाधीक्षक अवध जी की गरिमामयी उपस्थिति हुई। आज के तकनीकी सत्र में डॉ अलका और डॉ विजय लक्ष्मी ने सेमिनार के विषय पर्यावरण, स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन और समाज विषय पर सारगर्भित और बौद्धिक परिचर्चा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर तकनीकी सत्र में ऑनलाइन माध्यम से प्रासंगिक विषय पर प्रोफेसर अमर कुमार सिंह, प्राचार्य, कोऑपरेटिव कॉलेज जमशेदपुर ने आज की परिचर्चा को समृद्ध किया। डॉ ओसामा रवाडे, सऊदी अरब, मिसिज जयंती, सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर, लन्दन प्रोफेसर विकास चंद्र पाल, बांकुरा विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल ने प्रकृति के दोहन और भविष्य में आने वाले पर्यावरणीय संकट के प्रति सचेत किया। उन्होंने अपने व्याख्यान के माध्यम से जीवन शैली, खान-पान और स्वास्थ्य के प्रति लोगों को सजग करने के लिए आवाहन किया। आज का प्रातःकालीन सत्र ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, खेती में रासायनिक उपयोग विकास की आपा धापी में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और बेतरतीब खड़े किए जा रहे कांक्रीट के जंगलों के प्रति जन समुदाय को सजग किया बौद्धिक विमर्श में एक नवीन अध्याय जोड़ दिया। आज के सत्र का समन्वय डॉ उपासना और नीतू रानी ने किया। तकनीकी सहयोग डॉ अनुराधा यादव, डॉ तिलोक मंडल, सूरज और आइटी वर्ल्ड के केतन मिश्रा ने किया।

### जहां कभी जंगल और पत्थर थे, आज वहां लहलहाती खेती : महादेवा गांव की सफलता कहानी

## 150 एकड़ जंगली जमीन को बना दिया खेती योग्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** मेहनत में ईमानदारी हो तो पत्थर भी सोना उगल सकता है। ऐसा कुछ साबित किया है रोहतास जिला अंतर्गत आने वाले महादेवा गांव के करीब 100 से अधिक किसानों ने। इन ग्रामीणों ने सरकार से सहयोग मिलने के बाद अपनी कड़ी मेहनत से वर्षों से बंजर की तरह वीरान पड़ी पहाड़ी और जंगली जमीन को कृषि योग्य बना दिया है। इस जमीन पर आज न सिर्फ किसान अत्याधुनिक खेती कर लाखों की कमाई कर रहे हैं बल्कि वह तेजी के साथ आत्मनिर्भर भी बन रहे हैं। यह सब आज से सात साल पहले राज्य सरकार की शुरू महात्वाकांक्षी जल-जीवन-हरियाली योजना के तहत किसानों को प्राप्त सरकारी सहयोग से संभव हो पाया है। बिहार के रोहतास जिला अंतर्गत जमुहार पंचायत का महादेवा गांव आज बिहार और दूसरे राज्यों के लिए एक मिसाल बन गया है। यहां के किसानों को जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत ड्रिप (टपक) और स्प्रींकलर इरिगेशन (फुहार सिंचाई) से अत्याधुनिक खेती के लिए प्रेरित किया गया। आर्थिक बदहाली और बेरोजगारी की दंश झेल रहे करीब 100 किसानों ने जंगल में दशकों से बंजर की तरह खाली पड़ी जमीन पर टपक विधि से सिंचाई कर तरबूज और खरबूजा की खेती शुरू की। आज यह खेती महदेवा के साथ आसपास के क्षेत्रों में एक आंदोलन का रूप धारण कर चुका है। किसानों का मानना है कि वह तरबूज और खरबूजा की खेती से प्रति एकड़ एक से डेढ़ लाख तक का मुनाफा आसानी से कमा ले रहे हैं। सरकार की ओर से बोरवेल सबमर्सिबल पंप का तोहफा मिलने के बाद गांव के 15 किसानों ने हाल ही में कलस्टर के रूप में स्ट्राबेरी की खेती शुरू की है। करीब 25 एकड़ भूमि में की जाने वाली इस खेती से किसान आज लाखों की कमाई कर रहे हैं। साथ ही यहां के किसान अब धान, गेहूं आदि फसलों का उत्पादन भी जैविक खाद के इस्तेमाल से ही कर रहे हैं। करीब 25 एकड़ भूमि में अत्याधुनिक तरीके से की जाने वाली सब्जी की खेती भी दूसरे गांव और जिलों के लिए एक प्रेरक कहानी बन चुकी है।

## सरस्वती पूजा पर अखंड पाठ का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** वसंत पंचमी के अवसर पर शैक्षणिक संस्थानों व सामाजिक स्थलों पर मां सरस्वती पूजन से पूर्व ही अखंड पाठ भक्तिमय वातावरण में शुरू है। मां सरस्वती पूजा को लेकर नगर परिषद बिक्रमगंज स्थित वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय धारूपुर में लगातार 11वें साल भी अखंड पाठ के साथ पूजन भक्तिमय वातावरण में शुरू हुई। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार मंदिर में स्थापित मां सरस्वती के समक्ष अखंड पाठ के पूजन करते हुए सुख-समृद्धि की दुआ किए। साथ ही उपस्थित छात्रों के अभिभावकों द्वारा माता सरस्वती की पूजा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गई जिसमें महाविद्यालय के बच्चों ने भी आस्था के साथ पूजा में भाग लिया। दूसरी तरफ अखंड पाठ पूजा में भाग लेते हुए भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय, धारूपुर शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. मनीष रंजन ने बताया कि हिंदू धर्म में मां सरस्वती की पूजा मुख्य रूप से वर्ष में दो बार बसंत पंचमी और शारदीय नवरात्रि के मुहूर्त में किया जाता है। नए साल में वसंत पंचमी 23 जनवरी शुक्रवार को है। सरस्वती पूजा 3 से 4 दिनों तक चलता है। मां सरस्वती की पूजा विद्या, बुद्धि और कला की प्राप्ति के लिए की जाती है।

## आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर में सरस्वती पूजा पर विशेष स्कॉलरशिप योजना की घोषणा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आरएसके पब्लिक स्कूल बस्तीपुर में सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा एक विशेष स्कॉलरशिप योजना की घोषणा की गई है। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि सरस्वती पूजा के दिन आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा में भाग लेने वाले छात्रों को बेहतरीन अवसर प्रदान किया जाएगा। विद्यालय निदेशक आनंद सिंह ने कहा कि जो छात्र स्कॉलरशिप परीक्षा में मात्र 20% अंक भी प्राप्त करेंगे, उन्हें भी नामांकन शुल्क में 100% तक की छूट दी जाएगी। यह पहल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और शिक्षा को सभी तक पहुंचाने के उद्देश्य से की गई है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार यह स्कॉलरशिप योजना आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं के लिए वरदान साबित होगी और अधिक से अधिक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जुड़ने का मौका मिलेगा। सरस्वती पूजा के इस दिव्य अवसर पर स्कूल ने बच्चों और अभिभावकों के लिए यह महत्वपूर्ण घोषणा कर उनकी प्रसन्नता में और वृद्धि कर दी है।

## आर्म्स एक्ट में अभियुक्त को एक वर्ष की साधारण सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** न्यायालय रिचा कश्यप जे.एम-1 अनुमंडल न्यायालय डिहरी ऑन सोन रोहतास की अदालत ने चुटिया थाना काण्ड सं. 52/13 के अन्तर्गत अभियुक्त दिनेश कुमार यादव पिता लखन यादव सा. मधुकुपिया थाना-चुटिया, रोहतास को धारा 25(1-बी)ए आर्म्स एक्ट के तहत एक वर्ष का साधारण कारावास तथा 5 हजार रु. का अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अर्थदण्ड की राशि न देने पर एक माह की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। सभी सजा साथ-साथ चलेगी। अभियोजन की ओर से सहायक अभियोजक सन्तोष कुमार पाण्डेय द्वारा पक्ष रखा गया।

## सरस्वती पूजा को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के बेलाव थाना द्वारा गुरुवार को सरस्वती पूजा को लेकर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। प्रखंड विकास पदाधिकारी दृष्टि पाठक एवं थाना प्रभारी चंद्रप्रभा के नेतृत्व में प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च बेलाव थाना से शुरू होकर बेलाव बाजार होते हुए नौहट्टा, पछेहरा, गंगापुर, बड़का गांव सहित प्रखंड के दर्जनों गांव से होकर गुजरा। सरस्वती पूजा को शांति, सौहार्द एवं भाईचारा माहौल में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। पुलिस ने लोगों से शांतिपूर्वक सरस्वती पूजा मनाने की अपील की। लोगों को निर्देश दिया कि डीजे का प्रयोग न करें। अश्लील गाना न बजाएं। साथ ही साथ पंडालों को विशेष सुरक्षित रखें। बेलाव थानाध्यक्ष चंद्रप्रभा ने बताया कि असामाजिक तत्व, पूजा में विघ्न डालने वाले, उपद्रव करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मौके पर एस आई मदन कुमार, एस आई प्रिंस राज, एस आई मोहम्मद फिरोज सहित पुलिसकर्मी एवं चौकीदार शामिल रहे।

## हिन्दी संवाद का सशक्त माध्यम, कार्यालय कार्य में हो अधिकाधिक उपयोग

### वर्तमान में नियमित किताब पढ़ने की आदत महत्वपूर्ण कौशल, बनाएगी ज्ञानार्जन और सशक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डीडीयू मंडल में राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग और प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक गुरुवार को मंडल कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने की। बैठक में मंडल में राजभाषा हिंदी के प्रयोग की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई तथा हिंदी में कार्य संस्कृति बढ़ाने हेतु विभिन्न सुझावों पर विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संकेत एवं दूरसंचार विभाग को प्रोत्साहित करते हुए राजभाषा



चल शील्ड प्रदान की गई। डीडीयू मंडल के राजभाषा विभाग की पत्रिका 'रेल मुक्ता' के अद्यतन अंक का विमोचन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों को सरकारी कार्य में अधिकाधिक हिंदी के प्रयोग हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि कार्यालय में अधिक से अधिक हिंदी का प्रयोग होते रहना चाहिए। हिंदी में कार्य करना हमारा नैतिक कर्तव्य एवं संवैधानिक दायित्व है। उन्होंने मंडल राजभाषा समिति को पत्रिका के विमोचन के लिए बधाई दी तथा इसे मंडल की गतिविधियों का आईना बनाने की अपेक्षा व्यक्त की। श्री मीना ने मंडल में उपलब्ध हिन्दी पुस्तकालयों के उपयोग को बढ़ावा देने पर भी विचार व्यक्त किया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पुस्तकालय के सहयोग से नियमित किताब पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने पर बल दिया।

## मोहम्मदगंज स्टेशन पर रांची-नई दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस का आज से ठहराव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** यात्रियों की सुविधा एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी सं. 12877/12878 रांची-नई दिल्ली-रांची गरीब रथ एक्सप्रेस का मोहम्मदगंज स्टेशन पर 23 जनवरी 2026 से प्रायोगिक तौर पर 2 मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है। इस ठहराव से सोननगर-गढ़वा रोड रेलखंड के अंतर्गत आने वाले मोहम्मदगंज एवं आसपास के क्षेत्रों के आम नागरिकों को अत्यधिक लाभ होगा। अब यात्रियों को पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन (डीडीयू), प्रयागराज, कानपुर, दिल्ली एवं रांची जैसे प्रमुख नगरों तक सीधी एवं सुविधाजनक यात्रा का अवसर प्राप्त होगा। 23 जनवरी 2026 से गाड़ी सं. 12877 रांची-नई दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस रात 22.49 बजे मोहम्मदगंज स्टेशन पहुंचेगी तथा 22.51 बजे आगे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी सं. 12878 नई दिल्ली-रांची गरीब रथ एक्सप्रेस प्रातः 03.36 बजे मोहम्मदगंज स्टेशन पहुंचेगी और 03.38 बजे आगे प्रस्थान करेगी। अब क्षेत्र के यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा हेतु निकटतम स्टेशन पर ही एक और ट्रेन सुविधा उपलब्ध होगी। इससे स्थानीय जनता को समय एवं संसाधनों की बचत होगी तथा रोजगार, शिक्षा एवं व्यापारिक गतिविधियों के लिए बड़े नगरों तक पहुंच आसान होगी।

## मरम्मति कार्य को लेकर शनिवार व रविवार को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** नारायणपुर ग्रिड में 33 केवी मेन बसबार मरम्मति का कार्य करने के कारण 24 जनवरी (शनिवार) को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक कार्यपालक अभियंता बिक्रमगंज उपेंद्र सिंह ने बताया कि ग्रिड से निकलने वाले, नोनहर, कोआथ, सकला, बिक्रमगंज, दावथ, सूर्यपुरा, नटवार, तरारी, संझौली की विद्युत आपूर्ति 10 बजे से 11 बजे तक पूर्ण रूप से बन्द रहेगी। उन्होंने बताया कि और फीडर का विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी साथ हीं नोनहर, तरारी, दावथ व नटवार फीडर 11 से 15 बजे तक बंद रहेंगी। उक्त अवधि में ग्रिड द्वारा रखरखाव व खराब इन्सुलेटर बदलने का कार्य किया जायेगा। साथ हीं नारायणपुर ग्रिड में 33 केवी मेन बसबार मरम्मति का कार्य करने के कारण 25 जनवरी (रविवार) को भी कोआथ, सकला, काराकाट, सूर्यपुरा, संझौली की विद्युत आपूर्ति 10 बजे से 15 बजे तक पूर्ण रूप से बन्द रहेगी। सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपना जरूरी काम निपटा लेंगे। मरम्मति के दौरान तकनीकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बिजली आपूर्ति बंद करने का निर्णय लिया गया है। इससे कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

## प्रज्ञा निकेतन पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह राजमताज का शुभारंभ

### छात्राओं ने अपने मनमोहक नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों से मचाया धमाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** सासाराम के आकाशवाणी रोड पुलिस-लाइन स्थित प्रज्ञा निकेतन पब्लिक स्कूल के परिसर में त्रिदिवसीय सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव समारोह राजमताज का शुभारंभ हुआ। विद्यालय के प्रबंधक इं. संजय त्रिपाठी, प्राचार्य, वरिष्ठ शिक्षक कृष्णकांत पांडेय, उमाशंकर पाठक, शीतल सिन्हा और सुषमा पांडे के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक इं. संजय त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यालय में बहुत महत्वपूर्ण होते हैं और छात्रों के समग्र विकास करते हुए विद्यालय की विविधता को बढ़ावा देते हैं। ऐसे कार्यक्रमों में अक्सर टीम वर्क और नेतृत्व की आवश्यकता होती है जिससे छात्रों के अंदर टीम वर्क और नेतृत्व करने का कौशल विकसित करने में मदद मिलती है। इस आयोजन के प्रथम दिन




जूनियर छात्राओं ने अपने मनमोहक नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों से धमाल मचाया।

वरीय शिक्षिका शीतल सिंह के निर्देशन में छात्राओं ने रैंपवॉक किया जिसमें छात्राओं के परिधान के साज सज्जा की कलात्मकता और मंच पर प्रदर्शन का अनूठा अंदाज अद्भुत और रोमांचक था। एकल नृत्य में समृद्धि, सान्या, स्मृति, सामूहिक नृत्य में अदिति, श्रेया सभ्यता, सान्या, शीतल, एकल गान में समृद्धि, सामूहिक गान में माही अनुष्का, पूर्णिमा, सेजल, सृष्टि, राज, शिवानी, राजलक्ष्मी, आयुषी दुबे, रिषिका, प्रिया, कॉमेडी में अदिति, कृति, आरोही, रैंप वाक में स्मृति, रिषिका, ज्योति, आर्या, नामस्वी, सान्या, ईस्था, जया और समृद्धि ने अपनी प्रस्तुति दी। सभी प्रस्तुतियों के प्रतिभागियों की दर्शकों ने खूब सराहना की और तालियों से उनका भरपूर उत्साहवर्धन किया।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई–निविदा सूचना**

No. MEMUGAYA-BULKRSP2526VSSR1, Date: 21.01.2026

व. म. या. अभि. (समाडी)/पू. मध्य रेल/डी डी यू. भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी सक्षम तथा इच्छुक ऐजेंसी/ठेकेदार से खुली ई–निविदा सं. MEMU GAYA-BULKRSP2526VSSR1 दिनांक : 20.01.2026 के लिए आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न है :–

कार्य का विवरण : Provision of CCTV system in 200 coaches of EMU/ MEMU/DMUs as per RDSO Spec. RDSO/ SPN/TC/106/2025, version 3.1 or latest . कार्य का अनुमानित मूल्य : ₹8,47,47,600/– रूपया आठ करोड़ सैंतालिस लाख सैंतालीस हजार छह सौ मात्र। धरोहर राशि : 5,73,700/–, रूपया पाँच लाख तिहतर हजार सात सौ मात्र। निविदा फॉर्म जमा करने तथा निविदा खुलने का समय तथा तिथि : ई–निविदा दिनांक 26.01.2026 से 09.02.2026 तक समय 15:00 बजे तक। वेबसाईट तथा सूचना बोर्ड जिस पर यह सूचना उपलब्ध रहेगी तथा निविदा फॉर्म खरीदने का पता : IREPS website - www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी इसके अतिरिक्त Manual offer स्वीकार्य नहीं किया जायेगा।

नोट:विस्तृत जानकारी हेतु कृपया निविदा फार्म देखें।

सहायक यांत्रिक अभियंता (टी.आर.एस.)/ मेमू शेड/पूमरे/गया

पीआर/1680/मेमू शेड गया/सी एण्ड डब्ल्यू/टी/25-26/40



**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

Tel :- 06562-231148 Email :- municipalcouncil.medininagar@gmail.com

ज्ञापांक .......................... **आम सूचना** दिनांक ........................

मेदिनीनगर नगर निगम अन्तर्गत सिंगल Use Plastic प्रतिबंधित है। सभी आम जनों को सूचित किया जाता है कि प्लास्टिक अवशिष्ट प्रबंधन संशोधन (नियम)– 2021 के अनुसार 120 Micron से कम मोटाई के प्लास्टिक के उत्पाद का आयात, भंडारण, वितरण– विक्रय एवं उपयोग दंडनीय अपराध की श्रेणी में रखा गया है।

प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम 2021 के नियम 4 (उपनियम–2) के द्वारा विभिन्न वस्तुओं का विनिर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री एवं उपयोग पर का निषेध किया गया है। जिसकी सूची निम्नलिखित हैः–

Sl.No. Banned Single Use Plastic item
1. Ear buds with plastic sticks 2. candy sticks
3.ice & cream sticks 4. plastic flags
5. Polystyrene [Thermocol] for decoration 6. Plastic and thermocol
7.Plates 8. Cups
9. Glasses 10. Cutlery such as
11.forks, spoons, knives 12. Stirrers
13.straw 14. trays

जुर्माना राशि का निर्धारण झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम 2021 द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जुर्माना राशि का निर्धारण निम्न प्रकार से किया गया हैः–

A. Retailer: Seizure of plastic bags/sheets: Minimum fine A-
Rs. 2,000/- (1 violation) Rs. 5,000/- (II violation)
Rs. 10,000/- (Third incident: seizure of trade documents thereafter.)

B. Street vendor: Seizure of plastic bags/sheets: Minimum fine B-
Rs. 200/- (I violation) Rs. 500/- (Il violation)
Rs. 1,000/- (Third incident: seizure of trade documents for violation thereafter.)

Penalty imposed will be the sum of minimum fine (as mentioned in subsection A and B) (as applicable) and the fine calculated against the amount of banned plastic seized.

| Sl. No. | Amount of Banned Plastic seized | Penalty Amount |
|---|---|---|
| 1 | Up to 1 kg 2 | Rs. 100.00/100gm |
| 2 | Form 1 kg to 5 kg | Rs. 1000.00 + Rs. 200.00/kg |
| 3 | Above 5 kg | Rs. 2000.00 + Rs. 100.00/kg |

Additional Penalty as per Section 15 (1) of EPA 1986 Section 15 (1) in The Environment (Protection) Act, 1986 can be imposed.

झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 की धारा– 455 के अधीन सरकार द्वारा अधिसूचित Revised Jharkhand Municipal Trade License Regulation-2017 के अधीन व्यापार करने हेतु निकाय से Municipal Trade License लिया जाना अनिवार्य है। यह License निर्धारित माप दण्ड शर्त एवं बन्धेज के अधीन निर्गत किया जाता है। यदि किसी भी प्रतिष्ठान के द्वारा Plastic Carry bag का उपयोग किया जाता है, तो यह सरकार के आदेश एवं Trade License के शर्त एवं बन्धेज के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। जो भी प्रतिष्ठान इस Plastic Carry Bag का उपयोग करते पाये जाते है, तो उन पर उल्लेखित जुर्माना राशि अधिरोपित करते हुए निर्गत Trade License को रद्द करने हेतु स्पष्ट अनुशंसा के साथ अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदित किया जाएगा एवं बिना Trade License के भवनों के गैर आवासीय उपयोग के जुर्म में झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम की धारा 466 (1) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए Seal करने की कार्रवाई की जायेगी।

सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 371436 (District)25-26*D

## एक नजर

### पुण्यतिथि पर श्रद्धा से याद किए गए जनसंघ काल के विधायक गौरीशंकर केसरी

**नवादा/नबिटा ब्यूरो**। शहर के जवाहर नगर स्थित आवास पर जनसंघ काल के विधायक रहे स्वर्गीय गौरीशंकर केसरी की 29वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजवल्लभ प्रसाद, भाजपा की प्रदेश मंत्री डॉ. पूनम शर्मा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रो. डॉ. विजय कुमार सिन्हा, विनय कुमार, संजय कुमार मुन्ना, शशि भूषण कुमार बबलू, नवीन कुमार सिन्हा छवि, कृष्णा प्रसाद, अवनिकान्त भोला, नंदकिशोर चौरसिया सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। इसके साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की भी भागीदारी देखने को मिली। इनमें मथुरा यादव, राजू यादव, कांग्रेस इंटक सेल के जिला अध्यक्ष मनीष कुमार, समाजसेवी मनीष कुमार सिन्हा, जदयू के निजाम खान कल्लू सहित कई अन्य लोग शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि गौरीशंकर केसरी जनसंघ के दौर में सादगी, ईमानदारी और निडर जननेतृत्व के लिए जाने जाते थे। उन्होंने विधायक रहते हुए क्षेत्र के विकास, सामाजिक समरसता और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य किया।
वक्ताओं ने यह भी कहा कि उनका जीवन और संघर्ष नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और दिवंगत आत्मा की शांति को संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

### सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण मनाने की अपील

**नगरनौसा (नालंदा)/नबिटा संवाददाता**। नगरनौसा थाना परिसर में सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता सीओ सत्येंद्र कुमार ने की। बैठक में जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोग तथा पूजा समितियों के सदस्य शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ सत्येंद्र कुमार ने कहा कि सरस्वती पूजा विद्या, ज्ञान और संस्कृति का पर्व है, जिसे आपसी भाईचारे और अनुशासन के साथ मनाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने पूजा पंडालों में धीमी आवाज में लाउडस्पीकर के उपयोग का निर्देश देते हुए डीजे और अश्लील गीतों पर पूर्ण प्रतिबंध की जानकारी दी। साथ ही सभी पूजा समितियों को लाइसेंस लेना अनिवार्य बताया गया। थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने कहा कि पूजा के दौरान कानून-व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात और विसर्जन व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा।

### छात्रावास जीवन में विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व का होता है विकास



**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, सिरदला में गुरुवार को वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ नवादा उप विकास आयुक्त नीलिमा साहू द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रावासीय जीवन में विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास होता है। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे के साथ रहकर छात्र जीवन में अनेक महत्वपूर्ण बातें सीखने को मिलती हैं, जो भविष्य में सफलता की मजबूत नींव तैयार करती हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। साथ ही लोक नृत्य एवं लघु नाटक के माध्यम से छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसकी उपस्थित अतिथियों द्वारा सराहना की गई।

### आठ साइबर अपराधी गिरफ्तार



**बिहारशरीफ/ नबिटा ब्यूरो**। कतरीसराय थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आठ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, इस दौरान पांच अन्य आरोपी फरार होने में सफल रहे, जिनकी पहचान पुलिस ने कर ली है और उनकी तलाश जारी है। राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने जवाहरचक गांव के पास छापेमारी कर छह साइबर ठगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। वहीं, सैदपुर गांव से दो अन्य साइबर अपराधियों को दबोचा गया। कार्रवाई के दौरान पांच ठग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से नौ मोबाइल फोन और ठगी के लिए इस्तेमाल की जा रही ग्राहकों के नाम-पते की सूची बरामद की है। पूछताछ में आरोपितों ने साइबर ठगी की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों की पहचान जवाहरचक गांव निवासी कुंदन कुमार, विकास कुमार, अखिलेश कुमार, टिंकू कुमार, रणवीर कुमार और धीरज कुमार, सैदपुर गांव के निप्पू कुमार तथा सरमेरा थाना क्षेत्र के मनीष कुमार के रूप में हुई है। इस कार्रवाई में गिरियक सर्किल इंस्पेक्टर सुमंत कुमार, गिरियक थानाध्यक्ष श्रीकांत कुमार, कतरीसराय थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार और पावापुरी ओपी प्रभारी गौरव कुमार सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# सरस्वती पूजा को लेकर डीएम-एसपी ने की बैठक, जिलेभर में कड़ी निगरानी के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बिहारशरीफ**। सरस्वती पूजा (23 जनवरी) और शब-ए-बारात (2 फरवरी) के मद्देनज़र जिले में विधि-व्यवस्था व शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिलाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में भीड़ नियंत्रण, पूजा पंडालों की व्यवस्था, जुलूस/विसर्जन मार्ग, यातायात प्रबंधन, अग्नि व विद्युत सुरक्षा, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग तथा असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण जैसे बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। डीएम ने निर्देश दिया कि जिलेभर में शत-प्रतिशत पूजा पंडालों का लाइसेंस जारी कर पूर्व निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए और अग्नि तथा विद्युत सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन कराया जाए। उन्होंने कहा कि शांति समिति और पूजा समिति संचालकों के साथ बैठक कर एसओपी की शर्तों का वाचन कराया जाए। सुरक्षा के मद्देनज़र समिति सदस्यों के आधार/पहचान पत्र और मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से लिए जाएं। डीएम ने स्पष्ट किया कि डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा, अश्लील गानों पर रोक होगी और भीड़ नियंत्रण के लिए सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। विसर्जन मानक रूट से ही होगा तथा जुलूस की ड्रोन से निगरानी और वीडियोग्राफी कराई जाएगी। एक्साइज विभाग को शराब व ड्रग्स की सप्लाई/सेवन पर सख्त निगरानी के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए बिहारशरीफ शहरी क्षेत्र में लगभग 600 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और नगर निगम स्थित ट्रिपल-आई से विशेष निगरानी हेतु टीम गठित की गई है। डीएम ने जुम्मे की नमाज के समय अतिरिक्त सतर्कता बरतने और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष चौकसी के निर्देश भी दिए। एसपी भारत सोनी ने कहा कि संवेदनशील व अति संवेदनशील स्थलों की पहचान कर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। गश्ती व्यवस्था सुदृढ़ होगी, मनचलों पर नजर रखी जाएगी और सोशल मीडिया की सतत निगरानी कर अफवाह फैलने से रोका जाएगा। विसर्जन स्थलों पर लाइटिंग, गहरे पानी से बचाव हेतु बैरिकेडिंग तथा जरूरत के अनुसार एसडीआरएफ तैनाती सुनिश्चित करने की बात भी कही गई। बैठक में नगर आयुक्त सहित सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की कि दोनों पर्व शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन या पुलिस को दें।

# छात्र के साथ मारपीट के आरोप में शिक्षिका निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिला शिक्षा विभाग ने कड़ा कदम उठाते हुए मध्य विद्यालय हिसुआ की शिक्षिका रजनी कुमारी को छात्र के साथ मारपीट और अनुचित आचरण के आरोप में निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई जिला शिक्षा पदाधिकारी नवादा द्वारा 18 दिसंबर 2025 को जारी आदेश के तहत की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 दिसंबर 2025 को छात्र के पिता द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि शिक्षिका ने छात्र के साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया और मामला सड़क पर आ गया। जांच के दौरान विद्यालय के बच्चों से पूछताछ में यह बात सामने आयी कि शिक्षिका द्वारा अक्सर धार्मिक टिप्पणी की जाती थी और पूर्व में भी छात्रों के साथ मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिक्षिका को निलंबित करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हिसुआ कार्यालय को मुख्यालय निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। साथ ही पूरे मामले की जांच के लिए कार्यक्रम पदाधिकारी को जांच पदाधिकारी नियुक्त किया गया है, जो 45 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपेंगे। आदेश की प्रति संबंधित अधिकारियों को भेज दी गई है। हालांकि बिहार सेवा नियमावली और शिक्षा विभाग के प्रावधानों के अनुसार, जब किसी शिक्षक को निलंबित किया जाता है, तो आदेश में ही उनके 'मुख्यालय' का निर्धारण कर दिया जाता है। नियम सामान्यत यह है कि निलंबन की अवधि में शिक्षक का मुख्यालय उनके कार्यरत विद्यालय या प्रखंड से अलग किसी अन्य प्रखंड के संसाधन केंद्र या जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में तय किया जाता है। जिसका उद्देश्य मुख्यालय बदलने का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि संबंधित शिक्षक जांच प्रक्रिया को प्रभावित न कर सके और कार्यस्थल के अभिलेखों से छेड़छाड़ न हो। लेकिन उक्त शिक्षक को हिसुआ प्रखंड मुख्यालय हीं दिया गया है, यह शिक्षा विभाग पर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है।

# अनन्या राज बनी 'मिस इंडिया वूमेन ऑफ डिग्निटी 2026' की विजेता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। बिहार के नवादा जिले की होनहार बेटी अनन्या राज ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। अनन्या राज ने वर्ष 2026 में आयोजित प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता 'मिस इंडिया वूमेन ऑफ डिग्निटी 2026' का खिताब जीतकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि से नवादा सहित पूरे बिहार में खुशी की लहर है।
अनन्या राज वर्तमान में कमला नेहरू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में तृतीय वर्ष की छात्रा हैं। वे मॉडलिंग और पेजेंट्री के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय हैं और अपनी मेहनत, आत्मविश्वास तथा अनुशासन के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। खिताब जीतने के बाद अनन्या राज ने कहा कि यह सफलता उनके परिवार, शिक्षकों और शुभचिंतकों के सहयोग का परिणाम है।

# संवाद व सकारात्मक संकल्पों के बीच नालंदा कॉलेज में शिक्षक मिलन समारोह संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। नालंदा कॉलेज में बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर गुरुवार को आयोजित नववर्ष मिलन समारोह उल्लास, सौहार्द और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो सुनीता सिन्हा ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों में नई ऊर्जा और कार्य के प्रति नये संकल्प के उत्साहवर्धक संबोधन में कहा कि नया वर्ष केवल कैलेंडर की तारीख बदलने का नाम नहीं है, बल्कि आत्ममंथन, नवाचार और सामूहिक प्रयासों से संस्थान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का अवसर है। उन्होंने शिक्षकों की शैक्षणिक प्रतिबद्धता, शोध कार्यों तथा कर्मचारियों की निष्ठा और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि इन्हीं के सहयोग से गौरवशाली नालंदा कॉलेज निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने टीमवर्क पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक मूल्यों और सामाजिक चेतना के विकास की साझा जिम्मेदारी है। प्राचार्या ने सभी से समयानुकूल तकनीक के प्रयोग, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने का आह्वान किया। अपने ओजस्वी वक्तव्य में प्राचार्या ने यह भी कहा कि जब शिक्षक, कर्मचारी और प्रशासन एक परिवार की तरह मिलकर कार्य करते हैं, तब संस्थान केवल भवन नहीं, बल्कि ज्ञान और संस्कार का जीवंत केंद्र बन जाता है। उनके इस कथन पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। समारोह के अंत में प्राचार्या ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए स्वास्थ्य, सफलता और सामूहिक उन्नति की कामना की और सबों को डायरी और वार्षिक कैलेंडर भेंट किए। कार्यक्रम को पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर रघुनाथ प्रसाद कच्छवे, सीनियर प्रोफेसर डॉ प्रभास कुमार, डॉ श्याम सुंदर प्रसाद ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य एवं बीएड विभागाध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ सर्वदमन कश्यप, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ आरके परमहंस, डॉ रत्नेश अमन, राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ श्रवण कुमार, डॉ संगीता कुमारी, हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ चंपा कुमारी, विनीत लाल, डॉ संजीत कुमार, डॉ अपर्णा कुमारी, डॉ प्रशांत, डॉ संजय कुमार, विनय कुमार सहित सभी शिक्षक एवं कर्मी मौजूद थे।

# सदर अस्पताल में बनेगी सौ बेड की अत्याधुनिक क्रिटिकल केयर यूनिट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बिहारशरीफ**। सदर अस्पताल परिसर में शीघ्र ही 100 बेड क्षमता वाली अत्याधुनिक क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) की स्थापना की जा रही है। इस महत्वपूर्ण पहल से जिले के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती मिलेगी और गंभीर मरीजों को इलाज के लिए पटना या अन्य बड़े शहरों की ओर भटकना नहीं पड़ेगा। नर्सिंग स्कूल के समीप उपलब्ध भूमि पर प्रस्तावित इस सीसीयू को मेडिकल कॉलेज स्तर की आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन ने बताया कि यहां हृदय रोग, श्वसन संबंधी बीमारियां, न्यूरोलॉजी से जुड़े जटिल मामले और गंभीर ट्रॉमा मरीजों का समुचित उपचार संभव हो सकेगा। प्रत्येक बेड पर पाइपलाइन ऑक्सीजन, ईसीजी, मल्टी-पैरामीटर मॉनिटर और वेंटिलेटर जैसी जीवनरक्षक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। सिविल सर्जन डॉ. जयप्रकाश सिंह ने बताया कि सदर अस्पताल को चरणबद्ध तरीके से सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में विकसित किया जा रहा है। 100 बेड की सीसीयू की स्थापना इसी दिशा में एक बड़ा और निर्णायक कदम है, जिससे जिले के मरीजों को उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा स्थानीय स्तर पर मिल सकेगी। करीब 35 लाख की आबादी वाले नालंदा जिले से चार राष्ट्रीय राजमार्ग, एक एक्सप्रेसवे और कई राज्य राजमार्ग गुजरते हैं। इसके बावजूद अब तक जिले में समुचित ट्रॉमा केयर सुविधा का अभाव रहा है। जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम श्याम कुमार निर्मल ने बताया कि नई सीसीयू के शुरू होने से सड़क दुर्घटना पीड़ितों, ब्रेन स्ट्रोक, गंभीर संक्रमण और जटिल सर्जरी के बाद के मरीजों के इलाज में बड़ी राहत मिलेगी।

# टियर गैस ड्रिल का आयोजन कर पुलिस बलों ने किया अभ्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। सरस्वती पूजा पर जिला प्रशासन व पुलिस की व्यापक सुरक्षा व्यवस्था आगामी सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने के उद्देश्य से नालंदा जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए जिले में लाइसेंस प्राप्त 1438 पूजा आयोजनों/स्थलों पर विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने विधि-व्यवस्था संधारण को ध्यान में रखते हुए धारा 126 BNSS के तहत 4005 व्यक्तियों पर निरोधात्मक कार्रवाई की है, ताकि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि पर नियंत्रण रखा जा सके। जिले में सुरक्षा बलों की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की गई है। पैरामिलिट्री फोर्स, बीएमपी सहित बाहर से आए अतिरिक्त बलों को भी लगाया गया है। कुल मिलाकर लगभग 5000 पुलिस बलों को संवेदनशील एवं प्रमुख स्थानों पर तैनात किया गया है। इसके अलावा होमगार्ड एवं चौकीदारों की भी विशेष तैनाती की गई है ताकि प्रत्येक स्तर पर सुरक्षा सुनिश्चित रहे। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए टियर गैस ड्रिल का आयोजन कर पुलिस बलों को अभ्यास कराया गया है। वहीं महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस बल की तैनाती भी की गई है, जिससे महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। जिला प्रशासन एवं पुलिस ने आमजन से अपील की है कि पूजा के दौरान शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाने या पुलिस नियंत्रण कक्ष को दें।

# रोटरी क्लब ऑफ नवादा ने स्कूली बच्चों के बीच किया स्वेटर का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। सदर प्रखंड से सटे शादीपुर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में गुरुवार को रोटरी क्लब ऑफ नवादा की ओर से जरूरतमंद बच्चों के बीच स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के वर्ग द्वितीय से लेकर वर्ग छठे तक के कुल 200 विद्यार्थियों को स्वेटर प्रदान किए गए, जिससे ठंड के मौसम में बच्चों को राहत मिल सके।
कार्यक्रम का आयोजन रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष श्याम अग्रवाल के प्रायोजन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर नवीन कुमार सिन्हा उपस्थित रहे।
विद्यालय के प्रधानाध्यापक नवीन कुमार ने बताया कि यह पहल विद्यालय प्रबंधन द्वारा की गई अपील के बाद रोटरी क्लब परिवार के सहयोग से संभव हो पाई है। उन्होंने बच्चों के हित में किए गए इस प्रयास के लिए रोटरी क्लब का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब से जुड़े, श्याम अग्रवाल, डॉ मनोज कुमार, नित्यानंद चौरसिया, डॉ. पंकज कुमार सिन्हा, मनोज कुमार एमके, नीरज लोहानी, पंकज साव, सचिव आदित्य कुमार, पहलाद कुमार सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे। इसके अलावा रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने भी बच्चों के बीच स्वेटर वितरित किए। अपने संबोधन में अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने रोटरी क्लब द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। वहीं असिस्टेंट गवर्नर नवीन कुमार सिन्हा ने रोटरी क्लब के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी समाजहित में ऐसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# सोलर स्ट्रीट लाइट इंस्टॉलेशन में लायें तेजी : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में पंचायत राज विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायतों में संचालित विकास कार्यों, विशेषकर सोलर स्ट्रीट लाइट योजना एवं अन्य योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी ग्राम पंचायतों में सोलर स्ट्रीट लाइट की स्थापना का कार्य प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ हो सके। उन्होंने सोलर लाइट की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं उनकी नियमित मॉनिटरिंग पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया, जिससे वे दीर्घकाल तक सुचारू रूप से कार्यरत रहें। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित एजेंसियों को जेआईसीआर पूर्ण करने का निर्देश देते हुए कहा कि जहां-जहां अब तक सोलर स्ट्रीट लाइट का इंस्टॉलेशन नहीं हुआ है, वहां कार्य प्रगति में तेजी लाई जाए। साथ ही, खराब अथवा नहीं जलने वाली सोलर लाइटों को चिन्हित कर यथाशीघ्र चालू करने का निर्देश दिया गया। पंचायत सरकार भवनों की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। जिन पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य अब तक पूर्ण नहीं हुआ है, उन्हें शीघ्र पूर्ण करने का आदेश दिया गया। 15वें वित्त आयोग की राशि के अंतर्गत कम व्यय करने वाली पंचायतों को इस माह के अंत तक शत-प्रतिशत व्यय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।षष्ठम वित्त आयोग की राशि में कम व्यय करने वाली पंचायतों को शेष राशि से योजनाओं का क्रियान्वयन कर कार्य प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। अनुरक्षकों के भुगतान में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए।
इसके अतिरिक्त बैठक में आरटीपीएस के तहत प्रदत्त सेवाओं की स्थिति, उनके समयबद्ध निष्पादन एवं नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक सुधारों पर चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी पंचायत सरकार भवनों में कार्यपालक सहायकों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने तथा आरटीपीएस सेवाओं का ससमय एवं सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश जिला पंचायत राज पदाधिकारी को दिया।

# वसंतोत्सव व गणतंत्र दिवस पर मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। दक्षिण बिहार एवं झारखंड के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में से एक मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, कुंती नगर के बहुउद्देशीय सभागार में वसंतोत्सव एवं गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक आदरणीय डॉ. अनुज सिंह, प्राचार्य गोपाल चरण दास, उपप्राचार्य मिथिलेश कुमार विजय एवं वरिष्ठ शिक्षक धर्मवीर सिंहा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंगल श्लोक एवं सरस्वती वंदना का सस्वर पाठ मनीष कुमार पाण्डेय ने किया। अपने संबोधन में डॉ. अनुज सिंह ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं तथा शिक्षा के साथ मनोरंजन का सुंदर समन्वय प्रस्तुत करते हैं। कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर कक्षा 11वीं तक के छात्र-छात्राओं ने गीत, संगीत, नृत्य एवं नाट्य की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। लगभग चार घंटे तक चले इस सांस्कृतिक आयोजन में अभिभावकों, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया और आगामी 26 जनवरी को भव्य झांकी प्रस्तुति की जानकारी दी।

# शिक्षकों ने निपुण बिहार निर्माण का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हिलसा (नालंदा)**। शहर के प्रखंड संसाधन केंद्र में बुधवार को प्रखंड स्तरीय निपुण 3.0 टीएम मेला का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ जिला ब्रांड एंबेसडर सह समाजसेवी डॉ.आशुतोष कुमार मानव, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी ब्रजेश कुमार मौर्य तथा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नितेश कुमार रंजन सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। टीएलएम मेला में सभी संकुल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हिंदी भाषा में 12, अंग्रेजी में 13, पर्यावरण में 18 और गणित में 16 समेत 59 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन प्रतिभागियों के द्वारा प्रदर्शित टीएलएम एवं विद्यालय में उनका शैक्षणिक उपयोग का सुक्ष्मता से निर्णायक मंडल द्वारा अवलोकन करते हुए प्रखंड स्तरीय मानक संचालन प्रक्रिया प्रारूप के अनुसार अलग-अलग विषयों में सर्वोत्कृष्ट टीएलएम का चयन किया। गहरी मूल्यांकन के उपरांत भाषा हिंदी विषय में प्राथमिक विद्यालय मनपुरवा के प्रधान शिक्षक अजीत कुमार सिंह, पर्यावरण सामाजिक विज्ञान में प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर की शिक्षिका आरती शर्मा,अंग्रेजी में उ.म.वि. रेडी की शिक्षिका रश्मि राज और गणित में एनपीएस महेशपुरडीह की शिक्षिका श्वेता कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता सभी शिक्षक प्रतिभागी 28 जनवरी को जिला स्तरीय निपुण 3.0 टीएलएम प्रतियोगिता में भाग लेंगे। सभी विजेता शिक्षक प्रतिभागियों को यूथ आईकॉन सह समाजसेवी डॉ. आशुतोष कुमार मानव, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी ब्रजेश कुमार मौर्य तथा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नितेश कुमार रंजन ने प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया तथा जिला स्तरीय टीएलएम प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सत्यवान शर्मा, संजय कुमार, संजीव कुमार,शिक्षिका शुभांगी प्रीतम, शिक्षक अभय कांत वर्मा, संकुल समन्वयक अवधेश कुमार,अरुण कुमार, एमडीएम बीआरपी सत्येंद्र कुमार, समावेशी शिक्षा साधनसेवी अशोक कुमार, लेखापाल आशीष कुमार, आइसीटी कोऑर्डिनेटर मदनलाल, डाटा एंट्री ऑपरेटर राजेश कुमार, कौशल किशोर शर्मा, राजीव कुमार, रत्नेश कुमार, राजेश कुमार वरुण, मिथिलेश कुमार, मुकेश कुमार समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी पहुंचे मुंगेर, कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

# भाजपा का मकसद जन कल्याण : संजय सरावगी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी आज अपने प्रवास कार्यक्रम के क्रम में मुंगेर पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद उनका कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी आज मुंगेर पहुंचने के बाद जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा के पंचकल्याणक प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां मंगल आशीर्वाद प्रदान करने के लिए पहुंचे राष्ट्रसंत एवं अहिंसा तीर्थ प्रणेता आचार्य प्रमुख सागर जी महाराज से भाजपा अध्यक्ष ने आशीर्वाद लिया। दिगम्बर जैन मुनिराजों का मुंगेर की धरती पर आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने आचार्य प्रमुख सागर जी का बिहार में स्वागत करते हुए कहा कि यह मुंगेर के लिए सौभाग्य की बात है कि आचार्य प्रमुख सागर जी यहां पधारे हैं। उन्होंने कहा कि जैन मुनियों के अहिंसा पर विश्वास को आज हम सभी को आत्मसात करने की जरूरत है। प्रमुख सागर जी से बिहार के लोगों के सुख, शांति और समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि बिहार विकसित हो, यही हम सभी की कामना है। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। यहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि समर्पित कार्यकर्ताओं का दृढ निश्चय भाजपा की असली ताकत है। भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने आगे कहा कि पिछले दो दशकों से बिहार में सुशासन को जनता का समर्थन मिलता रहा है और यही कारण है कि बिहार विकास के पथ पर अग्रसर है। आज जहां महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर काम किए जा रहे हैं, वहीं आधारभूत संरचनाओं को लेकर प्रदेश नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि आज अगले पांच वर्षों में एक करोड़ लोगों को रोजगार और नौकरी देने के लक्ष्य को लेकर एनडीए की सरकार बिहार में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हम इस लक्ष्य को जरूर पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा का मकसद जन कल्याण का रहा है। हमारे कार्यक्रमों में इसकी झलक दिखाई देती है। हमारी राजनीति का मकसद ही जन सेवा और राष्ट्र की सेवा की रही है।

## एक नजर

### विधानसभा अध्यक्ष ने पराक्रम दिवस पर अर्पित की भावांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अदम्य साहस व अप्रतिम देशभक्ति के प्रतीक, आजाद हिंद फौज के अगुआ और महान क्रांतिकारी सुभाष चंद्र बोस जी की 128वीं जयंती 'पराक्रम दिवस' पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने नमन करते हुए भावांजलि अर्पित की है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्री बोस के 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा', 'दिल्ली चलो' और 'जय हिन्द' जैसे जोशीले नारों ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में नई जान फूंकी थी और सारे भारत को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया था। नेतृत्व की अतुलनीय क्षमता के कारण उन्हें 'नेताजी' की उपाधि दी गई। उन्होंने भारत की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और युवाओं में आजादी के लिए लड़ने का जज्बा पैदा किया। ध्यातव्य हो कि वर्ष 2022 में उनकी जयंती को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की गई।

### विधानसभा अध्यक्ष ने दी वसंत पंचमी की बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने समस्त प्रदेशवासियों को प्रकृति के नवउल्लास के उद्घोषक पर्व 'वसंत पंचमी' की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यादायिनी, ज्ञान, संगीत व कला की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती सभी के जीवन को विद्या, बुद्धि, ज्ञान और समृद्धि के प्रकाश से आलोकित करें। प्राचीन ग्रंथों में उल्लेखित वसंत पंचमी हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण त्योहार है और वसंत ऋतु के आगमन का भी प्रतीक है। हिन्दू मान्यता के अनुसार मां वाग्देवी की आराधना से बुद्धि की निर्मलता एवं विद्या की प्राप्ति होती है।

### पॉक्सो एक्ट मामले में विधि विरुद्ध बालक निरुद्ध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** जिले में पॉक्सो एक्ट से जुड़े एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव के अनुसार 21 जनवरी 2026 को वादिनी द्वारा लिखित आवेदन देकर शिकायत की गई थी कि शादी का झांसा देकर एक लड़का उसे अपने साथ ले गया और बाद में छोड़कर फरार हो गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए इस संबंध में आंती थाना कांड संख्या 07/26, दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के दौरान आंती थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस कांड में संलिप्त एक विधि विरुद्ध बालक अंकित कुमार पिता आदित्य पासवान ग्राम काजी बिगहा थाना आंती को निरुद्ध कर लिया है। आगे की कार्रवाई थाना स्तर से की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने बताया कि गया पुलिस महिला सुरक्षा को लेकर लगातार सक्रिय है। मामले में प्रभावी वैज्ञानिक अनुसंधान करते हुए शीघ्र आरोप पत्र समर्पित किया जाएगा तथा त्वरित विचारण के माध्यम से दोषी को कड़ी सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

### शांति व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर थानाध्यक्ष ने सरपंच संग की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना सभागार में शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने क्षेत्र के सभी पंचायतों के सरपंचों एवं उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान थानाध्यक्ष ने पंचायत स्तर पर बढ़ रहे छोटे-मोटे विवादों पर चिंता व्यक्त करते हुए जनप्रतिनिधियों से आपसी समन्वय के माध्यम से स्थानीय स्तर पर ही समाधान निकालने की अपील की। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने कहा कि पुलिस प्रशासन जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर है तथा किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दी जानी चाहिए, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। वहीं उपस्थित सरपंचों एवं प्रतिनिधियों ने क्षेत्र में शांति, कानून-व्यवस्था और सौहार्द बनाए रखने में पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में सरपंच संघ के प्रखंड अध्यक्ष राजू सिंह, तिनेरी सरपंच प्रतिनिधि मो. शाहिद उर्फ साहु सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## विधायक ने दो वार्डों में किया 60 लाख की लागत से नाला निर्माण का शिलान्यास



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अंतर्गत वजीरगंज विधायक वीरेंद्र सिंह ने गुरुवार को वजीरगंज नगर पंचायत के वार्ड संख्या-8 में किशोरी दास के घर से लेकर गया-नवादा रोड होते हुए नाला निर्माण 30 लाख 8 हजार 4 सौ 66 रुपये की राशि से एवं वार्ड संख्या 7में शंभू सिंह के घर से पोखर तक नाले का निर्माण 29 लाख 33 हजार 5सौ 37रुपये की राशि से बनाने का शिलान्यास किया। शिलान्यास के मौके पर विधायक ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास की गंगा बह रही है। वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिये मैं सदा समर्पित रहूंगा। इस मौके पर नगर पंचायत मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमर शंकर उर्फ काका सिंह, संवेदक पंकज फर्नीचर व नंदिता इंटरप्राइजेज के प्रो पंकज कुमार सहित अन्य ग्रामीण जनता मौजूद थे।

## विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में सांसदों एवं विधायकों की भूमिका अहम




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार आज नई दिल्ली स्थित गुलमोहर हॉल, इंडिया हैबिटेट सेंटर में एनएफपीआरसी के चेयरपर्सन एवं भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ के द्वारा भारत की विकास गति को बढ़ाने के लिए सांसदों और विधायकों के लिए आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में शामिल हुए। इस कार्यशाला में 'वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने में सांसदों एवं विधायकों की भूमिका' पर सार्थक चर्चा हुई। अध्यक्ष ने इस विषय पर कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में सांसदों एवं विधायकों की भूमिका काफी अहम है।

## ड्यूटी में लापरवाही और कोताही न बरती जाय : तोमर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** रफीगंज सेक्शन का सुरक्षात्मक निरीक्षण के दौरान डीडीयूरेल मंडल के नए आरपीएफ कमांडेंट दिनेश सिंह तोमर ने कहा

-गया जंक्शन का निरीक्षण के बाद सड़क मार्ग से गुरारू, परैया, काष्ठा, रफीगंज स्टेशनों का किया निरीक्षण

किया। साथ ही आरपीएफ के अधिकारी और जवानों को उनके कर्तव्य और निष्ठा किये जाने वाले कार्यो से अवगत कराया। रेल संपत्ति की सुरक्षा, रेल यात्रियों की सुरक्षा और सहायता तथा रेल अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई से संबंधित ड्यूटी में हमेशा सक्रिय रहने का निर्देश दिया। ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही व कोताही नहीं बरतने को कहा। कोताही बरतने की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## एसडीओ व डीएसपी ने की अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** अनुमंडल क्षेत्र के बाराचट्टी थाना अंतर्गत भलुआ चट्टी स्थित गुरु गोविंद रेस्टोरेंट के पीछे अवैध कोयला भंडारण के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार को शेरघाटी एसडीओ मनीष कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय प्रसाद के नेतृत्व में संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान अवैध रूप से संचालित कोयला डिपो का खुलासा हुआ जहां झारखंड से चालान निर्गत दो ओवरलोडेड ट्रकों को पकड़ा गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि उक्त दोनों ट्रक झारखंड से कोयला लेकर उत्तर प्रदेश जा रहे थे, लेकिन भलुआ चट्टी स्थित इस डिपो में अवैध रूप से कोयले की अनलोडिंग की जा रही थी। मौके पर मौजूद कर्मियों से पूछताछ के दौरान वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए जा सके जिसके बाद कार्रवाई करते हुए दोनों ट्रकों को जब्त कर लिया गया।

छापेमारी के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनसे अवैध कोयला कारोबार से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है। एसडीओ मनीष कुमार ने बताया कि इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अग्रेतर कार्रवाई के लिए खनिज विकास पदाधिकारी, गया को निर्देशित किया गया है। ताकि खनिज नियमों के उल्लंघन की विस्तृत जांच की जा सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं कोयला तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया।

## श्रीरामलला स्थापना वर्षगांठ पर शेरघाटी में धार्मिक अनुष्ठान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** अयोध्या में श्रीराम लला की स्थापना के द्वितीय वार्षिकोत्सव के अवसर पर शेरघाटी में गुरुवार को सादगी और श्रद्धा के साथ धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रीराम मंदिर पूजा समिति शेरघाटी द्वारा आयोजित इस अवसर पर पूजा-पाठ, अखंड कीर्तन और रामचरितमानस पाठ के माध्यम से भगवान श्रीराम की आराधना की गई। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। वैदिक मंत्रोच्चार और भजनों से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। धार्मिक अनुष्ठान के बाद श्रद्धालुओं ने शहर में शांतिपूर्ण परिभ्रमण किया। इस दौरान लोगों ने अनुशासन और मर्यादा का पालन करते हुए धार्मिक भावना का प्रदर्शन किया। परिभ्रमण से शेरघाटी के विभिन्न इलाकों में उत्सव का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में पंडित अरविंद मिश्रा, दीपक मिश्रा, रंजीत अग्रवाल सहित पूजा समिति के सदस्य एवं स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मगध विश्वविद्यालय के विद्यार्थी देंगे बौद्ध महोत्सव 2026 में प्रस्तुति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मगध विश्वविद्यालय के विद्यार्थी सौरभ कुमार को 24 जनवरी तक आयोजित होने वाले बौद्ध महोत्सव में 23 जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया है। सौरभ कुमार अपने अन्य साथी आशीष शंकर, ईशान, हर्ष प्रखर तथा अन्य के साथ ये प्रस्तुति 23 जनवरी को देंगे। ये सभी मगध विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हैं तथा मगध विश्वविद्यालय के कलात्मक एवं रचनात्मक मंच संस्कार सृजन के सांस्कृतिक समूह के सदस्य हैं। इन्होंने पूर्व में संस्कार सृजन द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर प्रतिभागिता की है। संस्कार सृजन की समन्वयक डॉ मीनाक्षी, सह समन्वयक डॉ ममता मेहरा, कोषाध्यक्ष कविता कुमारी एवं अन्य सदस्य डॉ एकता वर्मा, डॉ वंदना कुमारी, डॉ वंदना, पूनम सिंह, डॉ श्वेता गोयल, राकेश कुमार, डॉ दीपशिखा पांडेय, डॉ अंकुराभ सिंह, डॉ राजेश कुमार, डॉ जियाउल्लाह, डॉ जन्मेजय सिंह तथा डॉ सचिन मंदिलवार ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ये सभी विद्यार्थी बहुत प्रतिभावान हैं तथा कला के क्षेत्र में निश्चित ही अपना मुकाम बनायेंगे। मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने विद्यार्थियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय संस्कार सृजन जैसे मंच के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का हर संभव प्रयास करने को प्रतिबद्ध है।

## राम मंदिर के दो वर्ष पूर्ण होने पर गरीबों के बीच बंटा कंबल

### भाजपा नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने गया में कराया पूजा-पाठ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अयोध्या में श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर द्वारा गरीब लोगों को कंबल वितरण किया गया। वहीं गया जी स्थित मंदिर में विधिवत पूजा-पाठ कर हर्ष और श्रद्धा के साथ इस ऐतिहासिक क्षण का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारत की सनातन संस्कृति, आस्था और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। यह वह ऐतिहासिक क्षण था जिसकी प्रतीक्षा देशवासियों ने सदियों तक की। आज जब इस पावन घटना के दो वर्ष पूर्ण हो चुके हैं तो यह प्रत्येक रामभक्त के लिए गर्व और आनंद का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह सपना साकार हुआ और देश की आस्था को एक नई दिशा मिली। श्रीराम मंदिर आज न केवल धार्मिक केंद्र है, बल्कि सांस्कृतिक एकता और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा भी है। गया जी की पवित्र धरती पर मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए डॉ मिश्रा ने देश की सुख-शांति, समृद्धि और अखंडता की कामना की। उन्होंने समस्त देशवासियों को इस अवसर की शुभकामनाएं देते हुए भगवान विष्णु एवं प्रभु श्रीराम से सबके जीवन में सुख, शांति और सद्भाव बनाए रखने की प्रार्थना की।

## प्रज्ञा शक्ति प्रशिक्षण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति के आदेशानुसार एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रेणु कुमारी के कुशल निर्देशन में प्रज्ञा शक्ति कार्यक्रम के तहत वजीरगंज प्रखंड के सभी प्रारंभिक विद्यालयों के दो-दो नामित शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रखंड के मध्य विद्यालय वजीरगंज में गुरुवार को संपन्न किया गया। बीआरसी के समावेशी संसाधन शिक्षक सुरेन्द्र प्रसाद ने बताया कि प्रज्ञा शक्ति प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को चिन्हित कर उसे विशेष शिक्षा प्रदान करना है। इसके लिये वजीरगंज प्रखंड के सभी 185 प्रारंभिक एवं माध्यमिक विद्यालयों से दो-दो शिक्षकों को चयन कर कुल 370 शिक्षकों को यह प्रशिक्षण दिया जा गया है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के पहले दिन बुधवार को 185 शिक्षकों को चार बैच में यह प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरों के द्वारा दिया गया था एवं गुरुवार को पुनः चार बैच में 185 शिक्षकों को प्रशिक्षण देकर संपन्न किया गया है एवं उन्हें अपने विद्यालय में प्रज्ञा शक्ति कार्यक्रम के लिये बच्चों को चिन्हित कर उसे मोबाइल एप के द्वारा अपलोड करने के लिये निर्देशित किया गया है। चिन्हित करने का कार्य 26 जनवरी के पूर्व करने का निर्देश जिला से जारी किया गया है। ताकि 26जनवरी के बाद प्रज्ञा शक्ति कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जा सके।

इस मौके पर डीडीओ सह प्रधानाध्यापक शंभू शरण सिंह, मास्टर ट्रेनर ज्योत्सना शाही, कल्याणी कुमारी, दीपक कुमार सिन्हा, विकास कुमार, ईश्वरचंद कुमार सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## छात्रों के साथ कथित दुर्व्यवहार को लेकर अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** प्रखंड के मध्य विद्यालय जोगापुर में गुरुवार को उस समय तनाव की स्थिति बन गई जब छात्रों के साथ कथित दुर्व्यवहार को लेकर अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। मामला इतना बढ़ गया कि गुस्साए लोगों ने शेरघाटी-चेर की रोड को कुछ देर के लिए जाम कर दिया जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा सातवीं के दो छात्रों के साथ प्रधानाध्यापक द्वारा अनुचित व्यवहार किया गया है। छात्रों ने बताया कि कक्षा के दौरान पढ़ाई से जुड़े विषय पर बातचीत करने को लेकर विवाद हुआ जिसके बाद प्रधानाध्यापक ने सख्ती बरती। छात्रों का दावा है कि उन्हें चोटें आई हैं और वे मानसिक रूप से भी आहत हैं। घटना के बाद विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में अभिभावक पहुंचकर बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाने लगे और दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सड़क जाम की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। वहीं विद्यालय प्रशासन की ओर से मारपीट के आरोपों को नकारते हुए इसे अनुशासन से जुड़ा मामला बताया गया है। प्रधानाध्यापक का कहना है कि बच्चों को केवल समझाया गया था। पुलिस ने दोनों पक्षों से लिखित आवेदन लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि आरोपों में कितनी सच्चाई है।


## कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

सभी सब्जी दुकानदारों एवं वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है, कि 26 जनवरी 2026 (गणतंत्रता दिवस) के शुभ अवसर पर दिनांक 26.01.2026 दिन सोमवार को सब्जी बेचने का कार्य एवं वाहन पार्किंग का कार्य टाउन हॉल मैदान में नही करेंगे।

अतः सब्जी बेचने का कार्य एवं वाहन पार्किंग का कार्य टाउन हॉल मैदान में दिनांक 26.01.2026 दिन सोमवार को करते हुए पायें जायेंगे तो उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा

PR 371463 Urban Development(25-26)#D

## कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू

नया समाहरणालय "C" ब्लॉक, मेदिनीनगर, पलामू (झारखण्ड) 822101 Email- deo.palamu@gmail.com

**प्रेस–विज्ञप्ति**

सरकार के प्रधान सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड रांची के संकल्प संख्या 2093 दिनांक 06.08.2019 के आलोक में पलामू जिले के माध्यमिक एवं उच्चतर विद्यालयों का जोन (परिक्षेत्र) निर्धारण कर जिले के वेबसाईड palamu.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है। जिन शिक्षक/शिक्षिकाओं/ग्रामीणों/अभिभावकों को जोन निर्धारण में आपत्ति दर्ज करना है, वे दिनांक 24.01.2026 तक अनिवार्य रूप से संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक/ प्रभारी प्रधानाध्यापक/ प्राचार्य/ प्रभारी प्राचार्य के पास आपत्ति दर्ज करते हुए अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को सूचित कर सकते है। जोन निर्धारण की सूची जिले के वेबासाईट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
सौरभ प्रकाश
जिला शिक्षा पदाधिकारी पलामू

PR 371372 District(25-26)D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
## BUILDING DIVISION, DALTONGANJ. VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER

**Tender Ref. No.-28/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 30.01.2026 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 31.01.2026 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of . Sealed tenders :- 31.01.2026 From 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle - No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Procurement and Installation of Hvac Work in Integrated Public Health Laboratory (IPHL) at Palamu (Part B) | 16,26,600.00 | 34000.00 | 5000.00 | 02 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतु निम्नांकित शर्तें का पालन करना अनिवार्य होगा।

- परिमाण विपत्र क्रय हेतु सत्यापित निबंधन पत्र, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र (उपायुक्त द्वारा निर्गत हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा जो कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के नाम से भुगतेय होगा, जो निविदा सूचनापरांत तिथि से निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा परिमाण विपत्र क्रय की जाती है तो इस आशय का शपथ पत्र मूल में संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
- The Bidder must submit specified manufacturer for medical equipment authorization letter issued from original Equipment manufacturer (OEM)

PR 371525 District(25-26)D

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

संपादकीय

# नबीन के सामने चुनौतियां

युवा नेता व भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का भाजपा का पूर्णकालिक अध्यक्ष चुना जाना केवल एक वैधानिक औपचारिकता थी। नबीन का चयन चूंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है, इसलिए उसे चुनौती मिलने का सवाल ही नहीं था। वे स्वयं नबीन के प्रस्तावको में थे। कहा जा रहा है कि नबीन संघ की पहली पसंद नहीं थे, लेकिन अगर वो आरएसएस के एजेंडे को ठीक से आगे बढ़ाते रहे तो संघ भी उन पर अपनी मोहर लगा देगा। हालांकि नितिन नबीन की पृष्ठभूमि आरएसएस वाली नहीं रही है। इन्होंने पढ़ाई भी सेंट माइकल हाई स्कूल पटना से और दिल्ली के कर्नल सत्संगी किरण मेमोरियल पब्लिक स्कूल से इंटमीडिएट की पढ़ाई की है। नितिन नबीन भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा में राष्ट्रीय महासचिव ज़रूर रहे हैं। वैसे 2014 के बाद की बीजेपी में यह खास मायने नहीं रखता कि किस की क्या पृष्ठभूमि है। पूर्णकालिक अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नबीन के सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं। चूंकि यह कई विधानसभाओं के चुनाव का वर्ष है और उनके पूर्ववर्ती अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने चुनावी सफलताओं की लंबी लकीर खींच रखी है, इसलिए नबीन को अपने चयन के औचित्य को साबित करना होगा। नड्डा ने जहां पार्टी को छोड़ा है, उसके आगे ले जाना होगा। दिल्ली में भाजपा के मुख्यालय में आयोजित बधाई समारोह में पीएम मोदी ने नबीन को मिलेनियल जनरेशन का प्रतिनिधि बताया और कहा कि वो संगठन, सरकार में काम करने वाला तथा टेक फ्रेंडली होने से पार्टी की नई पीढ़ी से सीधा कनेक्ट बना सकेंगे। वैसे भी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर चलने वाले नामों को दरकिनार कर अल्पज्ञात नितिन नबीन को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी की कमान सौंपना सभी के लिए चौंकाने वाला था। लेकिन लगता है कि मोदी शाह को नबीन की क्षमताओं पर भरोसा है, इसीलिए उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई। हालांकि भाजपा में युवा हाथों में नेतृत्व सौंपने की परंपरा नई नहीं है। अटलजी भी जब पहली बार तत्कालीन जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए गए थे, तब वो 44 साल के यानी नबीन से भी एक साल छोटे थे। अपनी प्रतिभा और वक्तृत्व क्षमता से वो जल्द ही राष्ट्रीय क्षितिज पर छा गए। नबीन के व्यक्तित्व में क्या खूबियां हैं, यह आने वाले समय में पता चलेगा। जानकारों का कहना है कि भाजपा में अध्यक्ष कोई भी बने, उसकी अपनी कोई आवाज नहीं होती। उसे मोदी और शाह के बताए रास्ते पर चलना होता है। नबीन कितनी कुशलता से यह काम कर पाते हैं, उसी आधार पर उनकी मार्किंग होगी। नए अध्यक्ष के रूप में नबीन को हनीमून पीरियड नहीं मिलने वाला है, क्योंकि जल्द ही बंगाल सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। नबीन के नेतृत्व और संगठन क्षमता की पहली अग्नि परीक्षा तो उस पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में होगी, जो नबीन के गृह राज्य से लगा है और जहां ममता बैनजी से 15 साल से अंगद के पांव की तरह डटी हैं। अगर नबीन के नेतृत्व में भाजपा बंगाल में चुनाव जीत पाती है तो यह नया इतिहास रचने जैसा होगा। इसके अलावा असम और पुडुचेरी में भाजपा की सत्ता में वापसी और तमिलनाडु और केरल में भाजपा की ताकत बढ़ाने की चुनौती नबीन के सामने होगी। इससे भी बड़ी चुनौती नबीन के सामने पार्टी को 2029 के लोकसभा चुनावों के लिए तैयार करने की होगी। ये ऐसे समय में होंगे, जब देश परिसीमन की प्रक्रिया से गुज़र रहा होगा। लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 फ़ीसदी आरक्षण लागू किया जा रहा होगा। ऐसे में नए अध्यक्ष को बदले हुए राजनीतिक माहौल के अनुरूप पार्टी को तैयार करना होगा।

# ईरान संकट : भारत के लिए स्थिरता ही रणनीति

**ईरान में हालिया घटनाक्रम सिर्फ ईरान की आंतरिक उथल-पुथल तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनके व्यापक क्षेत्रीय और वैश्विक निहितार्थ हैं। पश्चिम एशिया के इस महत्वपूर्ण देश में बढ़ता जन असंतोष, आर्थिक संकट और वैश्विक तनाव ऐसे समय सामने आए हैं, जब वैश्विक व्यवस्था पहले ही अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। यह स्थिति भारत के लिए विशेष महत्व रखती है, क्योंकि ईरान न केवल उसकी ऊर्जा और व्यापारिक सुरक्षा से जुड़ा है, बल्कि मध्य एशिया, अफगानिस्तान और यूरेशिया तक उसकी रणनीतिक पहुँच का भी एक प्रमुख रास्ता भी है।**

**अंशुमान**



ईरान में मौजूदा असंतोष की जड़ें बेहद गहरी हैं। दशकों से लगे पश्चिमी प्रतिबंधों ने ना सिर्फ ईरान की अर्थव्यवस्था को कमजोर किया है बल्कि महंगाई, बेरोज़गारी, मुद्रा अवमूल्यन और जीवन-यापन की बढ़ती लागत ने आम नागरिक की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान की सरकार ने आर्थिक हालात की गंभीरता को स्वीकार भी किया है, लेकिन सुधारों की गति और प्रभाव को लेकर जनता में निराशा बनी हुई है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि यह असंतोष केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राजनीतिक और सामाजिक भी है, जिसे युवा और शिक्षित आबादी खुलकर व्यक्त कर रही है।

इसमें कोई संदेह नही है कि आंतरिक कारणों के साथ-साथ बाहरी दबावों की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। अमेरिका और उसके सहयोगियों की ईरान को लेकर रणनीति लंबे समय से दबाव, प्रतिबंध और अलगाव पर आधारित रही है। हालिया प्रदर्शनों के दौरान पूरे विश्व ने देखा कि पश्चिमी नेताओं के बयान और खुले समर्थन ने ईरान के भीतर यह धारणा और मजबूत की है कि इन आंदोलनों को बाहरी ताक़तें अपने हितों के लिए इस्तेमाल करना चाहती हैं। पूर्व में हम लीबिया, इराक और सीरिया जैसे उदाहरण देखें तो हमें यह समझने में आसानी होगी कि ईरान और पूरे क्षेत्र के लिए यह एक चेतावनी हैं कि शासन परिवर्तन के नाम पर किया गया विदेशी हस्तक्षेप अक्सर दीर्घकालिक अस्थिरता ही लेकर आता है।

भारत इस संदर्भ में एक अलग और संतुलित दृष्टिकोण रखता है। भारत ने परंपरागत रूप से ईरान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप से परहेज़ किया है और संवाद व कूटनीति को प्राथमिकता दी है। यह नीति भारत की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जिसमें वह पश्चिम एशिया में किसी एक ध्रुव के साथ खड़े होने के बजाय सभी प्रमुख पक्षों से संतुलित संबंध बनाए रखने की कोशिश करता है। भारत के लिए ईरान की स्थिरता कई कारणों से महत्वपूर्ण है। पहला, ऊर्जा सुरक्षा। भले ही हाल के वर्षों में भारत ने ईरान से तेल आयात कम किया हो, लेकिन पश्चिम एशिया में किसी भी बड़े टकराव का सीधा असर वैश्विक ऊर्जा बाज़ार पर पड़ेगा। होर्मुज़ जलडमरूमध्य में अस्थिरता तेल और गैस की कीमतों को प्रभावित कर सकती है, जिसका प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। दूसरा, समुद्री व्यापार और आपूर्ति शृंखला। भारत का एक बड़ा व्यापार पश्चिम एशिया और यूरोप से होकर गुजरता है। लाल सागर, फारस की खाड़ी और होर्मुज़ जलडमरूमध्य में किसी भी तरह का सैन्य टकराव वैश्विक समुद्री व्यापार को बाधित कर सकता है। हालिया वर्षों में वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं की नाजुकता भारत के लिए एक महत्वपूर्ण सबक रही है। तीसरा, रणनीतिक संपर्क और क्षेत्रीय पहुँच। ईरान स्थित चाबहार बंदरगाह भारत के लिए केवल एक व्यापारिक परियोजना नहीं है, बल्कि यह अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुँच का एक अहम माध्यम है। अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (ढ्ढहस्ञ्जष्ट) भारत, ईरान, रूस और मध्य एशिया को जोड़ने वाली एक दीर्घकालिक रणनीतिक परियोजना है। यदि ईरान में अस्थिरता बढ़ती है या उस पर नए और कठोर प्रतिबंध लगते हैं, तो इन परियोजनाओं की प्रगति प्रभावित हो सकती है।

भारत-ईरान संबंधों में जो सबसे खास बात यह रही है कि दोनों देशों ने कठिन परिस्थितियों में भी संवाद बनाए रखा है। अमेरिका के काउंटरिंग अमेरिकाज़ एडवर्सरीज़ थ्रू सैंक्शंस एक्ट जैसे कानूनों और प्रतिबंधों के बावजूद भारत ने अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए ईरान के साथ संपर्क पूरी तरह समाप्त नहीं किया। चाबहार परियोजना को प्रतिबंधों से मिली अस्थायी छूट इसी संतुलित कूटनीति का परिणाम है। वर्तमान संकट में भारत की भूमिका केवल एक दर्शक की नहीं हो सकती। इन सभी घटनाक्रम में भारत ने अपने कूटनीतिक प्रयासों के माध्यम से यह संकेत दिया है कि वह क्षेत्र में तनाव कम करने और संवाद को बढ़ावा देने के पक्ष में है। विदेश मंत्री द्वारा ईरान और अमेरिका दोनों से संपर्क बनाए रखना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के साथ एक रणनीतिक स्वायत्तता का संदेश भी है कि भारत किसी भी वैश्विक शक्ति के दबाव में आए बिना अपने हितों और क्षेत्रीय स्थिरता को प्राथमिकता देता है। हालाँकि इन सभी घटनाक्रम में भारत को इस संतुलन में सावधानी भी बरतनी होगी क्योंकि एक ओर अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ भारत के गहरे रणनीतिक और आर्थिक संबंध हैं, वहीं दूसरी ओर ईरान के साथ उसके ऐतिहासिक और भू-राजनीतिक हित जुड़े हैं। किसी भी पक्ष के साथ अत्यधिक झुकाव भारत की दीर्घकालिक रणनीति के लिए नुकसानदेह हो सकता है। इसलिए भारत के लिए सबसे विवेकपूर्ण रास्ता यही है कि वह तनाव कम करने, प्रतिबंधों में यथासंभव छूट लाने और रीजनल डॉयलॉग को प्रोत्साहित करने की दिशा में काम करे।

इस संदर्भ में भारत के सामने सबसे महत्वपूर्ण पहलू प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा का है। पश्चिम एशिया में लाखों भारतीय कार्यरत हैं, जिनकी आजीविका और सुरक्षा सीधे तौर पर क्षेत्रीय स्थिरता से जुड़ी हुई है। ईरान में किसी भी बड़े पैमाने की अस्थिरता या सैन्य टकराव का प्रभाव आसपास के देशों तक फैल सकता है। हाल के वर्षों में भारत ने संकटग्रस्त क्षेत्रों से अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालने की क्षमता का प्रदर्शन किया है, लेकिन दीर्घकालिक समाधान केवल स्थिरता और शांति से ही संभव है। ईरान के आंतरिक हालात पर भारत का रुख भी संतुलित होना चाहिए। जनता की वैध आर्थिक और सामाजिक आकांक्षाओं को समझते हुए भारत को यह स्पष्ट करना होगा कि किसी भी देश की स्थिरता उसके अपने लोगों द्वारा तय की जानी चाहिए, न कि बाहरी हस्तक्षेप से। दमन और हिंसा से अस्थायी शांति तो मिल सकती है, लेकिन स्थायी समाधान केवल समावेशी सुधारों और संवाद से ही संभव है।

चाबहार परियोजना भी इस दृष्टि से एक परीक्षा भी है और अवसर भी, क्योंकि यह बंदरगाह न केवल भारत को पाकिस्तान को दरकिनार करते हुए अफगानिस्तान और मध्य एशिया से जोड़ता है, बल्कि भारत की दीर्घकालिक यूरेशियन रणनीति का आधार भी है। यदि ईरान पर प्रतिबंधों का दायरा और बढ़ता है या वहां अस्थिरता गहराती है, तो इस परियोजना की गति प्रभावित हो सकती है। ऐसे में भारत को वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर भी विचार करना होगा, लेकिन चाबहार की केंद्रीयता को कम किए बिना। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारत यह भलीं भांति समझता है कि ईरान में लंबे समय तक अस्थिरता बनी रहने की स्थिति में चीन और रूस की भूमिका और मजबूत हो सकती है। पहले से ही चीन ने ईरान के साथ दीर्घकालिक रणनीतिक और आर्थिक समझौते किए हैं। यदि भारत इस क्षेत्र में अत्यधिक सतर्कता या निष्क्रियता दिखाता है, तो उसके लिए भविष्य में रणनीतिक स्पेस सीमित हो सकता है। इसलिए भारत के लिए यह आवश्यक है कि वह ईरान के साथ अपने संपर्कों को केवल प्रतीकात्मक न रखे, बल्कि आर्थिक, कनेक्टिविटी और कूटनीतिक स्तर पर उन्हें सार्थक बनाए।

मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में जब यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया संकट और एशिया प्रशांत में बढ़ते तनाव विश्व व्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं, ईरान में किसी भी बड़े टकराव का असर किसी भी सीमा तक जा सकता है। भारत जैसे उभरते वैश्विक शक्ति के लिए यह एक कूटनीतिक परीक्षा की घड़ी है जहाँ उसे अपने राष्ट्रीय हितों, क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक शांति के बीच संतुलन साधना होगा। अंततः, ईरान का भविष्य उसके अपने लोगों और नेतृत्व के निर्णयों पर निर्भर करेगा। लेकिन भारत के लिए यह स्पष्ट है कि एक स्थिर, शांत और संवाद आधारित ईरान ही उसके हित में है। टकराव, प्रतिबंध और हस्तक्षेप की राजनीति से दूर रहकर कूटनीति, संपर्क और सहयोग का रास्ता ही न केवल ईरान, बल्कि पूरे क्षेत्र और भारत के लिए भी बेहतर भविष्य की नींव रख सकता है।

अध्यात्म

## परेशानियों की वजह से बढ़ती है हमारी योग्यता और संघर्ष क्षमता

एक प्रचलित कथा के अनुसार पुराने समय में एक किसान की फसल बार-बार खराब हो रही थी। कभी तेज बारिश की वजह से, कभी तेज धूप की वजह से, कभी ठंड की वजह से उसकी फसल पनप नहीं पा रही थी।

एक दिन इससे दुखी होकर किसान भगवान पर नाराज हो गया। वह भगवान को लगातार कोस रहा था। तभी वहां भगवान प्रकट हुए। किसान ने भगवान से कहा कि भगवन् आपको खेती की बिल्कुल भी जानकारी नहीं है, आपकी गलत समय पर बारिश कर देते हो, कभी भी तेज धूप और ठंड बढ़ा देते हो। इससे हर बार मेरी फसल खराब हो जाती है। आप मेरी अगली फसल तक मेरे अनुसार मौसम कर दीजिए। जैसा मैं चाहूं, वैसा ही मौसम रहे। ये बातें सुनकर भगवान ने कहा कि ठीक अब से ऐसा ही होगा। ये बोलकर वे अंर्तध्यान हो गए।

अगले दिन से किसान ने फिर से गेहूं की खेती शुरू कर दी। अब जब वह बारिश चाहता था, तब बारिश होती, फसल के लिए जब उसे धूप की जरूरत होती, तब धूप निकलती। इस तरह उसकी इच्छा के अनुसार मौसम चल रहा था। धीरे-धीरे उसकी फसल तैयार हो गई। हरे-भरे खेत को देखकर किसान बहुत खुश था। जब फसल कटाई का समय आया तो उसने देखा कि फसल की बालियों में गेहूं थे ही नहीं, सब की सब खोखली बालियां थीं। ये देखकर उसने फिर से भगवान को याद किया। भगवान प्रकट हुए तो इसकी वजह पूछी।

भगवान ने कहा कि तुम्हारी फसल ने बिल्कुल भी संघर्ष नहीं किया है, इसी वजह से ये खोखली हो गई है। जब फसलें तेज बारिश में, तेज हवा में खुद को बचाए रखने का संघर्ष करती है, तेज धूप से लड़ती है, तभी उसमें दाने बनने की प्रक्रिया शुरू होती है। जिस तरह सोने को चमकने के लिए आग में तपना पड़ता है, ठीक उसी तरह फसलों के लिए भी संघर्ष जरूरी होता है। ये बात किसान को समझ आ गई और उसे अपनी भूल का अहसास हो गया।

**सीख**

इस कथा की सीख यह है कि जब तक हमारे जीवन में बाधाएं नहीं आती है, तब तक हमारी प्रतिभा में निखार नहीं आता है। बाधाएं ही हमें साहसी बनाती हैं। परेशानियों की वजह से ही हमारा सही विकास होता है।

# हिन्दुओं के मानवाधिकारों पर वैश्विक चुप्पी

**हमें स्मरण रखना चाहिए कि मानवाधिकारों का संरक्षण एक सार्वभौमिक प्रतिबद्धता है। अन्य समाजों की तरह ही हिंदू समुदाय को भी भय और उत्पीड़न से मुक्त जीवन जीने की गारंटी मिलनी चाहिए। यह केवल संबंधित सरकारों की ही नहीं, बल्कि वैश्विक बौद्धिक समुदाय का भी नैतिक दायित्व है कि मानवाधिकारों के सिद्धांतों को हर जगह निष्पक्षता से लागू किया जाए। जहाँ भी हिंदुओं के मानवाधिकारों का हनन हो, वहाँ भी उनके पक्ष में आवाज बुलंद की जानी चाहिए ताकि वैश्विक संस्थाओं पर दबाव बने। याद रहे कि 'मानवाधिकार कोई चुनिंदा अधिकार नहीं हैं जिन्हें सुविधानुसार लागू किया जाए; यदि ये 'सार्वभौमिक' हैं, तो इनमें हिंदू समाज की पीड़ा को भी समान स्थान मिलना चाहिए'।**

**डॉ. लोकेन्द्र सिंह**

गरिमामयी जीवन जीने के लिए मनुष्य होने के नाते हमारे कुछ अधिकार हैं। वैश्विक स्तर पर मनुष्यों के अधिकारों की रक्षा हो सके, इस उद्देश्य के साथ संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसंबर, 1948 को 'मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा' की। यह दस्तावेज मानव जीवन, स्वतंत्रता, विचार की अभिव्यक्ति, धर्म, शिक्षा, रोजगार, राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों को परिभाषित करता है। भारत के संविधान में भी कई अनुच्छेद मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। मानवाधिकारों का हनन रोकने, उनकी निगरानी करने एवं इससे जुड़े अन्य मामलों पर हस्तक्षेप करने के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संस्थाएँ भी गठित की गई हैं। परंतु, विडंबना यह है कि इन संस्थाओं को अन्य समुदायों के मानवाधिकारों की चिंता तो होती है, लेकिन हिंदुओं के मानवाधिकार इन्हें संभवतः दिखाई ही नहीं देते। विश्व के विभिन्न देशों में हिंदुओं के मानवाधिकारों का खुलेआम हनन हो रहा है, लेकिन कहीं कोई घोर आपत्ति सुनाई नहीं देती। एक प्रकार से वैश्विक चुप्पी छाई हुई है। यह स्थिति चिंताजनक है। यह चुप्पी हिंदू समाज के मन में आक्रोश पैदा करती है और सांप्रदायिक भेद भी बढ़ाती है।

दुनिया के कई देशों में जहाँ हिंदू अल्पसंख्यक हैं, वहाँ उन्हें धार्मिक स्वतंत्रता, सुरक्षा और जीवन के मौलिक अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। भारत के पड़ोसी देशों, विशेषकर पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में स्थिति बहुत चिंताजनक है। इन देशों में इस्लामिक कट्टरपंथी ताकतों ने प्रारंभ से ही हिंदुओं को अपने निशाने पर लिया है, जिसका परिणाम यह है कि यहाँ हिंदुओं की संख्या में तेजी से कमी आई है। हिंदुओं की बड़ी संख्या का धर्मांतरण करा लिया गया है या फिर उन्हें पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा है।

बांग्लादेश में पिछले कुछ समय से हिंदुओं पर हमलों के मामलों में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है। तख्तापलट के बाद वहाँ कट्टरपंथी समूह सत्ता के करीब आ गए हैं, जिसके कारण अतिवादी ताकतों ने हिंदुओं पर हमले तेज कर दिए हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश में हिंदुओं के घरों, संपत्ति और मंदिरों पर व्यापक हमले, तोड़फोड़ और लूटपाट की गई। इस्कॉन मंदिर जैसी पवित्र जगहों को भी निशाना बनाकर आग लगा दी गई। कट्टरपंथी समूहों द्वारा अल्पसंख्यक हिंदुओं पर जानबूझकर देशद्रोह और हिंसक प्रदर्शन जैसे गंभीर मामलों के फर्जी केस दर्ज करवाए जाते हैं, ताकि उन्हें कानूनी उलझनों में फंसाया जा सके।

चूँकि भारत में हिंदुओं के हितों की चिंता करने वाली केंद्र सरकार है, इसलिए सरकार ने बांग्लादेश के हालात पर तत्काल संज्ञान लेकर वहाँ की सरकार पर दबाव बनाया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश में अगस्त 2024 से मार्च 2025 तक हिंसा की 2400 से अधिक घटनाएँ दर्ज हुई हैं। भारत ने उम्मीद जताई है कि बांग्लादेश इन घटनाओं की निष्पक्ष जांच करेगा और हत्या, आगजनी व हिंसा के सभी




दोषियों को सजा देगा। हालांकि, इसकी उम्मीद कम ही है कि बांग्लादेशी प्रशासन हिंदुओं के मानवाधिकारों की रक्षा के लिए कोई ठोस कदम उठाएगा।

इसी प्रकार, पाकिस्तान में भी हिंदू समुदाय प्रारंभ से ही उत्पीड़न का सामना कर रहा है। वहाँ की बिगड़ती अर्थव्यवस्था, सांप्रदायिक ताकतों और सेना के बढ़ते प्रभुत्व के बीच तथाकथित लोकतांत्रिक संस्थाएँ कमजोर हो गई हैं। पाकिस्तान में हिंदू और अन्य गैर-इस्लामिक समुदायों की युवतियों और लड़कियों का जबरन धर्मांतरण, अपहरण, तस्करी और बाल विवाह की घटनाओं में वृद्धि हुई है। विडंबना यह है कि पुलिस अक्सर अपहरण के मामलों को 'प्रेम विवाह' बताकर खारिज कर देती है। अदालतों द्वारा भी जबरन विवाह को अक्सर धार्मिक कानूनों का सहारा लेकर वैध करार दिया जाता है। पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोपों का उपयोग हिंदुओं को निशाना बनाने के लिए किया जाता है; भीड़ महज आरोप के आधार पर हत्या कर देती है और दोषियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होती।

मोदी सरकार ने पड़ोसी देशों में अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हिंदुओं एवं अन्य अल्पसंख्यक समुदायों को स्वाभिमान से जीवन देने के लिए 'नागरिकता संशोधन कानून' लागू किया था, लेकिन भारत के तथाकथित प्रगतिशील मानवतावादियों को ही यह पहल चुभ गई। रोहिंग्या जैसे समुदायों की अवैध घुसपैठ के लिए विलाप करने वाले इन 'सेकुलर' धुरंधरों को हिंदुओं के मानवाधिकारों की चिंता नहीं है। यह साबित करता है कि वैश्विक स्तर पर ही नहीं, बल्कि भारत में भी कई ऐसे समूह हैं जो हिंदुओं के मानवाधिकारों की जानबूझकर अनदेखी करते हैं।

पश्चिम बंगाल से लेकर केरल तक हिंदुओं के उत्पीड़न पर तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग और संस्थाएँ चुप्पी साधे रहती हैं। पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हुई हिंसा की जाँच के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम ने अपनी रिपोर्ट में राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया था। आयोग ने स्पष्ट कहा कि राज्य में 'कानून का शासन नहीं, बल्कि शासक का कानून चल रहा है'। यहाँ प्रश्न उठता है कि क्या हिंदुओं के कोई मानवाधिकार नहीं हैं? उनकी चिंता कौन करेगा?

हमें स्मरण रखना चाहिए कि मानवाधिकारों का संरक्षण एक सार्वभौमिक प्रतिबद्धता है। अन्य समाजों की तरह ही हिंदू समुदाय को भी भय और उत्पीड़न से मुक्त जीवन जीने की गारंटी मिलनी चाहिए। यह केवल संबंधित सरकारों की ही नहीं, बल्कि वैश्विक बौद्धिक समुदाय का भी नैतिक दायित्व है कि मानवाधिकारों के सिद्धांतों को हर जगह निष्पक्षता से लागू किया जाए। जहाँ भी हिंदुओं के मानवाधिकारों का हनन हो, वहाँ भी उनके पक्ष में आवाज बुलंद की जानी चाहिए ताकि वैश्विक संस्थाओं पर दबाव बने। याद रहे कि 'मानवाधिकार कोई चुनिंदा अधिकार नहीं हैं जिन्हें सुविधानुसार लागू किया जाए; यदि ये 'सार्वभौमिक' हैं, तो इनमें हिंदू समाज की पीड़ा को भी समान स्थान मिलना चाहिए'।

**आज का कार्टून**




## राशिफल

**मेष**

दिन की शुरुआत नई ऊर्जा के साथ होगी। हालांकि, सोचे हुए कार्य समय पर न होने से मन खिन्न रहेगा। आज कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा।

**वृषभ**

प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी। हालांकि, कार्यस्थल पर मन अशांत रहेगा। किसी जरूरी कार्य को करने से पहले बड़ों का आशीर्वाद लेंगे तो अच्छा रहेगा।

**मिथुन**

सुख-सुविधा की जरूरतों को पूरा करने में आज आप लगे रहेंगे। हालांकि, संतान से विवाद होना संभव है। आज आपके राजनैतिक संबंध मजबूत होंगे।

**कर्क**

आप जो कहते हैं, उसे पूरा करेंगे। पूंजी निवेश के लिए ये समय अनुकूल है। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिश्रित फलदायी है।

**सिंह**

अपनी वाणी में मधुरता लाएं। हालांकि, आर्थिक संकटों के चलते कुछ जरूरी कार्यों में रुकावट आएगी। विवाह योग्य जातकों के लिए ये समय श्रेष्ठ है।

**कन्या**

पूरानी बातें भूलकर एक नई शुरुआत करेंगे। लंबे समय से चली आ रही आर्थिक परेशानी आज दूर होगी। साथ ही संतान सुख मिलना संभव है।

**तुला**

आज जीवनसाथी के साथ समय व्यतीत होगा। साथ ही सामाजिक कार्यों में सम्मिलित होंगे। हालांकि, जरूरी कार्य के न होने से मन अशांत रहेगा।

**वृश्चिक**

पूंजी निवेश के लिए भी ये समय अनुकूल नहीं है। कई दिनों से जो आप सोच रहे हैं, उस काम को आज पूरा करने का मौका मिलेगा।

**धनु**

क्रोधी स्वभाव के चलते बनते काम बिगड़ सकते हैं। पैसे कमाने की चाह में आप गलत मार्ग पर जा सकते हैं। आज मौज-मस्ती पर पैसा खर्च होगा। दिन खत्म होने से पहले वाहन सुख मिलना संभव है।

**मकर**

लंबे समय से चली आ रही व्यापारिक समस्या का समाधान होगा। विवाहित जातक अपनी निजी जिन्दगी में दूसरों को प्रवेश न दें। अपने परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें।

**कुंभ**

चतुराई और कूटनीतिक बुद्धि से लाभ मिल पाएगा। राजनीति से जुड़े जातकों को पद और सम्मान की प्राप्ति होगी। आर्थिक मामलों में अपने प्रयास का लाभ मिलेगा।

**मीन**

व्यापार विस्तार का मन बना रहे हैं तो सफलता मिलेगी। हालांकि, क्रोध की अधिकता रहेगी। इसके अलावा आत्मविश्वास की कमी के कारण आप पीछे रह जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### तीसरे दिन अतिक्रमण पर नप प्रशासन का चला बुलडोजर, वसूला गया जुर्माना

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर को स्वच्छ सुंदर और जाम से निजात दिलाने को लेकर तीसरे दिन गुरूवार को नप प्रशासन ने रामजयपाल मोड से सगुना मोड तक बुलडोजर चला. डीएम व एसडीओ आदेश के



बाद नगर परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया. घंटो तक चले व्यापक रूप से अभियान में. बुलडोजर से पक्का ओटा , झोपडियों व गुमटी को ध्वस्त किया गया है.अतिक्रमणकारियों के बीच हडकंप मच रहा है. अभियान की सूचना पर सडक किनारे फुटपाथी दुकानदारों अपने-अपने ठेला समेत सामान लेकर भागते हुए देखा गया. अतिक्रमणकारियों से 5 हजार जुमार्ना वसूला गया है.अभियान नप के ईओ पंकज कुमार व ईओ (व्यवस्था) रवि कुमार के नेतृत्व में चलाया गया. उन्होंने बताया कि सडक किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर सडक पर स्थायी व अस्थायी रूप से झोपडी व गुमटी लगाकर अतिक्रमण के कारण आए दिनों जाम लगने से आम लोगों समेत स्कूली बच्चों को परेशानी झेलनी पडती है. जिसको देखते हुए नप प्रशासन ने अभियान चलाया गया है. उन्होंने बताया कि पूरे नगर को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा.

### नप का नया प्रधान लिपिक सुभाष कुमार को बनाया गया

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के ईओ पंकज कुमार ने नये प्रधान लिपिक सह लेखापाल के पद पर सुभाष कुमार को प्रभार दिया गया है. श्री पंकज ने बताया कि प्रभारी प्रधान लिपिक शिव पूजन राय के सेवानिवृत के पश्चायत प्रशासनिक दृष्टिकोण से कार्यालय को सुचारू रूप से संचालन करने के लिए प्रभारी नाजिर सुभाष कुमार को 15 जनवरी से अगले आदेश तक के लिए प्रधान लिपिक सह लेखापाल के पद का प्रभार दिया गया है.

### मुफ्त आंख जांच शिविर का आयोजन

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को शेरपुर पश्चिमी पैक्स कार्यालय के प्रांगण में जागृति संस्थान की ओर से मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र शिविर में लोगों की आंख जांच कर मुफ्त में दवाइयां और सलाह दी गई। इसके अलावा जरूरतमंद करीब 500 लोगों को मुफ्त में चश्मा की गई। वहीं पैक्स अध्यक्ष सुभाष सिंह ने कहा कि हमेशा संस्थान की ओर से जरूरतमंदों के लिए सेवा की जाती है। जिससे समाज में कमजोर व गरीब परिवार की मदद हो सके। मौके पर पैक्स अध्यक्ष सुभाष सिंह, पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, समाज सेविका कांति देवी, चंद्रभूषण कुमार, अखिलेश कुमार, बबीता देवी, देवेंद्र, अमित, रेनू, नीलम, अनीता सहित कई लोग थे।



### बिहार राज्य सहकारी बैंक की समीक्षात्मक बैठक

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दिनांक 22-01-2026 को पंकज कुमार बंसल, भाप्रसे, अपर सचिव, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बिहार राज्य के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय सहकारी संस्थाओ की समीक्षा की गई । बिहार राज्य सहकारी बैंक की समीक्षात्मक बैठक में बैंक के विकास हेतु अपर सचिव महोदय द्वारा आवश्यक सुझाव दिए गये। बैठक में सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार बैंक के माननीय अध्यक्ष प्रबंध निदेशक , एवं अन्य वारिये पदाधिकारियों की उपस्थिति रही । बैठक उपरांत बरियाही किसान उत्पादक संगठन सहकारी समिति, सहरसा द्वारा FPO outlet के माध्यम से 'मखाना, मूंग दाल, मरुआ आटा, काला गेहूँ का आटा, दलिया, मशरूम पशुआहार का उद्घाटन किया गया'। साथ ही सुक्रबेगचक किसान उत्पादक संगठन सहकारी समिति, खुसरूपुर, पटना द्वारा FPO outlet के माध्यम 'अगरबत्ती ह्य' का उद्घाटन किया गया ।



### पागल कुत्ते ने दो माह में एक दर्जन लोगों को किया जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवादा पंचायत के ग्रामीण पागल कुत्तों के कर से काफी परेशान हैं हालत यह है कि गांव का ही एक पागल कुत्ते ने करीब 2 महीने के भीतर एक दर्जन से भी ज्यादा लोगों को काटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जिसके चलते संध्या होते ही लोग घर से बाहर निकलने में संकोच कर रहे हैं। गुरुवार के दिन रितेश कुमार पिता जितेंद्र कुमार को कुत्ते ने काट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जिसको लेकर ग्रामीण अब कुत्ते को पकड़वाने के लिए सरकार से गुहार लगाना शुरू कर दिया है लेकिन अभी तक कुत्ते पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन ने कोई पहल नहीं की है।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के नवादा पंचायत के निवास ए 35 वर्षीय धर्मेंद्र मिस्त्री गुरुवार की सुबह मोटरसाइकिल से फिसल कर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे इलाज के लिए बार अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। परिजनों ने बताया कि उनके भतीजे 12 वर्षीय रितेश कुमार को गांव में ही एक पागल कुत्ते ने बुरी तरह से काट लिया था। जिसे देखने के लिए वह जल्दबाजी में जा रहे थे और हादसा का शिकार हो गए। वहीं परिजनों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने पटना रेफर कर दिया।

### ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन के पश्चिमी छोर रेलवे फाटक के पास रेलवे लाइन पार करने के दौरान 65 वर्षीय अज्ञात महिला कमला गंगा इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। करीब आधे घंटे तक ना तो रेल पुलिस पहुंची और ना ही अन्य कोई लोग आखिरकार स्थानीय लोगों ने वृद्ध महिला को उठाकर बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल पहुंचा दिया। जहां चिकित्सकों ने इलाज करना शुरू की लेकिन महिला के चेहरे और माथे में गंभीर चोट होने के चलते महिला को अत्यधिक रक्त रिसाव के चलते आखिरकार इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई लेकिन हैरत की बात है कि ना तो रेल पुलिस महिला का हाल जानने पहुंचा और ना ही लोकल थाना। जबकि अस्पताल प्रबंधन के द्वारा महिला के साथ घटित घटना के बारे में लिखित सूचना भी दी गई लेकिन समुचित इलाज नहीं होने के चलते और ना ही परिजन के परिजनों का पता के चलते को लेकर महिला की आखिरकार जान चली गई। खबर लिखे जाने तक महिला की पहचान नहीं हो पाई थी।

# कृषि अनुसंधान परिसर में टिकाऊ कृषि हेतु पर्यावरणीय संरक्षण पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

## आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में कृषक कल्याण एवं पर्यावरण संरक्षण रहे केंद्र में, पर्यावरणीय उपेक्षा से कृषि को खतरा : डॉ. इंद्रजीत सिंह







**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना द्वारा राष्ट्रीय पर्यावरण विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली तथा अटारी, पटना के सहयोग से 'पर्यावरण संरक्षण, टिकाऊ कृषि एवं जलवायु परिवर्तन' विषय पर दिनांक 22 जनवरी, 2026 को तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. इंद्रजीत सिंह, माननीय कुलपति, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना द्वारा किया गया। डॉ. अंजनी कुमार, निदेशक, अटारी, पटना तथा डॉ. बिकास दास, निदेशक, राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र, मुजफ्फरपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र की शुरूआत डॉ. अभय कुमार, प्रधान वैज्ञानिक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना द्वारा प्रस्तुत स्वागत भाषण से हुई। अपने संबोधन में डॉ. इंद्रजीत सिंह ने बताया कि रसायनों एवं एंटीबायोटिक्स के अंधाधुंध उपयोग तथा अल्पकालिक लाभ के लिए पर्यावरण की उपेक्षा जैसी मानवीय गतिविधियों ने पर्यावरणीय एवं पारिस्थितिक संतुलन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। उन्होंने प्राकृतिक खेती के पुनरुद्धार, समेकित कृषि प्रणालियों को अपनाने, नाइट्रोजन स्थिरीकरण करने वाली फसलों के प्रोत्साहन तथा फॉस्फोरस-घुलनशील सूक्ष्मजीवों को बढ़ावा देने जैसी व्यावहारिक रणनीतियों के माध्यम से पर्यावरणीय क्षरण को कम करने के उपाय सुझाए। डॉ. अनुप दास, निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना ने आयोजन समिति के अध्यक्ष के रूप में अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरणीय संरक्षण अब कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुका है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि खाद्य उत्पादन में गुणवत्ता को बढ़ाने का प्रयास कभी भी पर्यावरण की सुरक्षा, जैव विविधता या कृषकों के हितों के साथ समझौता नहीं कर सकता। विकसित भारत @2047 की राष्ट्रीय परिकल्पना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कृषि विकास में पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. दास ने जानकारी दी कि संस्थान बहुविषयक एवं एकीकृत दृष्टिकोण अपनाकर खाद्य, पोषण एवं पर्यावरणीय सुरक्षा की दिशा में कार्य कर रहा है। इसके अंतर्गत जलवायु-सहिष्णु एवं उन्नत किस्मों का विकास, समेकित कृषि प्रणाली, संरक्षण कृषि, प्राकृतिक खेती, स्मार्ट जल प्रबंधन, कृषिवानिकी सहित अनेक नवाचारी एवं टिकाऊ तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है। अपने मुख्य वक्तव्य में डॉ. अरुण कुमार, वरिष्ठ अनुसंधान वैज्ञानिक, महावीर कैंसर संस्थान, पटना ने बिहार में भारी धातुओं के प्रदूषण तथा उससे जुड़ी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं पर प्रकाश डाला। डॉ. अंजनी कुमार ने बदलती जलवायु परिस्थितियों में कृषि उत्पादकता बनाए रखने में किसानों के समक्ष आने वाली चुनौतियों का उल्लेख किया तथा उपयुक्त नीतिगत हस्तक्षेपों की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं डॉ. बिकास दास ने मृदा जैविक कार्बन में निरंतर हो रही कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कृषि विकास का आकलन पर्यावरणीय संरक्षण और संतुलन के दृष्टिकोण से किया जाना चाहिए। डॉ. शकील अहमद खान, सचिव, राष्ट्रीय पर्यावरण विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली ने आम जनमानस में पर्यावरणीय जागरूकता एवं सुरक्षा को बढ़ावा देने में अकादमी की भूमिका को रेखांकित किया तथा इस महत्वपूर्ण विषय पर राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन आयोजित करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना की सराहना की। इस अवसर पर 'सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के किसानों का सामाजिक-आर्थिक उत्थान' विषय पर एक विशेष तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 50 किसानों के साथ-साथ धानुका एग्रो टेक, जैन इरिगेशन एवं श्री मिलेट फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सत्र में उद्यमिता विकास, मोटे अनाज (मिलेट्स) की खेती एवं उत्पाद विकास, पीपीपी मॉडल के माध्यम से किसानों की आय वृद्धि तथा किसानों को कृषि उद्योग से जोड़ने जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त जलवायु परिवर्तन तथा प्रदूषण शमन हेतु हरित प्रौद्योगिकियां विषयों पर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें देशभर से आए 200 से अधिक वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों, शिक्षाविदों एवं किसानों ने अपने अनुभव एवं विचार साझा किए। सत्र के उपरांत किसानों ने प्रक्षेत्र भ्रमण भी किया` कार्यक्रम के दौरान देश के विभिन्न भागों से आए प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय पर्यावरण विज्ञान अकादमी पुरस्कार जैसे कि नेसा फेलोशिप, के. सी. बोस गोल्ड मेडल आदि से सम्मानित किया गया तथा नवोन्मेषी कृषक पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों द्वारा सम्मेलन की स्मारिका एवं सार पुस्तिका का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनीषा टम्टा द्वारा किया गया तथा समन्वय डॉ. रचना दुबे, वैज्ञानिक एवं डॉ. सौरभ कुमार, वैज्ञानिक द्वारा किया गया।

# पटना-डोभी हाईवे पर बड़ी वारदात की योजना बना रहे तीन बदमाश गिरफ्तार

## हथियार, गोली, विदेशी करेंसी और 40 हजार नकद बरामद

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-डोभी हाईवे पर बेउर थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अपराध की योजना बनाते तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए बदमाश किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के इरादे से हाईवे पर जमा हुए थे. पुलिस ने इनके पास से हथियार, गोली, विदेशी करेंसी, नकद भारतीय रुपए और मोबाइल फोन बरामद किए हैं. पुलिस के मुताबिक बेउर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि पटना-डोभी हाईवे पर पल्सर बाइक से सवार तीन अपराधी संदिग्ध अवस्था में किसी बड़ी आपराधिक घटना की योजना बना रहे हैं. सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीनों बदमाशों को मौके से गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार अपराधियों की पहचान नीरज कुमार उर्फ विक्की घोसी, जहानाबाद, पवन कुमार घोसी, जहानाबाद एवं शिवम आनंद, निवासी बड़हिया के रूप में हुई है. तलाशी के दौरान इनके पास से एक रिवॉल्वर, छह जिंदा कारतूस, नेपाली करेंसी 5 हजार 110 रुपए, भारतीय नकद 40 हजार रुपए और चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं. पुलिस का कहना है कि तीनों बदमाश किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे. पकड़े गए अपराधियों से पूछताछ की जा रही है और इनके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है. मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है.

### सेवानिवृत बीडीओ के घर चोरी मामले में खुलासा, तीन चोर गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिछले 18 जनवरी को गोला रोड में सेवानिवृत बीडीओ के घर में हुई चोरी मामले में पुलिस ने खुलासा किया है. पुलिस ने तीन चोर गिरफ्तार किया और चोरी का सोने के जेवरात बरामद किया गया है. एएसपी शिवम धाकड ने प्रेस वार्ता में पत्रकारों को बताया कि गोला रोड निवासी सेवानिवृत बीडीओ के पुत्र अभिषेक ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कराया गया था. एएसपी के निर्देशन में थानाध्यक्ष शशि भूषण सिंह के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर रूपसपुर नहर निवासी सन्नी बिंद को गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार सन्नी के घर से सोना के तीन कंगन ,एक पीस कानबाली, एक पीस कान का लरी, एक पीस झुमका एक पीस ब्रासलेट व 26.500 नगद रुपए बरामद किया गया था. गिरफ्तार सन्नी के निशानदेही पर नालंदा जिले के बिहारशरीफ सोनार सुरेंद्र कुमार मालमा अस्थावा नालंदा व राम एकबाल प्रसाद धोबी बिगहा अस्थावा नालंदा निवासी को गिरफ्तार किया गया है।

# भूमि विवाद में गोलीबारी से थर्राया पसही फरीदपुर

## हथियार-कारतूस बरामद, तीन गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जानीपुर थाना क्षेत्र के पसही फरीदपुर गांव में गुरुवार को जमीन पर कब्जे को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद हिंसक हो गया और मामला गोलीबारी तक पहुंच गया. अचानक हुई फायरिंग से पूरे गांव में अफरातफरी मच गई और लोग दहशत में घरों में दुबक गए.सूचना मिलते ही जानीपुर थाना पुलिस थानाध्यक्ष नवीन कुमार के नेतृत्व में दलबल के साथ मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. पुलिस ने घटनास्थल से गोली का खोखा बरामद किया. इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित के घर पर छापामारी की. छापामारी के दौरान पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक दो नाली बंदूक, 19 जिंदा कारतूस, 29 खोखा और एक एयर गन के रूप में तैयार हथियार बरामद किया. पुलिस ने इस मामले में बैजू प्रसाद गुप्ता तथा उसके दो पुत्र सुजीत कुमार और रोहित कुमार को गिरफ्तार कर लिया है. हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है. गांव वालों के मुताबिक बैजू गुप्ता हथियार के बल पर हमेशा गांव में दबंगई करता है और जमीन कब्जा करने की फिराक में रहता है.



पुलिस के अनुसार 22.01.2026 गुरुवार को जानीपुर थाना अंतर्गत ग्राम पसही फरीदपुर में दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद को लेकर गोलीबारी की सूचना प्राप्त हुई. घटना की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी), पटना के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी फुलवारीशरीफ-02 के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया. पुलिस जांच में सामने आया कि पसही फरीदपुर निवासी लाल बाबू गुप्ता और उनके भाई बैजू प्रसाद गुप्ता के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा था. इसी विवाद को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ, जिसके बाद बैजू प्रसाद गुप्ता अपने पुत्रों के साथ अवैध हथियार लेकर मौके पर पहुंचा और लाल बाबू गुप्ता को निशाना बनाकर फायरिंग शुरू कर दी. गोली चलते ही लाल बाबू गुप्ता किसी तरह जान बचाकर मौके से भाग निकले. इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी फुलवारीशरीफ-02 दीपक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध जानीपुर थाना में कांड दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया है.

# बिहार ग्रामीण बैंक की वित्तीय समावेशन एवं वित्तीय योजनाओं हेतु प्रचार गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार ग्रामीण बैंक द्वारा बैंक की विभिन्न योजनाओं, सेवाओं एवं नाबार्ड के वित्तीय साक्षरता से संबंधित जानकारियों को आम जनता तक पहुँचाने के उद्देश्य से नाबार्ड द्वारा वित्तपोषित प्रचार गाड़ी को आज दिनांक 22.01.2026 को विधिवत रूप से रवाना किया गया। इस अवसर पर बैंक के माननीय अध्यक्ष महोदय श्री मुकुल सहाय के साथ महाप्रबंधक श्री चित्तरंजन चौधरी एवं महाप्रबंधक श्री दीपक कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर प्रचार गाड़ी को प्रधान कार्यालय, पटना से रवाना किया। यह प्रचार गाड़ी बैंक के कार्यक्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में भ्रमण करेगी तथा आम नागरिकों को प्रधानमंत्री जन-धन योजना, कृषि ऋण, स्वयं सहायता समूह, डिजिटल बैंकिंग, बीमा, पेंशन योजनाओं सहित अन्य बैंकिंग सुविधाओं के प्रति जागरूक करेगी। इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने कहा कि बिहार ग्रामीण बैंक निरंतर ग्रामीण जनता को सशक्त बनाने तथा उन्हें औपचारिक बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रचार गाड़ी के माध्यम से लोगों तक सही एवं उपयोगी जानकारी पहुँचाने में सहायता मिलेगी, जिससे अधिक से अधिक लोग बैंक की योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे।कार्यक्रम में बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



### अस्पताल में टेक्नोलॉजी नहीं होने के चलते युवाओं की भी हो रही है मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल अस्पताल करीब 20 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हो गया है और उसमें इलाज भी होना शुरू हो गया है लेकिन समुचित उपकरण और चिकित्सा के अभाव में लोगों की जान हर रोज जा रही है। हालत यह है कि बुधवार की देर रात्रि गोवासा शेखपुरा पंचायत के 22 वर्षीय विकास कुमार नामक युवक कि अचानक तबीयत खराब हुई और वह जल्दबाजी में अस्पताल पहुंचा सीने में दर्द की शिकायत को लेकर चिकित्सकों ने इलाज तो शुरू किया लेकिन अस्पताल में समुचित उपकरण नहीं होने के चलते कुछ ही देर बाद युवक ने दम तोड़ दिया। वहीं पर सब विभाग में दिन के 2:00 बजे के बाद महिला चिकित्सक की तैनाती नहीं होने के चलते अस्पताल में महिला प्रस्तुति विभाग के महिलाओं को हर समय बिना डॉक्टर का ही बच्चा को जन्म देना पड़ता है।

# एक दमकल गाड़ी से दुकानों से निकल रहे धुएं को बुझाया

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरूवार की सुबह पेठिया बाजार मां संतोषी मंदिर के पास आगलगी दुकानों से फिर धुआं देने पर एक दमकल गाडी से आग को बुझाया गया. करीब आघा घंटे के बाद दुकानों से निकाले रहे धुआं को बुझाया. आगलगी में उमेश कुमार के नमक व बिस्कूट, पिंटू कुमार का किराना दुकान , नंद साव , द्वारिका चौधरी के गुड दुकान, मनोज केसरी, ओम प्रकाश व कारी साव का दुकानें जल गये थे. साथ ही भूमिहीन वंशी लाल राय, बंटी कुमार , विक्की कुमार व भोला कुमार के झोपडीनुमा घर जलकर राख हो गया है. आगलगी में मां संतोषी मंदिर को क्षति हुआ है. आगलगी सूचना पर सीओ चंदन कुमार ने राजस्व कर्मी को भेजकर आगलगी पीडितों के बारे में जानकारी लिया गया है. सीओ चंदन कुमार ने बताया कि भूमिहीन झोपडीनुमा आगलगी पीडितों परिवारों को मुअवाजा देने के लिए आपदा प्रबंधन विभाग को पत्र भेजा जायेगा. बता दे कि बुधवार की देर शाम करीब 7.30 बजे अचानक मां संतोषी मंदिर के सटे उमेश के नमक व बिस्कूट दुकान से आग लगी और देखते ही-देखते ही आग की लपटें विकराल हो गया.आग से लाखों का नुकसान होने की आशंका है. आगलगी में किराना दुकानदार का सबसे ज्यादा क्षति हुई है. लपटें उठती देख आसपास के दुकानदारों ने आग बुझाने का प्रयास किया. लेकिन आग और भी विकराल हो गया. देखते ही देखते ही आग के लपटें से दुकानों में रखी सारा सामान व झोपडीनुमा घर जल कर राख हो गया .अग्निशमन पदाधिकारी विजय शंकर यादव ने बताया कि आग कैसे लगी है. इसकी जांच किया जा रहा है.

# आत्महत्या करने स्टेशन पहुंची महिला झांसे में फंसकर पहुंची कोलकाता रेड लाइट एरिया

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना जिले के मनेर स्थित एक गांव से छह माह पूर्व मामूली सी बात पर ससुराल वालों से झगड़े कर घर से भागकर आत्महत्या करने पटना स्टेशन पहुँची 23 वर्षीय महिला एक युवक के चंगुल में फंस गयी। महिला को अज्ञात युवक ने नौकरी दिलाने के झांसे देकर पश्चिम बंगाल के रेड लाइट एरिया में बिक्री कर दिया। ग्राहक के माध्यम से महिला के भाई को सूचना मिलने के बाद मनेर पुलिस से मामले की शिकायत की। इसके बाद मनेर पुलिस की टीम ने पश्चिम बंगाल पुलिस के सहयोग से रेड लाइट एरिया में छापेमारी करते हुए महिला को बरामद कर लिया है। वही पुलिस ने देह व्यापार के धंधे के एक संचालक को गिरफ्तार कर अपने साथ थाने ले आई है। बताया जाता है कि मनेर थाना क्षेत्र के गांव एक गांव की रहने वाली 23 वर्षीय महिला किसी बात को लेकर माह पूर्व अपने ससुराल वालों से झगड़ा कर घर से भागते हुए आत्महत्या करने के लिए पटना जंक्शन पहुंच गई। इस बीच एक अज्ञात युवक ने उसे बहला फुसलाकर नौकरी दिलाने का झांसा देते हुए अपने साथ पश्चिम बंगाल किसी तरह ले गया।

पश्चिम बंगाल कोलकता स्थित इस्लामपुर के रेड लाइट एरिया में देह व्यापार का धंधा संचालित करने वाले एक व्यक्ति से 25 हजार रुपए में बेच दी। वहीं पिछले 6 मार्च व्यापार के धंधे के संचालक के द्वारा जबरन उसे देह व्यापार का धंधा करना भी शुरू कर दिया। इस बीच देह व्यापार के धंधे के दौरान पहुंचे एक ग्राहक के मदद से महिला ने किसी तरह इसकी सूचना अपने गांव स्थित भाई को दी। मामले की जानकारी होते ही महिला के भाई उसके पति के साथ मनेर थाना पहुंचकर लिखित शिकायत करते हुए मामला दर्ज कराया। जिसके बाद मनेर थाना के एसआई व अनुसंधान कर्ता अफसर अली के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल पुलिस के सहयोग से छापेमारी उत्तर दीनाजपुर जिले के इस्लामपुर स्थित देव व्यापार के अड्डे से बरामद किया गया।

# पुलिस ने फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के पंडारक थाना की पुलिस ने गुरुवार के दिन एनटीपीसी सरहन डैम के पास ताबड़तोड़ फायरिंग की सूचना पाकर पंडारक थाना अध्यक्ष नवनीत राय अपने कई पुलिस बल के साथ बदमाशों की घेराबंदी करते हुए घटनास्थल से तीन युवक को गिरफ्तार किया उसके पास से दो देसी कट्टा आठ जिंदा कारतूस साथ खोखा और तीन मोबाइल बरामद किया है। पकड़े गए तीनों बदमाश की आपराधिक छवि की जांच की जा रही है। सनी कुमार का अपराधिक छवि सामने आया है। पकड़े गए अपराधी में शनि कुमार हसन चक, सिंटू कुमार रसुल्ला गांव गांव, मोहित प्रिंस कुमार गोवाशा शेखपुरा के रूप में पहचान हुई है, बाढ़ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आनंद कुमार सिंह ने बताया कि घटना को लेकर पुलिस ने लगातार बदमाशों पर दविश बनाने के लिए छापेमारी की है। जिसके तहत गिरफ्तारी हुई है। पुलिस और भी बदमाशों की तलाश करने में जुटी हुई है।

# दानापुर से लापता विवाहित युवती बेहोशी की हालत में बरामद, जेवरात गायब

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को थाना मोड से लापता विवाहित युवती दानापुर स्टेशन गोलंबर पर तैनात यातायात पुलिस ने गुरूवार को शाम में बेहोशी के हालत में बरामद किया गया है. युवती के सोने के जेवरात गायब है. बेहोशी के हालत में युवती को दानापुर पुलिस के हवाले कर दिया गया है. इस संबंध में थाना क्षेत्र के श्रीराम नगर गजाधरचक गोलारोड निवासी उदय राय ने बुधवार को देर शाम स्थानीय थाना में अपनी 21 वर्षीय विवाहित पुत्री प्रियंका कुमारी के लापता होने के लिए लिखित शिकायत किया था. लिखित शिकायत में उदय ने बताया कि बुधवार को दोपहर करीब 12.20 बजे घर से थानापर स्थित ब्यूटी पार्लर में गई थी. जब देर शाम तक घर नही पहुंची तो खोजबीन किया तो कुछ पता नही चल. उन्होंने बताया कि गुरूवार को शाम में दानापुर स्टेशन गोलंबर से यातायात पुलिस ने फोन किया कि आपकी पुत्री बेहोशी के हालत में है. सूचना पर परिजनों दानापुर स्टेशन पहुंची और अपनी पुत्री को बेहोशी हालत में दानापुर थाना लेकर आई. प्रिंयका ने अपने पिता व मां को बताया कि थानापर स्थित ब्यूटी पार्लर में गई थी और भीड होने पर बीबीगंज मोड स्थित ब्यूटी पार्लर जाने के क्रम में थाना मोड पर दो महिला ने मुझे से जरूरी कॉल करने के लिए फोन मांगी और इसी दौरान एक महिला ने मेरे मुंह कुछ नशीली पदार्थ छिडक दिया. उसके बाद मुझे कहां दोनों महिलाओं ने ले गई और दोनों महिला ने मेरा सोने के झुमका, मंगल सूत्र व दुर्गा जी लॉकेट समेत अन्य जेवरात निकाल लिया .प्रियंका ने अपने परिजनों को बताया कि बेहोशी के हालत में दोनों महिला ने गुरूवार को दोपहर में करीब ढाई बजे दानापुर स्टेशन गोलंबर के पास छोडकर फरार हो गई. मैंने किसी तरह यातायात पुलिस के पास पहुंचे और यातायात पुलिस को अपने पिता के मोबाइल नंबर पर कॉल करने के लिए कही और घटना के बारे में बताया तो यातायात पुलिस ने मेरे पिता के मोबाइल पर कॉल कर बताया. तब जाकर मेरे पिता व परिजनों दानापुर स्टेशन गोलंबर पहुंचे और मुझे बेहोशी के हालत में थाना लेकर आये है. थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि मामले की छानबीन किया जा रहा है और थाना मोड के सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है, ताकि दोनों महिलाएं को पहचान किया जा सकेंगे.

## संक्षिप्त समाचार

### ताप्ती गंगा एक्सप्रेस के राजापट्टी में ठहराव की मांग, ग्रामीणों ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के मशरकझ्छपराझ्थावे रेलखंड के राजापट्टी रेलवे स्टेशन पर ताप्ती गंगा एक्सप्रेस के ठहराव की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सामाजिक कार्यकर्ता राजीव प्रताप के नेतृत्व में मंडल रेल प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि गाड़ी संख्या 19045/19046 ताप्ती गंगा एक्सप्रेस का यहां ठहराव नहीं होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी होती है, जबकि इस मार्ग से यात्रा करने वालों की संख्या काफी अधिक है। ज्ञापन सौंपने वालों में भीम सिंह, चंद्रमणि सिंह समेत अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

### शिक्षा समिति चुनाव को लेकर मारपीट, आधा दर्जन घायल

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पचभिंडा गांव स्थित कोइरी टोला में विद्यालय शिक्षा समिति के चुनाव को लेकर हुए विवाद में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज रेफरल अस्पताल तरैया में कराया गया। घटना को लेकर दोनों पक्षों ने थाना में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें कुल डेढ़ दर्जन लोगों को नामजद किया गया है। पहली प्राथमिकी में शैलेन्द्र कुमार सिंह ने ललन सिंह, मनोज सिंह, विनोद सिंह, मेघनाथ सिंह, दीपराज कुमार, हिमांशु कुमार, आशुतोष कुमार और विवेक कुमार को नामजद किया है। दूसरी प्राथमिकी मनोज कुमार सिंह की ओर से दर्ज कराई गई है, जिसमें शैलेन्द्र कुमार सिंह, अजीत सिंह, शिव शंकर कुमार, सुग्रीव सिंह, ललिता देवी, निशांत कुमार, गुड्डू कुमार सिंह, मिथुन कुमार, अंकित कुमार और रणवीर कुमार को अभियुक्त बनाया गया है।
पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डोरीगंज थाना क्षेत्र के मानुपुर जहांगीर गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की मां, सिवान जिले के सिसवन थाना क्षेत्र की प्रतिमा देवी ने ससुराल पक्ष पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोपों के अनुसार, विवाहिता पुजा कुमारी की शादी 2017 में मानुपुर निवासी संजीत कुमार से हुई थी। प्रतिमा देवी ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही पुत्री को प्रताड़ित किया जाता था और तलाक देने का दबाव बनाया जाता था। 20 जनवरी को सूचना मिली कि पुत्री की मौत हो गई है। उन्होंने आशंका जताई कि ससुर, सास, देवर एवं पति ने मिलकर उसे जहर देकर मार डाला। थानाध्यक्ष दिलीप कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा।

### आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने जेपीयू के कुलपति के साथ किया चिरांद का दौरा



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने बुधवार को सारण जिले के चिरांद पुरातात्विक स्थल का दौरा किया। उन्होंने गंगा, सरयू और सोन नदी के संगम तट स्थित ऐतिहासिक अवशेषों को देखा और विशेषज्ञों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। आचार्यों ने उन्हें बताया कि यह स्थल रामायण काल से जुड़ा हुआ है तथा इसे भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा का महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है। दौरे में जेपी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रमेन्द कुमार वाजपेई, एमएलसी सच्चिदानंद राय, पुरातत्वविद अनंत आशुतोष द्विवेदी, निदेशक विमल तिवारी सहित कई विशेषज्ञ मौजूद थे।

### नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर ई आदित्य सिंह ने दी बधाई



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर अखिल भारतीय हिंदू महासभा (युवा मोर्चा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा भाजपा युवा मोर्चा के प्रवक्ता ई. आदित्य सिंह ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन अब तक के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं तथा बिहार के लिए यह गौरव की बात है कि संगठन का सर्वोच्च पद पहली बार राज्य के किसी नेता को मिला है।

### 795 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरस्वती पूजा को लेकर पुलिस अंचल क्षेत्र में पुलिस ने 107 की कारवाई करते हुए दर्जनों डीजे को जब्त किया है। मैनाटांड थानाध्यक्ष शंभूशरण गुप्ता ने बताया कि 331 लोगों पर 107 की कारवाई की गई है। इनरवा थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि 188 लोगों पर,भंगहा थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि 85 लोगों पर, पुरूषोतमपुर थानाध्यक्ष सुधा कुमारी ने बताया कि 115, लोगों पर,मानापूर थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि 76 लोगों पर निरोधात्मक कारवाई की गई है।

### इंटर के नामांकन में एच एम ने की अवैध उगाही

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के लक्ष्मीनारायण उच्च वि+2 पिराडी में इंटर में नामांकन कराने गई एक छात्रा से एच एम दीना राम द्वारा अवैध राशि उगाही करने का मामला सामने आया है। इधर इंटर में पढाई करने वाली धोबीनी गांव के नीलम कुमारी ने उप प्रमुख खुर्शीद आलम से शिकायत करते हुए बताया है कि इंटर में नामांकन हेतु इस विधालय में गये तो एच एम के द्वारा पहले मुझे खुब दौड़ाया गया फिर 2500 रुपये लेकर नामांकन की गई। छात्रा का कहना है कि एच एम अपने घर पर बुला कर हमसे 2500 रुपए लेकर नामांकन किए और 940 रुपए का रसीद दीए। छात्रा ने उप प्रमुख से शिकायत करते हुए बताया कि स्कुल प्रशासन के खलाफ कोई आवाज उठाता है तो प्रैक्टिकल में उससे कम नंबर दिया जाता है। इधर उप प्रमुख खर्शीद आलम ने एच एम दीना राम को फोन कर छात्रा से लिए गए अतिरिक्त पैसे को वापस करने कहा।

### मशरक जंक्शन व छपरा-थावे रेलखंड का डीआरएम ने किया निरीक्षण



**छपरा/मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वाराणसी मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने मण्डलीय अधिकारियों के साथ विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के क्रम में मशरक जंक्शन का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन की यात्री सुविधाओं, संरक्षा, अमृत भारत स्टेशन विकास योजना के अंतर्गत कार्य प्रगति एवं अन्य पहलुओं की समीक्षा की। उन्होंने यात्री आरक्षण केंद्र को स्टेशन भवन से हटाकर सड़क के समीप शिफ्ट करने, पुराने भवन को विश्रामालय बनाने, निष्प्रयोज्य सामग्रियों को हटाने, प्लेटफार्म पर अतिरिक्त बेंच तथा रोशनी-पंखे बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल इंजीनियर विकास कुमार सिंह, विनीत कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान, वरिष्ठ मंडल सिग्नल इंजीनियर यशवीर सिंह, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी एम. रमेश कुमार, मंडल विद्युत इंजीनियर दीपक यादव, सहायक मंडल इंजीनियर ए. के. राय सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

### पिपलेश्वर नाथ शिव मंदिर में अखंड अष्टयाम हेतु निकली कलश यात्रा

सैकड़ों भक्तों की सहभागिता, वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शुरू हुआ दो दिवसीय अनुष्ठान

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत मशरक के पश्चिम टोला स्थित बाबा पिपलेश्वर नाथ शिव मंदिर परिसर में बुधवार को 26वां वार्षिकोत्सव एवं अखंड अष्टयाम को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु महिलाओं, बहनों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। कलश यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर मशरक पश्चिम टोला, रामघाट, देवरिया गांव होते हुए घोघारी नदी घाट तक पहुंची, जहां आचार्य उज्जवल शास्त्री और गोल्डेन शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जल भरा गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर में हरे राम-हरे कृष्ण के संकीर्तन के साथ अखंड अष्टयाम प्रारंभ हुआ। यजमान के रूप में नंद किशोर सिंह एवं उनकी पत्नी गुड़िया देवी मौजूद रहे। इसके अलावा पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह, गजेंद्र सिंह, पूर्व सरपंच बिनोद प्रसाद, शिवजी मिश्रा, राम नरेश मिश्रा, रामेश्वर मिश्रा, रुदल सिंह, पप्पू सिंह, पंचदेव सिंह, सभापति सिंह, सुदामा सिंह, जलेश्वर सिंह, महेश सिंह, श्याम बिहारी सिंह, बिट्टू सिंह, सोनू सिंह, मुकुटधारी सिंह, भानू सिंह, रत्नेश सिंह, राम शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# पूर्वी चंपारण में नई चीनी मिल स्थापित करने की योजना



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण जिले में एक नई चीनी मिल की स्थापना के प्रस्ताव पर जिला प्रशासन द्वारा सक्रिय रूप से कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में मिल के लिए मोतिहारी से आगे कल्याणपुर या चकिया क्षेत्र को प्रस्तावित स्थान के रूप में शामिल किया जाना प्रस्तावित है। जिला प्रशासन चकिया क्षेत्र में चीनी मिल स्थापित करने के पक्ष में है, ताकि कल्याणपुर और चकिया क्षेत्र के आसपास के किसानों को अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। जिला प्रशासन द्वारा मोतिहारी रामगढ़वा या सुगौली में चीनी मिल स्थापित करने से विशेष रूप से बचा जा रहा है, क्योंकि यह स्थान सुगौली चीनी मिल से कम दूरी पर स्थित है । यदि दोनों मिलें निकटवर्ती क्षेत्र में स्थापित हो जाएं तो गन्ने की आपूर्ति में समस्या उत्पन्न हो सकती है। वर्तमान में सुगौली चीनी मिल लाभकारी रूप से संचालित है और रामगढ़वा, छपवा, सेमरा, रघुनाथपुर तथा सरिसवा क्षेत्र के किसानों को पहले से ही लाभान्वित कर रही है। चीनी मिल की स्थापना के लिए पर्याप्त मात्रा में भूमि की आवश्यकता होगी। यदि किसी एक स्थान पर आवश्यक भूमि उपलब्ध नहीं होती है, तो भूमि अधिग्रहण या सीलिंग प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त भूमि को प्रस्ताव में शामिल किया जाएगा। पूर्व में स्थापित निजी चीनी मिलों की भूमि यदि सीलिंग प्रक्रिया के अंतर्गत आती है, तो सीलिंग के माध्यम से प्राप्त होने वाली भूमि को प्रस्ताव में लिया जा सकता है। शहरी क्षेत्र में स्थित भूमि पर सीलिंग एक्ट लागू नहीं होता है, इसलिए ऐसी भूमि का भूमि अधिग्रहण प्रस्ताव तैयार किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त निकटवर्ती मौजा में उपलब्ध सरकारी भूमि को भी प्रस्ताव में शामिल किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार निजी भूमि के अधिग्रहण अथवा सतत लीज का प्रस्ताव भी तैयार किया जाएगा। उक्त कार्य के लिए जिला प्रशासन द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पदाधिकारी चकिया, जिला ईख पदाधिकारी एवं भू अर्जन पदाधिकारी की एक टीम बनाकर 15 दिन में प्रस्ताव तैयार करने के निर्णय लिया है। जिला प्रशासन द्वारा शीघ्रातिशीघ्र स्थान का चिह्नीकरण कर विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया जाएगा और राज्य सरकार को प्रेषित किया जाएगा। नई चीनी मिल से कल्याणपुर और चकिया क्षेत्र के किसानों को विशेष लाभ प्राप्त होगा, जिससे गन्ना उत्पादकों को उचित मूल्य प्राप्त होगा और स्थानीय रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। जिला प्रशासन इस महत्वपूर्ण परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार से स्वीकृति प्राप्त होते ही परियोजना कार्य तत्काल प्रारंभ किया जाएगा। यह परियोजना पूर्वी चंपारण के गन्ना उत्पादक किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने तथा समग्र क्षेत्रीय विकास को गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## समृद्धि यात्राः मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का छपरा के बिनटोलिया में कार्यक्रम सम्पन्न

### कई मंत्री, सांसद-विधायक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि रहे मौजूद



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर प्रखंड क्षेत्र के बिनटोलिया में बिहार के विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के मुख्य सभागार में सोमवार को भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजेंद्र यादव, विजय चौधरी, श्रम मंत्री संजय सिंह टाइगर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी, महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल सहित कई प्रमुख नेता उनकी आगवानी में मौजूद थे। कार्यक्रम में भाजपा के सोनपुर विधायक विनय सिंह, मशरख विधायक केदारनाथ सिंह, छपरा विधायक छोटी कुमारी, पूर्व विधायक ज्ञानचंद मांझी, भाजपा जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह, जिला महामंत्री विवेक सिंह, धर्मेंद्र साह, रिविलगंज 20 सूत्री अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, जिला प्रवक्ता मदन कुमार सिंह, जिला सह कोषाध्यक्ष बलवंत सिंह, सदर मंडल 20 सूत्री अध्यक्ष रिंकू सिंह, जिला प्रवक्ता राजेश फैशन, रिविलगंज नगर अध्यक्ष सतेंद्र शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। इस बीच भाजपा नेताओं व कार्यकताओं ने छपरा की विधायक से कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश के दौरान सीएम के कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा में तैनात अधिकारी पर अभद्रता का आरोप लगाया है।

### 24 जनवरी को एकदिवसीय जॉब सह कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का होगा आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला नियोजनालय, पूर्वी चम्पारण, के कैंपस में 24.01.2026 को प्रातः 11:00 बजे एक दिवसीय जॉब कैंप सह कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है इस जॉब कैम्प में सिन्दूजा माइक्रो क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भाग लिया जाएगा और अभ्यर्थियों का चयन ब्ळव्ड पद के लिए किया जाएगा। विभिन्न पदों के लिए योग्यता 12 वीं पास एवं बाइक और उक्ष आवश्यक है, उम्र पुरुष 18 - 30 वर्ष निर्धारित है। जॉब का कार्यस्थल पूर्वी चम्पारण, मुजफ्फरपुर एवं बेतिया में होगा और मानदेय 14000 से 16000 प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। साथ ही साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाएगी जैसे आवास , इंसेंटिव,पीएफ,मेडिकल, फ्यूल इत्यादि ' इस जॉब कैंप मे कुल - 150 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न

### विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, अधिकारियों को दिए गए आवश्यक निर्देश

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सांसद-सह-अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की शुरूआत में उप विकास आयुक्त द्वारा पूर्व में आयोजित दिशा बैठक की कार्यवाही एवं अनुपालन प्रतिवेदन की विस्तृत जानकारी सदन के समक्ष प्रस्तुत की गई। बैठक के दौरान जन-जन स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी), ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, कृषि एवं किसान कल्याण, अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी एवं ग्रामीण), पीएम स्वनिधि, पशुपालन एवं डेयरी विकास, एकीकृत बाल विकास योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बाल संरक्षण योजना, डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, समग्र शिक्षा अभियान, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, अल्पसंख्यक कल्याण, खेलो इंडिया सहित अन्य केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँचना प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण केंद्रों को शीघ्र क्रियाशील करने का निर्देश दिया। साथ ही नगर निकाय क्षेत्रों में पीएचईडी द्वारा संचालित जलापूर्ति योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराने तथा ऑनलाइन प्राप्त शिकायतों एवं उनके समाधान से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने चनपटिया नगर पंचायत क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला खनन पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि बैरिया प्रखंड अंतर्गत पखनाहा में पीडी रिंग बांध के समीप किसी भी प्रकार का अवैध खनन नहीं होना चाहिए तथा इसके लिए नियमित निरीक्षण एवं छापेमारी की जाए, जिससे बांध की संरचना को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे। बीएसएनएल प्रबंधन को ऑप्टिकल फाइबर बिछाने से संबंधित अद्यतन प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। माननीय अध्यक्ष ने खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने पर बल देते हुए नरकटियागंज एवं हरनाटांड़ में फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए एक्सीलेंस सेंटर निर्माण हेतु शीघ्र भूमि उपलब्ध कराने को कहा। इसके साथ ही बगहा में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए आवश्यक कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन को अनुमंडलीय अस्पताल नरकटियागंज का निरीक्षण कर सभी चिकित्सीय एवं आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। ग्रामीण कार्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने तथा क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मति कराने का निर्देश भी दिया गया।

### भ्रामक खबर फैलाने वाले पत्रकार पर विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की तैयारी

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चम्पारण भूमि बिक्री का आदेश इस आशय की खबरों का बार - बार दुष्प्रचार किया जा रहा है। जब कि यह विदित है कि किसी भी विधि, अधिनियम अथवा प्रक्रिया के अंतर्गत कोई भी पदाधिकारी भूमि के क्रय अथवा विक्रय का आदेश देने के लिए अधिकृत नहीं है। जिला प्रशासन केवल सरकारी भूमि को रोक सूची में डाल सकता है। इसके अतिरिक्त वैसी भूमि जो अधिग्रहण/भू हदबंदी/स्वत्ववाद के अंतर्गत आती है उन्हें ही रोक सूची में डाले जाने की अनुमति है। माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों का अनुपालन भी जिला प्रशासन के द्वारा किया जाना अनिवार्य है। अतः उक्त भ्रामक एवं तथ्यहीन खबरों को चिन्हित करते हुए संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधि - सम्मत कानूनी कार्रवाई की जा रही है ।

## पटना गर्ल्स हॉस्टल मामले पर बोले राम बाबू यादव, डबल इंजन सरकार को घेरा



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व महागठबंधन प्रत्याशी राम बाबू यादव ने पटना स्थित एक गर्ल्स हॉस्टल में सामने आए गंभीर मामले को लेकर राज्य की सत्तासीन डबल इंजन सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इस घटना को अत्यंत चिंताजनक बताते हुए कहा कि यह सीधे तौर पर राज्य में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है। राम बाबू यादव ने कहा कि जिस तरह से लड़कियों की दुर्दशा सामने आ रही है, वह बिहार जैसे राज्य के लिए शर्मनाक है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे लोग इस संवेदनशील मामले पर अजीब चुप्पी साधे हुए हैं, जो सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब राजधानी पटना में छात्राएं सुरक्षित नहीं हैं, तो प्रदेश के अन्य हिस्सों की स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। पूर्व प्रत्याशी ने मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने यह भी कहा कि केवल बयानबाजी से नहीं, बल्कि ठोस कदम उठाकर ही सरकार महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को लेकर अपनी प्रतिबद्धता साबित कर सकती है। राम बाबू यादव ने अंत में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि वे इस मुद्दे को अब से लगातार उठाते रहेंगे और छात्राओं के सम्मान व सुरक्षा के लिए हर मंच से आवाज बुलंद करेंगे।

## 38.72 प्रतिशत किसानों का बना फॉर्मर आईडी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड में फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत 21 जनवरी तक 8230 किसानों का फॉर्मर आईडी बनाया गया है जो कि किसानों की संख्या के 38.72 प्रतिशत है। हालांकि विभाग इसको लेकर सख्त है। इस संदर्भ में जिला प्रशासन ने सभी संबंधित पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया है कि फॉर्मर आईडी की प्रगति में तेजी लाये। इसको लेकर पंचायतों एवं सीएससी केंद्रों पर फॉर्मर आईडी बनाया जा रहा है। बीएओ रोहित गौतम ने बताया कि सभी किसानों का फॉर्मर आईडी बनाने को लेकर विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारी ने अपील की है कि जो भी किसान है वह अनिवार्य रूप से अपना फॉर्मर आईडी बनवा ले अन्यथा उन्हें कृषि से संबंधित लाभ से वंचित होना पड़ सकता है। बीएओ ने ये भी कहा कि एग्री स्टेक एप्प में तकनीकी कारणों के चले धीमी गति का सामना करना पड़ रहा है। बता दे कि प्रखंड अंतर्गत किसान सम्मान निधि के लाभ उठाने वाले लाभुकों की संख्या 21257 है। जिसमे अबतक 8230 किसानों का फॉर्मर आईडी बना है।अभी भी 13027 किसानों का फॉर्मर आईडी नही बना है।

### प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन के निर्माण को लेकर प्रक्रिया तेज

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नए प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन बनने से पहले पुराने भवन को तोड़ने को लेकर प्रक्रिया तेज कर दी गई है। जल्द ही पुराने भवन को तोड़ने का कार्य किया जाएगा। इसको लेकर गुरूवार को भवन निर्माण विभाग के कनीय अभियंता जितेंद्र कुमार व अन्य प्रखंड पहुंचे और पुराने भवन को तोड़ने की दिशा में आवश्यक निरीक्षण किया। जेई जितेंद्र कुमार ने बताया कि प्रखंड सह अंचल के लिए नए भवन करीब 84 मीटर लंबा और 76.2 मीटर चौड़े भूमि पर बनाया जाना है। निर्माण को लेकर टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। नए भवन के निर्माण पर करीब 17 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी।

## एसडीओ एवं एसडीएम सदर ने सुगौली चीनी मिल का निरीक्षण कर ओवरलोडेड ट्रैक्टर ट्राली के परिचालन पर लगाई रोक



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुगौली गन्ना लदे ट्रैक्टरों के ओवरलोड होकर सड़कों से गुजरने के कारण उत्पन्न हो रहे संभावित हादसों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सड़क सुरक्षा एवं सुगम यातायात को लेकर प्रशासन गंभीर है और ठोस कदम उठाने की शुरूआत कर दी गई है। सुगौली चीनी मिल के आसपास के पथों पर गन्ना लदे ओवरलोडेड ट्रैक्टर ट्राली के परिचालन से संभावित खतरे के विरुद्ध जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को लगातार शिकायतें मिल रही थी जिसको गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा चीनी मिल सहित आस पास के अन्य सभी मार्गों का निरीक्षण किया गया एवं चीनी मिल प्रबंधन के साथ बैठक कर समीक्षा की गई। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि ओवरलोडेड ट्रैक्टर ट्राली के परिचालन से अन्य वाहनों एवं सड़क पर चलने वाले अन्य राहगीरों को बड़ा जोखिम बना रहता है। इसको लेकर ट्रैक्टर संचालकों को निर्धारित भार क्षमता का अनुपालन करना होगा। उन्होंने कहा है कि जिन वाहनों में लाइट रिफ्लेक्टर अथवा अन्य सुरक्षा उपकरण नहीं लगे हैं तत्काल वाहन स्वामी उसे दुरुस्त कर लें, साथ ही साथ सभी वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें। सदन अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा है कि इसको लेकर आम लोगों के बीच में जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा ताकि इसका अस्थाई समाधान निकाला जा सके। इसको लेकर चीनी मिल प्रबंधन को भी जरूरी निर्देश दिए गए हैं।

# निजी विद्यालय कमजोर वर्ग के बच्चों का एडमिशन लेना सुनिश्चित करें : जिलाधिकारी



### शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में शिक्षा विभाग की हुई बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया की शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत प्रस्वीकृति प्राप्त निजी विद्यालयों में कमजोर वर्ग एवं अलाभकारी समूह के छात्रों का शैक्षिक वर्ष 2026-27 में ज्ञान दीप पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया कार्य की गति दिलाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रस्वीकृति प्राप्त निजी विद्यालय इसमें किसी भी तरह की आनाकानी नहीं कर सकते और निर्धारित कोटा के अनुसार (25%) बच्चों का नामांकन हर हाल में लेना होगा। अलाभकारी समूह से आशय है- अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग सहित अल्पसंख्यक समूह के वैसे बच्चे जिनके माता - पिता / वैधानिक अभिभावक की वार्षिक आय 1 लाख रुपया तक हो। वहीं कमजोर वर्ग के बच्चों से आशय है- सभी जातियां/ समुदाय के बच्चे जिनके माता-पिता / वैधानिक अभिभावक की वार्षिक आय 2 लाख रुपए से कम हो। विद्यालय में नामांकन के समय बच्चे की आयु 1 अप्रैल 2026 के आधार पर 6 वर्ष की आयु पूरी होनी चाहिए। छात्रों का पंजीकरण ज्ञानदीप पोर्टल के माध्यम से 31 जनवरी 2026 तक किया जा सकता है। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत प्रस्वीकृति प्राप्त निजी विद्यालय यदि कमजोर वर्ग के बच्चों का नामांकन लेने में आनाकानी करते हैं तो उनके पंजीकरण को रद्द करने की कार्रवाई की जाए। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि नियमित तौर पर नामांकन/पंजीकरण की प्रगति का अनुश्रवण करें। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि निजी विद्यालय मनमाने ढंग से नई ड्रेस एवं नई किताब कॉपी के लिए बच्चों पर दबाव बनाते हैं, जिसकी सही ढंग से जांच कराई जाए एवं इसके विरुद्ध सभी जरूरी कार्रवाई की जाए ताकि अभिभावकों पर बोझ नहीं बढ़े।समीक्षात्मक बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री राजन कुमार गिरी,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रा० शि० एवं समग्र शिक्षा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पीएम पोषण योजना, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, उप प्रबंधक तकनीकी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, सभी संभाग प्रभारी, बिहार शिक्षा परियोजना, पूर्वी चम्पारण उपस्थित थे। बैठक में दिनांक 26.01.2026 (गणतंत्र दिवस) के अवसर पर आयोजित किये जाने वाले समारोह की तैयारी की समीक्षा की गई तथा निदेश दिया गया कि सभी आवश्यक तैयारियाँ यथा- झाँकी, झण्डोतोलन, प्रेक्षागृह में संध्या 04:00 बजे से आयोजित किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की पूरी तैयारी ससमय कर लिया जाय। जिला अंतर्गत विद्यालयों में अधिष्ठापित एवं अधिष्ठापन किये जा रहे स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब के संचालन की नियमित अनुश्रवण किया जाय। विद्यालयों को शिक्षक उपस्थिति, छात्रोपस्थिति एवं अन्य संचालित गतिविधियों की प्रतिवेदन प्रेषित करने के उद्देश्य से उपलब्ध कराये गये टैबलेट के रजिस्ट्रेशन की स्थिति की समीक्षा की गई। सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि यथाशीघ्र शत्-प्रतिशत टैबलेट का रजिस्ट्रेशन पूर्ण करा लिया जाय।

**Name Change**

I hitherto known as Anjali Kumari W/o Mansarovar Singh, vill - Karanday Chewara, PO+PS-Karanday, Distt. - Sheikhpura, State- Bihar, PIN- 811304 have changed my name and shall hereafter be known as Vasundhara Devi. Date 16.01.26

# हाथीपांव : दवा सेवन ही बचाव का एकमात्र रास्ता : सिविल सर्जन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** फाइलेरिया, जिसे आम भाषा में हाथीपांव कहा जाता है, एक लाइलाज और अपंगता देने वाली गंभीर बीमारी माना जाता है। इस बीमारी से बचाव और उन्मूलन का एकमात्र प्रभावी उपाय नियमित रूप से फाइलेरियारोधी दवा का सेवन है। दवा को लेकर किसी प्रकार का भय नहीं रखना चाहिए। उक्त बातें विश्व स्वास्थ्य संगठन के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने कही। डॉ. राजेश फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों, अस्पताल प्रबंधकों एवं बीसीएम के लिए आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह प्रशिक्षण शहर के एक निजी होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ. मीना कुमारी, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. विनोद कुमार, डीसीएम धीरज कुमार, वीडीसीओ दीक्षा कुमारी, वीबीडीसी निशिकांत कुमार, पीरामल से विनोद कुमार तथा सीफार से पल्लवी कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।



**आशाकर्मियों के गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण पर दिया बल**

डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि प्रखंड स्तर पर होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों में आशाकर्मियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देना बेहद आवश्यक है। उन्होंने पुनः गृह भ्रमण, छूटे हुए गांवों और लाभुकों पर विशेष ध्यान देने तथा रैपिड रिस्पांस टीम को पूरी तरह सक्रिय रखने का निर्देश दिया।दवा सेवन की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्यकर्मी लाभुक को अपने सामने ही दवा का सेवन कराएंगे, दवा का वितरण किसी भी स्थिति में नहीं किया जाएगा। फाइलेरियारोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अत्यधिक गंभीर रोग से पीड़ित व्यक्तियों को यह दवा नहीं दी जाएगी। दवा का सेवन खाली पेट नहीं कराना है। अल्बेंडाजोल की गोली चबाकर तथा डीईसी गोली पानी के साथ लेने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि दवा सेवन के बाद यदि किसी को चक्कर या उल्टी की शिकायत होती है, तो यह शरीर में माइक्रोफाइलेरिया की मौजूदगी का संकेत है। ऐसे मामलों के प्रबंधन के लिए आशा एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के पास आवश्यक सामग्री उपलब्ध रहेगी।

**घोसी प्रखंड को छोड़ सभी प्रखंडों में चलेगा अभियान**

एसीएमओ डॉ. मीना कुमारी ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आगामी 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन अभियान प्रस्तावित है। यह अभियान घोसी प्रखंड को छोड़कर जिले के सभी प्रखंडों में चलाया जाएगा। प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य पदाधिकारियों के प्रशिक्षण के बाद आशाकर्मियों का भी प्रखंड स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए आइसीडीएस, पंचायती राज, शिक्षा विभाग और आपूर्ति विभाग के कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर आमजन को दवा सेवन की आवश्यकता और बीमारी की गंभीरता के बारे में जानकारी दी जाए। साथ ही मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों में दवा सेवन के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने पर भी बल दिया गया।

# हर वर्ग के हित को ध्यान में रखते हुए संविधान की हुई रचना

## डीडीसी ने पौधारोपण के साथ बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के काको प्रखंड क्षेत्र के दक्षिणी स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय में विद्यालय का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ पौधारोपण भी किया गया। इसके पहले कार्यक्रम की शुरूआत जिले के उप विकास आयुक्त, डॉ. प्रीति द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित अतिथियों ने खूब सराहा। इस दौरान छात्राओं में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। वार्षिकोत्सव के अवसर पर उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति, जिला कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार तथा काको प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान



बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आवासीय विद्यालय की सुविधा उन्हें सुदृढ़ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से दी गई है, ताकि संसाधनों के अभाव में कोई भी विद्यार्थी पीछे न रह जाए। उन्होंने छात्राओं से छात्रावास में पूर्ण निष्ठा और अनुशासन के साथ अध्ययन कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने समाज के हर वर्ग के हित को ध्यान में रखते हुए संविधान की रचना की। ऐसे में हम सभी का दायित्व है कि उनके पदचिह्नों पर चलते हुए शिक्षा और सेवा के माध्यम से देश के विकास में योगदान दें। कार्यक्रम में अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी, विनीत भारद्वाज सहित जिले के सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# आर.सी.एच 2.0 व दृष्टि ऐप पर एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला स्वास्थ्य समिति, जहानाबाद द्वारा बुधवार को पिरामल फाउंडेशन कार्यालय, होरिलगंज में आर.सी.एच 2.0 एवं दृष्टि ऐप पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला मॉनिटरिंग एवं मूल्यांकन पदाधिकारी चंद्रशेखर कुमार तथा पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रबंधक रवि रंजन कुमार द्वारा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पिरामल स्टेट टीम से डैनियल एवं कृष्णा कुमारी ने उपस्थित होकर तकनीकी सत्रों का संचालन किया तथा आर.सी.एच 2.0 और दृष्टि ऐप से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से ब्लॉक मॉनिटरिंग एवं मूल्यांकन पदाधिकारी तथा पिरामल फाउंडेशन के गांधी फेलोज़ ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान सब-सेंटर स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावी डिलीवरी, ब्लॉक मुख्यालय स्तर पर रिपोर्टिंग प्रणाली तथा आर.सी.एच 2.0 के अंतर्गत सब-सेंटर हेल्थ कंडीशन मैट्रिक्स की तैयारी पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस दौरान दृष्टि ऐप का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया, जिससे प्रतिभागियों को ऐप के उपयोग एवं डाटा एंट्री की प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझने का अवसर मिला।

इसके साथ ही फील्ड स्तर पर कार्य के दौरान आने वाली तकनीकी एवं संचालन संबंधी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके समाधान भी बताए गए। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे डाटा की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी।

# विदेशी शराब लदी कार जब्त, तस्कर फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना की पुलिस ने औचक निरीक्षण के दौरान बुधवार की रात्रि संडा से मंझार गांव जाने वाले रास्ते से शराब लदी कार को जब्त किया। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि तस्कर कार में शराब लादकर उक्त रास्ते से गुजर रहे थे। जांच कर रही पुलिस टीम को देखकर तस्कर अंधेरे का लाभ उठा कर भाग निकले। तलाशी के दौरान कार के अंदर से एक सौ इकतालीस लीटर विदेशी शराब बरामद हुई।

# पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ. करुणा सागर ने नीट छात्रा के परिजनों से की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** तमिलनाडु के पूर्व पुलिस महानिदेशक एवं कांग्रेस नेता डॉ. करुणा सागर ने जहानाबाद जिले के पतियावां गांव पहुंचकर नीट की तैयारी कर रही मृतक छात्रा गायत्री कुमारी के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। इस दौरान पीड़िता के पिता ने घटना की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए सहयोग की गुहार लगाई।

परिजनों की बात सुनने के बाद कांग्रेस नेता डॉ. करुणा सागर ने उन्हें ढांढस बंधाया और भरोसा दिलाया कि वे



इस कठिन समय में उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में पीड़िता को हर हाल में न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा। डॉ. करुणा सागर ने परिजनों के सामने ही बिहार के पुलिस महानिदेशक से फोन पर बातचीत कर पूरे मामले से अवगत कराया और पीड़ित परिवार की न्याय की मांग को मजबूती से रखा। डॉ. करुणा सागर की पहल पर पुलिस महानिदेशक, बिहार ने पीड़िता के पिता एवं परिवार के अन्य सदस्यों को 24 जनवरी की अपराह्न में मिलने के लिए बुलाया है, ताकि वे लिखित और मौखिक रूप से अपनी बात रख सकें। इस अवसर पर डॉ. करुणा सागर ने कहा कि "आपको न्याय अवश्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि गायत्री सिर्फ आपके परिवार की बेटी नहीं थी, वह हम सभी की बेटी थी। हम सभी मिलकर इस बेटी के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ेंगे।"

पतियावां से लौटने के बाद डॉ. करुणा सागर ने जिला परिषद भवन, जहानाबाद में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक बैठक भी की। बैठक में संगठन को मजबूत करने और जनसरोकार के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने को लेकर चर्चा की गई।

# मां सरस्वती की मूर्ति बना रहे मूर्तिकारों में इस बार दिख रही उदासी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** पिछले एक माह से अधिक समय से विद्या की देवी मां सरस्वती की मूर्ति बनाने में जुटे मूर्तिकारों में इस बार दिखी उदासी। सरस्वती पूजा का शुभ मुहूर्त 23 जनवरी को है। मूर्ति बनाने में जुटे मूर्तिकार पूरे मनोयोग मूर्ति के साज सज्जा कर मूर्ति को अंतिम रूप देने में जुटे थे। देखा जाए तो इस बार धीरे-धीरे घटते मूर्ति की मांग और कम होता मुनाफा से मूर्तिकार चिंतित भी नजर आए। जिले के शैक्षणिक संस्थानों में धूमधाम से सरस्वती पूजा के आयोजन की तैयारी चल रही है लेकिन इन संस्थानों में मूर्ति



बैठाने की प्रथा कम हो रही है। यही मूर्तिकारों के लिए चिंता का एक बड़ा कारण भी है। युवा मूर्तिकार शैलेश प्रजापति बताता है कि शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षक अब बड़ी मूर्ति की जगह छोटी मूर्तियां और कैलेंडर से पूजा कर काम चला रहे हैं लिहाजा पिछले कुछ वर्षों की तुलना में लगातार मूर्ति की मांग घटी है। युवा मूर्तिकार बताता है कि कुछ वर्ष पहले तक वह 60 से 65 मूर्तियां बनाता था लेकिन महंगाई बढ़ने के साथ साथ मूर्ति बनाने की लागत मूल्य में वृद्धि हो गए लेकिन मूर्ति के दाम में इजाफा नहीं हुआ है जिसके कारण बहुत कम आमदनी मूर्ति बनाने में अब रह गई है। हुलासगंज प्रखंड के खुदौरी गांव का मूर्तिकार अरविंद बताता है कि पहले मूर्ति खरीदने वालों की लाइन लगी रहती थी। उन्हें भी मूर्ति बनाने में बहुत उत्साह रहता था लेकिन समय के साथ-साथ मूर्ति की मांग में काफी कमी आई है।

# सांख्यिकी स्वयंसेवक को दिए गए आदेश को पूर्ण करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के सांख्यिकी स्वयं सेवक कृष्ण प्रजापति ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जब बिहार में यात्रा निकलती है तो जनता बहुत उम्मीद के साथ अपना मूल्यवान समय देकर यात्रा में शामिल होते हैं परंतु जब यात्रा में किए वादे, लिए गए निर्णय व विभाग को भेजे गए प्रस्ताव पर अमल नहीं होता है तब जनता अपने आप को ठगा एवं मायूस महसूस करने लगती है। उन्होंने मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि समाधान यात्रा 2023 में किए गए सांख्यिकी स्वयं सेवक के समायोजन की ओर कराया है। समाधान यात्रा 2022-23 के मधुबनी जिला में बीते वर्ष 11 जनवरी 2023 में सांख्यिकी स्वयं सेवक द्वारा किए गए आवेदन के आलोक में सांख्यिकी स्वयं सेवक के समायोजन के संबंध में सचिवालय पटना के उप सचिव मनोज कुमार ने 23 जनवरी 2023 के द्वारा योजना एवं विकास विभाग पटना मुख्य सचिव को आदेश निर्गत किया गया था। सांख्यिकी स्वयं सेवक कन्हैया कुमार पिता श्यामदेव प्रसाद, ग्राम-पो. कोइलख, जिला-मधुबनी को भी एक प्रतिलिपि प्रेषित किया गया था परंतु सांख्यिकी स्वयं सेवक के उज्जवल भविष्य के लिए दिए गए आदेश मुख्यमंत्री के फाइलों में सिमट कर दम तोड़ दिया। बताया कि सांख्यिकी स्वयं सेवक बिहार के विकास एवं आपके बढ़ते कार्यकाल के लिए हम सब एवं हमारे परिवार का सहयोग एवं मत जुड़ा हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि समाधान यात्रा में दिए गए आदेश को पूर्ण कर आर्थिक जनगणना 2012-2014 के दैनिक कर्मी की उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने की कृपा की जाए।

# सरस्वती पूजा को लेकर टेहटा थाना की पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर(जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने सरस्वती पूजा को लेकर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस ने लोगों को शांतिपूर्ण और सौहार्द के वातावरण में पर्व मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च निकाले जाने की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के कोहरा गांव में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। साथ ही उन्होंने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न गांव में फ्लैग मार्च भी चलाया गया, उन्होंने बताया कि पुलिस ने नज़रू बिगहा, बगवार, धिरा बिगहा, टेहटा, सेरथुआ, नन्दनपुरा, सुगाँव, कुर्था बाजार सहित विभिन गाँव मे सरस्वती पूजा को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि पूजा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जो गाइडलाइन जारी किया गया है। उसी गाइडलाइन के अनुसार सभी को मूर्ति का विसर्जन एवं अन्य कार्य करने होंगे, उन्होंने बताया कि नियम का पालन न करने वालों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# नेशनल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में सूरज ने जीता कांस्य पदक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** इंडियन पावरलिफ्टिंग फेडरेशन के तत्वावधान में हरिद्वार में नेशनल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों खिलाड़ियों ने अपनी ताकत और तकनीक का प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच औरंगाबाद जिले के पवई गांव निवासी सूरज कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

सूरज कुमार, पिता महेंद्र भगत ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर यह सफलता अर्जित की। प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने अनुभवी खिलाड़ियों को कड़ी टक्कर दी और अपने वजन वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त



किया। उनकी इस उपलब्धि के पीछे उनके कोच तरुण यादव का विशेष योगदान रहा, जिनके मार्गदर्शन और प्रशिक्षण में सूरज ने अपनी क्षमता को निखारा है। परिजनों एवं मित्रों ने सूरज कुमार को बधाई दी और उसकी इस सफलता को जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि लगन और सही मार्गदर्शन मिले तो ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना सकते हैं। सूरज की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे औरंगाबाद जिले के लिए गर्व का विषय है। बधाई देने वालों में भाई बबलू मालाकार, मनोहर मालाकार, अभिभावक सचिन वर्मा, पिंटू गुप्ता, पंकज गुप्ता, बबलू गुप्ता, राजू गुप्ता, राजन गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। सभी ने सूरज की मेहनत की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# राजद ने बनाई सत्तापक्ष को घेरने की रणनीति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के अतिसुदूरवर्तीय इलाके के छेछानी गांव में राजद कार्यकर्ताओं की रफीगंज विधान सभा क्षेत्र में हुई हार की समीक्षा की, तथा सत्तापक्ष को घेरने की रणनीति पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सरोज कुमार राम ने की। बैठक छेछानी देवी दयाल की मां एवं बब्लू यादव की चाची के श्राद्ध कार्यक्रम में रफीगंज विधानसभा के राजद प्रत्यासी रहे डॉ गुलाम शाहिद, राजद के वरीय नेता रामेश्वर कुमार रौशन, राजद नेता डॉ योगेन्द्र यादव, रफीगंज नगर अध्यक्ष राजद, मुखिया संजय यादव, सत्येन्द्र यादव, नीमा अंजन पंचायत के पूर्व जिला पार्षद मथुरा सिंह भोक्ता, पूर्व जिला पार्षद रामप्रवेश भुईयां, मनीष, कैलाश यादव सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# फेसर स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव व यात्रियों की सुविधा बढ़ाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मगध क्षेत्र निर्माण संघर्ष समिति के सचिव उमेश तिवारी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को एक पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल के अंतर्गत फेसर रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव नहीं होने व आरक्षण काउंटर सहित यात्रि सुविधाओं का घोर अभाव है। बताया कि इस संबंध में पूर्व में दिए गए मांग पत्र के क्रम में बताया कि फेसर रेलवे स्टेशन औरंगाबाद जिला मुख्यालय के निकटतम रेलवे स्टेशन है। रेलवे का 68.68 अपना डिस्मिल जमीन है। यहां से औरंगाबाद मुख्यालय ओबरा, दाउदनगर, पचरुखिया, हसपुरा, गोह, रफीगंज सहित शहरों से जुड़ा हुआ है। सभी स्थानों पर जाने के लिए पक्की सड़क भी है। बता दें कि फेसर पुलिस थाना,




सिविल अस्पताल, पशु अस्पताल, बैंक, पॉवर विद्युत ग्रीड सरकारी विद्यालय प्राइवेट विद्यालय, पंचायत भवन पेट्रोल पंप, फेसर बाजार सहित की सुविधा है। पूर्व में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के द्वारा 15.9.1995 व 21.9.1995 तक ग्रामीण जनता पूर्व भी धरना दिया गया था। यहां तक की 5.10.1995, 06.10.1095, 08.10.1095 चक्का जाम पूर्व में हुआ था। वहीं 10.08.1998, 20.08.1998, 12.12.2022, 29.04.2003 को धरना दिया गया था। बताया कि भारत सरकार के रेल मंत्रालय के द्वारा हमलोग का कुछ मांग पूरा किया गया है और कुछ मांगों में पश्चिम केबिन के समीप नहर पर रेलवे फाटक का निर्माण कार्य कराने, आरक्षित काउंटर खोलने, पूर्व के रेलवे रैक को पुनः जीवित करने, साक्ष्य के रूप में लोडिंग प्लेटफार्म अभी भी स्टेशन के उत्तर की तरफ है। वहीं महाबोधी एक्सप्रेस सं-12397/12398 अप एवं डाउन में ठहराव करने ताकि यहां के ग्रामीणों को नई दिल्ली जाने का मौका मिल सके। वहीं जोधरपुर एक्सप्रेस गाड़ी सं-12307/12308 अप एवं डाउन से ठहराव करने, बुद्ध पुर्णिमा एक्सप्रेस गाड़ी सं-14223/14224 का अप एवं डाउन में ठहराव करने जिससे की ग्रामीण जनता को राजधानी पटना एवं वाराणसी जाने का मौका मिल सके। यहां तक कि डाउन प्लेटफार्म पर यात्रि शेड का निर्माण व स्टेशन परिसर की घेराबंदी करने की मांग की है।

# जहानाबाद में वसंत पंचमी महोत्सव पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन, जहानाबाद के संयुक्त तत्वावधान मे गुरुवार को वसंत पंचमी महोत्सव, 2026 के अवसर पर भव्य संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय अब्दुलबारी नगर भवन मे किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के अध्यक्षता मे की गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति, सांसद प्रतिनिधि धर्मपाल सिंह, जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष सागर कुमार उर्फ़ दिलीप कुशवाहा, जहानाबाद नगर परिषद अध्यक्ष, रूपा देवी, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, अपर समाहर्ता, विभागीय





जांच विनय कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर आगत अतिथियों का स्वागत जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी चांदनी कुमारी द्वारा पौधा एवं शॉल देकर किया गया। जिसके उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा वसंत पंचमी महोत्सव के अवसर पर अपने संबोधन मे वसंत पंचमी की शुभकामनायें जहानाबाद जिलावासियो को दिया गया। उन्होंने अपने संबोधन मे बताया कि सरस्वती पूजा का महत्व बहुत गहरा है। यह दिन ज्ञान, संगीत, और कला की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। इस दिन लोग मां सरस्वती की पूजा करते हैं और हमलोग उनसे ज्ञान, बुद्धि, और विवेक की प्रार्थना करते हैं। सरस्वती पूजा मे युवाओं/छात्रों की भागिदारी रहती है। उन्होंने युवाओं एवं छात्रों से अपील किया कि शांतिपूर्ण माहौल में अपने परिजनों के साथ पूजा सम्पन्न करें। सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारम्भ राज्य संपोषित बालिका उच्च विद्यालय, जहानाबाद की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके उपरांत बासुकीनाथ ताम्रकार (घटम वादक) द्वारा अपने कला की प्रस्तुति की गई। नन्द कुमार प्रसाद द्वारा वसंत पंचमी पर आधारित कविता की प्रस्तुति दिया गया। साथ ही कार्यक्रम मे निदेशक, एन.ई.पी. सुदर्शन कुमार द्वारा भी अपने आवाज में पूराने हिन्दी गाने की प्रस्तुति दिया गया। इस दौरान लोक गायिका नन्दिनी भारती उर्फ़ राजनंदिनी ने अपनी प्रस्तुति मे माता सरस्वती की वंदना किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिव तांडव, होली गीत बाबा हरिहर नाथ समेत कई मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर कलाकारों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# ओबरा में नहीं है ऑटो स्टैंड, यात्रियों को होती है परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के ओबरा प्रखंड के कारा मोड़ अतरौली में ऑटो स्टैंड नहीं है। स्टैंड न होने से वाहन चालक मुख्य सड़क को ही बस व ऑटों स्टैंड के रूप में उपयोग कर रहे हैं जिससे न सिर्फ वाहनों के आवागमन में परेशानी होती है बल्कि स्थानीय व्यवसायी व आमलोगों को भी कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। एनएच-139 से सटे होने के कारण छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन लगा रहता है। बस या ऑटों पड़ाव के अभाव में सड़क के दोनों किनारा सार्वजनिक स्थल वाहन चालकों के कब्जे में रहता है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। व्यवसायी रामजी साव, मदन साव सहित ने बताया कि स्टैंड के अभाव में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कहा कि ऑटो चालकों द्वारा एनएच-139 पर ही वाहन खड़ा करने से लोग लगातार दुर्घटना का शिकार बन रहे हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि सड़क पर ही वाहन लगाकर यात्रियों को उतारने या चढ़ाने का कार्य ऑटों व बस चालकों द्वारा किया जा रहा है जिससे अन्य वाहन चालक व राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहां तक कि इस दौरान जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। बता दें यहां पड़ाव की मांग वर्षों से स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही है परंतु आजतक इसकी व्यवस्था नहीं हो पाई है।

# लंबित मामलों को अविलंब निष्पादित करें सीओ : डीएम

## बीईओ को विद्यालयों की नियमित जांच करने का दिया निर्देश




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के अंतर्गत साहेबपुर कमाल प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का निरीक्षण जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा किया गया। साथ ही जनसुनवाई कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा जिला एवं प्रखंडस्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना गया। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान विभिन्न पंचायतों के मुखियाओं द्वारा अंचल कार्यालय में जमाबंदी से संबंधित मामलों को उठाया गया। जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा अंचल अधिकारी को आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके उपरांत आम जनता के साथ जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान आम लोगों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों को गंभीरतापूर्वक संज्ञान में लेते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन का निर्देश दिया। तत्पश्चात प्रखंड एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को विद्यालयों की नियमित जांच सुनिश्चित करने तथा छात्रों की न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अंचल अधिकारी को प्रखंडस्तर पर सभी लंबित मामलों का अविलंब निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। श्रम विभाग की समीक्षा के क्रम में श्रम पदाधिकारी को प्रखंड स्तर पर छापेमारी दल का गठन कर होटलों एवं अन्य संस्थानों में नाबालिगों से कराए जा रहे कार्यों की सघन निगरानी करने का निर्देश दिया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं को आशा एवं एएनएम के साथ समन्वय स्थापित कर पोषण उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया। प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को पंचायतों में संचालित योजनाओं का समय पर, गुणवत्ता के साथ निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा सात निश्चय पार्ट-3 से संबंधित सभी बिंदुओं की विस्तृत जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी गई। इसके साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा आम लोगों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, बेगूसराय, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी बलिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी साहेबपुर कमाल, अंचल अधिकारी साहेबपुर कमाल एवं डंडारी सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सौ रिक्तियों के विरूद्ध 43 अभ्यर्थी सम्मिलित

## जिला नियोजनालय में एक दिवसीय नियोजन कैंप आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग अंतर्गत गुरुवार को जिला नियोजनालय में एक दिवसीय नियोजन कैम्प का आयोजन किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। उक्त कैम्प में निजी कंपनी वीआईएसपीएल के द्वारा एमआरएफ के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इनके प्रतिनिधि श्री कल्याण के द्वारा कैंप में उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य सम्बंधित वेतन एवं भत्ते, कार्य स्थल एवं अन्य विषयों की जानकारी विस्तृत रूप में दी गयी। कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए 100 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 43 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। जिसमें 20 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरांत चयनित किया गया। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी ने बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार संबंधी मार्गदर्शन दिया। बताया की नियोजन कार्यालय जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थिओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रत्येक माह जब कैंप का आयोजन करता है। जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है। जिसकी सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की जाती है। साथ ही श्री राणा अमितेष द्वारा बताया गया की जिले के वैसे अभ्यर्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। वो नियोजनालय में संचालित पुस्तकालय की सुविधा का निःशुल्क लाभ ले सकते है। नेशनल करियर सर्विस द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं एवं इसके उपयोग के बारे में कनीय सांख्यिकी सहायक राहुल कुमार द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पे प्रधान लिपिक विनय कुमार, जिला कौशल प्रबंधक सतीश पटेल, सामंत कुमार, रंजय सिंह देव उपस्थित थे।

# विद्यालयों में होगी शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी

**भगवानपुर।** प्रखंड के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में 31 जनवरी को अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी आयोजित करने का निर्देश बिहार सरकार शिक्षा विभाग प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के निर्देशक विक्रम कुमार ने दिया है। उक्त संगोष्ठी हम और आप मिलकर करेंगे बच्चों का विकास थीम पर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें वर्गवार अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, अधिक से अधिक अभिभावकों की उपस्थिति उक्त संगोष्ठी में होनी चाहिए, ताकि शिक्षक उक्त संगोष्ठी में अभिभावकों को बच्चों के शैक्षणिक व अन्य उपलब्धियों से अवगत करा सकेंगे, शिक्षक अभिभावकों को बच्चों द्वारा मोबाइल व सोशल मीडिया को सीमित कर उन्हें वास्तविक जीवन की गतिविधियों से जोड़ने के लिए भी प्रेरित करेंगे तथा अभिभावक बच्चों को पोषण युक्त भोजन कराकर विद्यालय भेज सके इस तरह से शिक्षक प्रेरित करेंगे तथा स्वास्थ्य स्वच्छता के लिए भी प्रेरित करेंगे सहित अन्य विंदुओं पर चर्चा की जायेगी।

# गीत-संगीत के माध्यम से भूकंप व आपदा से बचाव की दी गई जानकारी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** आपदा प्रबंधन विभाग भोजपुर के तत्वावधान में भूकंप सुरक्षा पखवाड़ा-2026 का आयोजन भोजपुर जिले के विभिन्न प्रखंडों में जन जागरूकता के लिए करवाया जा रहा है। जिसमें भूकंप एवं आपदा से बचाव के लिए नुक्कड़ नाटक, गीत, संगीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में नव सर्वोदय समाज कल्याण संस्थान संस्था के अखिलेश सिंह एवं कला संयोजिका साधना श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में अलग-अलग प्रखंडो में आपदा एवं प्रबंधन विभाग के द्वारा प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। कलाकार नाटक के माध्यम से लोगों को जानकारी दे रहे है। जिसमें कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक जानकारी ही बचाव है की प्रस्तुति कर रहे हैं। जिसमें आपदा और भूकंप से बचाव की जानकारी दी जा रही है। नव सर्वोदय समाज कल्याण संस्थान के कलाकारों में टीम लीडर शालिनी श्रीवास्तव, आशीष, दीपावली श्रीवास्तव, चैतन्य कुमार, अंबुज आकाश, धर्मशिला, अनिल सिंह के द्वारा शानदार नाट्य प्रस्तुति की जा रही है जिसे ग्रामीण खूब पसंद कर रहे है एवं जानकारी ले लाभ उठा रहे है।

# राज्य आपदा मोचन बल द्वारा चलाया गया जागरुकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार भूकंप सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर राज्य आपदा मोचन बल द्वारा व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में मटिहानी अंचल स्थित केएल हाई स्कूल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं विद्यालय कर्मियों को भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा से होने वाले संभावित जान-माल के नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। एसडीआरएफ के प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा बच्चों को भूकंप

## आपदा से बचाव की दी गई जानकारी

आने के कारण, उसके प्रभाव, तथा आपदा के समय घबराने के बजाय धैर्यपूर्वक सुरक्षित व्यवहार अपनाने के तरीकों के बारे में समझाया गया। ड्रप, कवर और होल्ड जैसी महत्वपूर्ण सुरक्षा तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन कर बच्चों को बताया गया कि भूकंप के दौरान एवं उसके बाद किस प्रकार स्वयं को सुरक्षित रखा जा सकता है। साथ ही, सुरक्षित स्थानों की पहचान, खुले मैदान में जाने की सावधानियां, तथा अफवाहों से बचने की सलाह भी दी गई। इसके अतिरिक्त, भूकंप सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत एलईडी प्रचार वाहनों के माध्यम से तेघड़ा एवं बछवाड़ा अंचलों में लगातार वीडियो संदेशों का प्रसारण किया जा रहा है। इन वीडियो के जरिए आम नागरिकों को भूकंप से पूर्व, भूकंप के दौरान एवं भूकंप के बाद अपनाए जाने वाले आवश्यक सुरक्षा उपायों की जानकारी सरल एवं प्रभावी ढंग से दी जा रही है। इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन, विशेषकर बच्चों में आपदा प्रबंधन के प्रति समझ विकसित करना, जान-माल के नुकसान को न्यूनतम करना तथा समाज को आपदा के प्रति सतर्क एवं तैयार बनाना है।

# प्रखंड कार्यालय भवन निर्माण को लेकर डीएम से की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** प्रखंड बचाओ अभियान समिति ने जिलाधिकारी को आवेदन देते हुए प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निर्माण वीरपुर में ही करवाने की मांग की है। समिति के अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में उक्त आवेदन दिया गया। आवेदन में कहा गया है कि वर्ष 1994 में तत्कालीन विधायक शिवदानी प्रसाद सिंह के प्रयास से वीरपुर को प्रखंड सह अंचल कार्यालय का दर्जा मिला। जिसका उद्घाटन बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालूप्रसाद यादव ने किया। सभी पंचायत के बीच में अवस्थित होने के कारण यहां हरेक पंचायत के लोग आसानी से अपने कार्य हेतु आते-जाते हैं। परंतु पूर्व डीएम तुषार सिंगला द्वारा प्रखंड कार्यालय के निर्माण हेतु पर्रा में जमीन चिन्हित करने का दिया गया निर्देश बिल्कुल गलत है। इनलोगों ने वीरपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के भवन निर्माण हेतु जहां वर्तमान में कार्यालय अवस्थित है। वहां अथवा वीरपुर थाना भवन के पास जमीन अधिग्रहित करने की स्वी.ति देने की मांग की है। आवेदन में पूर्व विधायक शिवदानी प्रसाद सिंह, जिला पार्षद शिल्पी कुमारी, प्रखंड प्रमुख स्मिता कुमारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरसेन विक्रम, जदयू प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार चौधरी, नौला, डीहपर, भवानंदपुर, वीरपुर पूर्वी, वीरपुर पश्चिम, जगदर व गेन्हरपुर के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, वार्ड सदस्य, पंच तथा सभी राजनीतिक दल के नेताओं का हस्ताक्षर दर्ज किया।

# केन्द्र सरकार के विरूद्ध कांग्रेस ने दिया धरना




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** सदर प्रखंड कार्यालय पर गुरुवार को कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार के विरुद्ध एक दिवसीय धरना का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने किया। गुरुवार को पार्टी सैकड़ों समर्थकों के साथ केंद्र सरकार द्वारा यूपीए सरकार की महत्वाकांक्षी योजना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ मनरेगा को खत्म करने की साजिश के खिलाफ विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। धरना के पश्चात मनरेगा के खिलाफ की जा रही साजिश के संबंध में प्रखंड पदाधिकारी के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भी सौंपा।धरना को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमित कुमार बबी ने कहा कि मनरेगा हमारे पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह की एक ऐसी जनहितैषी आर्थिक योजना रही। जिसने पूरे ग्रामीण भारत की आर्थिक दिशा बदल दी। मनरेगा की वजह से विश्व भर में आई आर्थिक मंदी के बावजूद भी भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रही। इसने करोड़ों लोगों को रोजगार के अवसर दिए। किसान नेता श्रीकांत राय ने कहा कि मनरेगा न सिर्फ रोजगार के अवसर दिए बल्कि देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वक्ता में मुकेश प्रियदर्शी, सावर कुमार और कुमार रत्नेश टुल्लू ने चेतावनी भरे लहजे में सरकार को आगाह किया कि गरीब किसानों और मजदूरों की रोजी रोटी और आजीविका पर किसी तरह का हमला कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, पुर्व प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत राय, विजय राय, अमित बबी, मुकेश प्रियदर्शी, सावर कुमार, रत्नेश टुल्लू, राम पदार्थ यादव, मो कुदूस, पप्पू सिंह, सुरेन्द्र महतों, धीरज कुमार, राजेंद्र पासवान, अर्जुन पोद्दार, विजय शर्मा, आर्यन राज, सुरेश राय, नारायण सिंह, सुधीर राय, राज भारती, अशोक कुमार, बोधन शर्मा, वसंत कुमार, मुकेश सिंह, अनिल सिंह, भासो तांती, शंकर मोची, पप्पु सिंह, बोकु सिंह, रामसुधार सिंह,सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के रोस्तामा वीरपुर पंचमुखी पुल चौक पर गुरुवार की सुबह सैकड़ों कन्याओं के द्वारा माता विषहरी के प्राण प्रतिष्ठा को वीरपुर भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। जो रोस्तामा, मुरादपुर, फजिलपुर, गांव के विभिन्न मुहल्लों से होते हुए मंदिर प्रांगण में रखा गया। जानकारी देते हुए भगवती पूजा समिति के सदस्य जय शंकर प्रसाद यादव ने बताया कि गुरुवार के रात में देवी जागरण का कार्यक्रम रखा है साथ ही शुक्रवार

## भक्ति जागरण का आयोजन

को देवी के प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही अष्टयाम यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वीरपुर के पुलिस पदाधिकारी भी साथ साथ चल रहे थे।मौके पर वीरपुर पश्चिम पंचायत के मुखिया त्रिपुरारी कुमार, पवन कुमार, विवेकानंद, कृष्णनंदन यादव,भोला यादव, अवधेश यादव, लालो यादव, अनिल यादव, समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# नेशनल लैंग्वेज अवार्ड से सम्मानित हुए शिक्षक

## पिछले दिनों खिलाफत समिति हॉल मुंबई में मिला था अवार्ड



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के मुजफ्फरा निवासी सह उर्दू मध्य विद्यालय मुजफ्फरा के स्नातक उर्दू शिक्षक मोहम्मद वसीउल हक अंसारी को भाषा विशेषकर उर्दू के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान हेतु कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ भारत के द्वारा राष्ट्रीय भाषा पुरस्कार के लिए चयन किया गया था। जिसमे निर्धारित कार्यक्रम में विगत 10 जनवरी को राष्ट्रीय खिलाफत समिति भवन मुंबई में मोमेंटो, चादर, गोल्डमेडल व प्रशस्ति पत्र के साथ अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष्य में गुरुवार को विद्यालय परिवार और ग्रामीणों के द्वारा गर्मजोशी के साथ चादर, बुके, माला, कलम व फूल भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर मौजूद जामा मस्जिद मुजफ्फरा के इमाम मौलाना मोहम्मद अनवर जमील ने अपने संबोधन में कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यालय परिवार को बल्कि पूरे प्रखंड क्षेत्र को गौरवान्वित किया है वहीं अपने संबोधन में ग्रामीण हाफिज मोहम्मद उमर फारूक ने कहा कि शिक्षकों तथा क्षेत्रवासियों के लिए यह प्रेरणीय है। कार्यक्रम का संचालन उर्दू शिक्षक मोहम्मद आबिद ने किया। इस उपलब्धि पर शिक्षक मोहम्मद मोहिबुल्लाह, शाहिद, जफर सालेह, शाकिर अनवर, सिराजुद्दीन रहमानी, जियाउल हक, प्रमोद कुमार, बुद्धन चौरसिया, ललितेश्वर प्रसाद, जमीर जौहर ग्रामीण अभिभावक मोहम्मद राशिद, अशफाक, नौशाद, अकबर सरफराज, काजी अब्दुल अजीम हैदरी, मौलाना परवेज आलम मुजाहरी, मुफ्ती शब्बीर अनवर काश्मी,पूर्व जिला पार्षद सुल्ताना बेगम, डा. हसमत, तौसीफ, सरवर, परवेज समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# नो इंट्री के बाद भी धड़ल्ले से गुजर रहे भारी वाहन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** नगर परिषद क्षेत्र में लगने वाले जाम से निजात दिलाने व भारी वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए अनुमंडल प्रशासन द्वारा शहर में नो एंट्री लागू की गई है। इसके बावजूद शहर में नो एंट्री का पालन नहीं किया जा रहा है। अनुमंडल प्रशासन द्वारा लागू नो एंट्री की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। शहर में नो एंट्री के दौरान भारी वाहनों का प्रवेश निर्बाध हो रहा है.ऐसे में जाम की समस्या से जूझ रहे शहरवासियों की परेशानियां और बढ़ गई है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों और अभिभावकों को हो रही है। सुबह निर्धारित समय के बाद भी भारी वाहनों का शहर में प्रवेश जारी है वहीं शहर के कर्पूरी चौक, पुरानी बायपास और स्टेशन रोड की सड़कों पर यहां वहां खड़े ओटो-टोटो इस समस्या को और विकराल रूप दे रहे हैं। शहर वासियों के अनुसार नगर परिषद द्वारा जगह-जगह नो एंट्री के बोर्ड और अवरोधक तो लगा दिए गए पर उसका अनुपालन कराने की व्यवस्था नहीं की गई। पूर्व घोषित आदेश के बावजूद स्थायी स्टैंड नहीं बनने से ओटो-टोटो मुख्य सड़क पर बेतरतीब खड़े रहते हैं। सब कुछ देख कर भी यातायात के जिम्मेदार मौन बना हुआ है। प्रशासन की कार्यशैली देखकर लगता है कि लोगों को जाम से मुक्ति दिलाने में उसे विशेष रूचि नहीं है।


**बिहार सरकार**

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय औरंगाबाद**

**(डी0सी0आर0बी0,शाखा)**



नाम – रचना सिंह
पिता – धर्मेन्द्र सिंह
पता – सा0–शाहपुर दुर्गा मंदिर धर्मशाला के बगल में, थाना–नगर, जिला–औरंगाबाद
उम्र – 16 वर्ष
लम्बाई – 05 फीट 03 इंच
रंग – गोरी
पहनावा – लाल रंग का टी–शर्ट, ब्लू रंग का जीन्स।

उक्त अपहृत/गुमशुदा व्यक्ति के बारे में किसी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर औरंगाबाद नगर थाना के मोबाइल नं0–91031826335 पर सम्पर्क करने की कृपा करें।

पुलिस अधीक्षक
औरंगाबाद

PR. No. 022386 (Police) 2025-26

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।



**बिहार सरकार**

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय औरंगाबाद**

**(डी0सी0आर0बी0,शाखा)**



नाम – अमरेन्द्र कुमार
पिता – ईश्वरी साव
वर्तमान पता – सा0–शाहपुर अखाड़ा, थाना–नगर, जिला–औरंगाबाद
स्थायी पता – सा0–चरण, थाना–माली, जिला–औरंगाबाद।
उम्र – 44 वर्ष
लम्बाई – 05 फीट 08 इंच
रंग – सांवला
भाषा – हिन्दी
पहनावा – ग्रे रंग का स्वेटर, ब्लू रंग का जीन्स, लेदर वाला चप्पल पहने हुए।

उक्त अपहृत/गुमशुदा व्यक्ति के बारे में किसी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर औरंगाबाद नगर थाना के मोबाइल नं0–91031826335 पर सम्पर्क करने की कृपा करें।

पुलिस अधीक्षक
औरंगाबाद

PR. No. 022391 (Police) 2025-26

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।


# माध्यमिक शिक्षक संघ ने मनाया स्थापना दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ का स्थापना दिवस सह शताब्दी समापन समारोह जिला माध्यमिक शिक्षक संघ भवन में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्व प्रथम बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के झंडा से झंडोत्तोलन जिला उपाध्यक्ष मंजू सिंह के द्वारा किया गया। झंडोत्तोलन में जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के संयुक्त सचिव गणेश झा, सुशील कुमार चौधरी, मूल्यांकन परिषद् अध्यक्ष मो सलीम उद्दीन, सचिव सुधीर सिंह, प्रमंडल कार्य समिति सदस्य चंद्र भूषण प्रसाद सिंह, अरूण कुमार हरि, पूर्व जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिंह, बलिया अनुमंडल अध्यक्ष रामनाथ प्रसाद बेगूसराय अनुमंडल सचिव अरविंद कुमार, उच्च माध्यमिक विद्यालय बदलपूरा के प्रधानाध्यापक आशुतोष कुमार, मंतोष कुमार राय, सदर प्रखंड अध्यक्ष उपेन्द्र राय, सुधा कुमारी मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम की संध्याकालीन सत्र में दीपोत्सव एवं सांस्.तिक कार्यक्रम के साथ अतिथियों का संबोधन हुआ। इस सत्र की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उमानंद चौधरी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. सुरेश प्रसाद राय ने संबोधित करते हुए बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के इतिहास का विस्तृत रूप से चर्चा कर नये शिक्षकों में जोश भरा। कहा कि जिस नियोजनवाद की समाप्ति के लिए मैंने अपनी 9 वर्ष की सेवा को तिलांजलि दे कर स्वेच्छिक सेवानिवृत्ति ली। लगभग 10-15 प्रतिशत शिक्षक एवं पुस्तकालयाध्यक्ष ही स्थानीय निकाय के दायरे में रह गये हैं। सदस्य राज्य कार्य समिति डा. सुदर्शन कुमार, जिला कार्य समिति सदस्य प्रज्ञा, पूर्व संयुक्त सचिव राजेन्द्र नारायण सिंह आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमंडल कार्य समिति सदस्य नीरज कुमार, बलिया अनुमंडल सचिव शमीम अख्तर, नगर सचिव अरुण कुमार, प्रखंड सचिव वीरपुर नीरज कुमार तेघरा प्रखंड सचिव रवि कुमार, बखरी प्रखंड सचिव विजय कुमार, बरौनी प्रखंड सचिव खुर्शीद आलम, दर्जनों प्रधानाध्यापक सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

## झंडोत्तोलन कर की कार्यक्रम की शुरूआत

# मुठभेड़ : लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटर परमानंद यादव को पुलिस ने मारी गोली

## घटनास्थल से अमेरिका मॉडल 9 एमएम पिस्टल जब्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में गुरुवार की सुबह पटना गया नेशनल हाईवे पर सगुनी के पास एक अपराधी का पुलिस एनकाउंटर किया गया। इस घटना में अपराधी जख्मी हो गया। जख्मी अपराधी लॉरेंस बिश्नोई गैंग का शूटर है जिसका नाम परमानंद यादव पिता रामकेवल यादव जो झारखंड के लातेहार जिला के चंदवा का रहने वाला है। एनकाउंटर के बाद जख्मी अपराधी को अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है। मौके पर पहुंचे सिटी पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने बताया की लॉरेंस बिश्नोई गैंग के चार सदस्य को बेउर थाने की पुलिस ने पकड़ा था, जिसमें एक अपराधी बाइक से मसौढ़ी जहानाबाद के रोड की तरफ तेजी से भाग निकला जिससे पीछा करते हुए पुलिस ने मसौढी थाना क्षेत्र के सगुनी गांव के पास उसे पकड़ने की कोशिश की जहां पर वह पुलिस पर वह फायरिंग करने लगा। ताबातोड़ तीन चार गोलियां पुलिस पर चलाई, जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई जहां अपराधी के दाहिने पैर में गोली लगी जिसमें वह गंभीर रूप में जख्मी होकर गिर पड़ा जिसे कब्जे में लेते हुए उसे अस्पताल भेजा गया है। मौके पर 9 एमएम की पिस्टल जो अमेरिका मॉडल का है उसे जब्त किया गया है। क्षतिग्रस्त बाइक को भी जब्त किया गया है। मौके पर एफएसएल की टीम पहुंची है और पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई हैं ।घटना स्थल पर सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा, थानाध्यक्ष विवेक भारती समेत मसौढ़ी कादिरगंज कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची है और सबसे बड़ी बात यह रही कि जिस वक्त पटना से अपराधी जहानाबाद की तरफ भाग रहा था तो जैसे ही मसौढी पुलिस की सूचना मिली तो मसौढ़ी पुलिस के थाना के पदस्थापित श्रवण कुमार मंडल सघन वाहन चेकिंग कर रहे थे, इस घेराबंदी के दौरान श्रवण कुमार मंडल ने अपने कमर से पिस्तौल निकाल कर जवाबी कार्यवाही में अपराधी को गोली मारकर जख्मी किया है। इस घटना के बाद अपराधियों में दहशत का माहौल है।

# बाइक सवार दो युवकों पर अपराधियों ने चलाई गोली, एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पटना गया नेशनल हाईवे- 22 पर धनरूआ थाना क्षेत्र के नीमा सूर्य मंदिर के ठीक सामने गुरुवार की दोपहर तकरीबन 3:30 बजे बाइक पर सवार दो युवकों को चलती गाड़ी में पीछे से बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार कर भाग निकले, गोली युवक के सिर में लगी है, जिससे मौके पर ही मौत हो गई है। बाइक के पलटने पर बाइक के पीछे बैठे हुए एक युवक भी गंभीर रूप में जख्मी हो गया है। मृतक की पहचान सोनू कुमार उम्र 28 वर्ष पिता रामबाबू प्रसाद शेखपुरा रामकृष्ण नगर पटना का रहने वाला है, इसके बारे में बताया जाता है कि वह मसौढी अपनी बहन के घर गया हुआ था वहीं से मिलकर पटना अपने घर लौट रहा था। इसके साथ ही बाइक के पीछे बैठे हुए जख्मी युवक का नाम आलोक कुमार जो खैरा पाली परसा बाजार का रहने वाला है। मौके पर एक पिस्तौल का कारतूस को बरामद की गई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एफएसएल की टीम और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार छानबीन में जुटे हैं। एसडीपीओ ने बताया कि मसौढ़ी की ओर से बाइक पर सवार दो युवक पटना की ओर जा रहे थे उसी दरमियान पीछे से बाइक पर सवार कुछ युवक आए और गोली मारकर निकल भागे। अन्य जगहों पर सीसीटीवी कैमरे एवं आसपास के लोगों से पूछताछ कर पूरे घटनाक्रम के बारे में जांच की जा रही है।

# कमला-गंगा इंटरसिटी ट्रेन लूट की घटना उजागर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अथमलगोला।** स्टेशन पर कमला गंगा इंटरसिटी में लूटपाट की घटना की शिकायत बाढ रेल थाने में की गई थी जो झूठा निकला। रेल एसपी अशोक राय ने बताया कि अनिकेत कुमार नामक युवक पटना से अपने परिवार के साथ बाढ आ रहा था। इसी दौरान मुकेश कुमार नामक युवक जो अथमलगोला कल्याणपुर डीह का रहने वाला है। वो भी इसी ट्रेन से आ रहा था। उसने अनिकेत कुमार के साथ मारपीट की। अनिकेत कुमार ने मारपीट की घटना को लूट की घटना में बदलते हुए आवेदन दिया कि उसके बैग में रखे सोने चांदी को लूट लिया गया है। घटना की जानकारी पर रेल पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की छानबीन में जुट गई। अनुसंधान के क्रम में यह बात सामने आई की मामला मारपीट और छेड़खानी का है। पहले पुलिस लूट का मामला दर्ज हुआ। लेकिन अनुसंधान में यह मामला गलत पाया गया। घटना में शामिल 9 लड़के को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें कुछ विधि विरुद्ध भी हैं। बताया कि झूठा मामला दर्ज कराने के मामले में पीड़ित पर भी कार्रवाई होगी।

# सरस्वती पूजा और जुमे की नमाज को लेकर पुलिस अलर्ट, लगायी गश्त




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर सभी संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस ने अलर्ट मोड में है और पूरे मसौढ़ी अनुमंडल की बात करें तो 57 संवेदनशील जगहों पर पुलिस दंडाधिकारी की प्राथमिक थी अनुमंडल कार्यालय की ओर से की गई है। हालांकि एक तरफ सरस्वती पूजा तो दूसरे तरफ जुम्मे का नमाज जिसको लेकर पुलिस हां या लड़ पर है और सभी संवेदनशील जगहों पर चौक सारी पर गुरुवार की शाम को सायरन बजाकर लोगों को अलर्ट किया है। जहां मसौढी थाना से निकलकर मेन रोड, थाना रोड, रहमतगंज, स्टेशन रोड होते हुए कर्पूरी चौक, पुरानी बाजार, लखीबाग, संगत पर मोड आदि संवेदनशील इलाकों में किया गया। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि सायरन बजाकर आम लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से पूजा करने की अपील की गई। यह संदेश दिया कि पूजा के दौरान किसी भी प्रकार के अफवाह, अशांति या आपसी भाईचारे को बिगाड़ने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कहा कि यदि कोई व्यक्ति या असामाजिक तत्व माहौल खराब करने की कोशिश करता है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मराची गांव में मुख्यमंत्री झंडोत्तोलन कार्यक्रम को लेकर तैयारी जोरों पर

## सिद्धेश्वर मांझी को घर दुरुस्त करने के लिए मिलेगा 50 हजार की सहायता राशि




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन प्रखंड के अकौना पंचायत के मराची गांव में आगामी गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आगमन होने जा रहा है। जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महादलित टोले के सबसे बुजुर्ग महादलित सिद्धेश्वर मांझी के साथ झंडोतोलन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। जिसको लेकर मराची स्वास्थ्य उपकेंद्र के अलावा पूरे गांव की तस्वीर बदली जा रही है, ग्रामीणों में इसके प्रति काफी खुशी की लहर देखी जा रही है, ग्रामीण ने बताया की मुख्यमंत्री आगमन को लेकर सड़क के किनारे आहार पाईन की उडाही की जा रही है, सड़कें को दुरुस्त किया जा रहा है। वहीं स्कूल के बगल में ट्रांसफार्मर भी लगाया जा रहे है। पहले गांव के पश्चिम की ओर से बिजली आती थी लेकिन अब यहां पर ही ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा कई जगहों पर डेंटिंग पेंटिंग का कार्य भी युधस्तर पर किया जा रहा है। हालांकि इस सबों के बीच जो मराची महादलीत टोल के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति सिद्धेश्वर मांझी के घर को जीर्णोद्धार के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से घर दुरुस्त करने के लिए 50 हजार का सहायता राशि उन्हें दी जाएगी। दरअसल जिलाधिकारी के दौरे के दौरान सिद्धेश्वर मांझी ने अपने घर के दयनीय हालत बता कर आवास के बारे में चर्चा की थी और आवास योजना का लाभ देने की बात कही थी वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार ने बताया कि 2020 में सिद्धेश्वर मांझी की पत्नी के नाम पर आवास योजना का लाभ मिला था ऐसे में इन्हें सहायता राशि के तहत ढलाई करने के लिए 50000 की राशि दी जाएगी। गुरुवार को झंडातोलन कार्यक्रम की तैयारी का ज्यादा लेने के लिए जदयू जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह अपने टीम के साथ पहुंचे और तैयारी का जायजा लिया।


**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी सं. 249_2025-26, दिनांक 19.01.2026.** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा–711101 द्वारा (**सीनि. डीईएन/1/हावड़ा** के अधिकार क्षेत्र के लिए) नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का विवरणः** (i) लिलुआ, पाण्डुआ, देबीपुर, मेमारी, बैंची, खान्यान, आरामबाग, हरिपाल, नालीकुल, सिउड़ी, उत्तरपाड़ा,. हिंद मोटर, कोन्नगर, रिषड़ा, श्रीरामपुर, बैद्यबाटी, भद्रेश्वर, मानकुंडु, चुचुड़ा, हुगली तथा बैण्डेल स्टेशनों में डब्ल्यू. हॉल, शौचालय, सर्कुलेटिंग एरिया का सुधार। (ii) एईएन/बैण्डेल के अधीन मगरा कॉलोनी में स्टॉफ क्वार्टर की मरम्मत तथा नवीनीकरण के साथ पाथवे, ड्रेन, सेप्टिक टैंक इत्यादि का सुधार। **अनुमानित लागतः** रु. 12,99,55,494.88; **बयाना राशिः** रु. 7,99,800। **निविदा प्रपत्र की कीमतः** शून्य। **समापन अवधिः** 12 (बारह) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 09.02.2026 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। **ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान-** ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

**(HWH-558/2025-26)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# श्री राम कथा ज्ञान महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड के तुलसीचक गांव में श्री राम कथा ज्ञान महायज्ञ को लेकर दुर्गा शक्ति पीठ तुलसीचक की ओर से कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जहाँ तकरीबन 1751 महिला श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश रखकर तुलसीचक से दुद्धीचक सुर्य मंदिर के पास पुनपुन नदी में जलभरी की, उसके बाद पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम का शुरुआत की। आगामी 23 जनवरी को मंडप प्रवेश एवं महायज्ञ अनुष्ठान एवं शाम को प्रवचन का आयोजन किया जाएगा, नवदुर्गा जन कल्याण समिति की ओर से बताया गया की कथा वाचक के रूप में डॉक्टर राघवेंद्र आचार्य जी महाराज के द्वारा प्रत्येक दिन शाम 5:00 बजे से नौ बजे रात्रि तक कथा वाचन किया जाएगा और यह आगामी एक फरवरी तक आयोजन किया जाएगा। श्री राम कथा ज्ञान महायज्ञ को लेकर तकरीबन दर्जनों गांव से आए हुए श्रद्धालुओं का महाजुटान रहा और सभी गांव में उत्साह का माहौल है। आयोजकों में संजय कुमार, उदय कुमार कुशवाहा, गौतम कुमार, सत्येंद्र वर्मा, नीतीश कुमार अन्य लोगों ने बताया की विश्व शांति मानव कल्याण को लेकर यह महायज्ञ का अनुष्ठान किया जा रहा है। मौके पर गौतम, सूरज, गणेश, सुमंत, अमित, शंकर, रोहन शामिल रहे।

# बंधन बैंक का कारोबार तीन लाख करोड़ के पार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बंधन बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम की घोषणा की। बैंक का कुल कारोबार 11% से बढ़कर 3.02 लाख करोड़ रुपये हो गया। बैंक के कुल जमा में खुदरा (रिटेल) खंड की हिस्सेदारी अब 72% है। तीसरी तिमाही में दर्ज व्यावसायिक वृद्धि का प्रमुख आधार बैंक के विस्तारित वितरण नेटवर्क, बेहतर परिचालन दक्षता और अनुकूल व्यावसायिक माहौल रहा। बैंक अब भारत के कुल 36 में से 35 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में 6,350 से अधिक बैंकिंग आउटलेट के ज़रिये लगभग 3.25 करोड़ ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। बंधन बैंक में काम करने वाले कर्मचारियों की कुल संख्या 74,500 से अधिक है। वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही के दौरान, बैंक ने अपने जमा आधार में साल-दर-साल 11% की वृद्धि दर्ज की, और अब कुल जमा आधार 1.57 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। इसी अवधि के लिए कुल अग्रिम (एडवांस) 1.45 लाख करोड़ पर पहुंच गया। चालू खाता और बचत खाता (सीएएसए) अनुपात 27.3% है। बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर यानी वित्तीय स्थिरता प्रमुख संकेतक) 17.8% पर मज़बूत बना हुआ है, जो नियामकीय सीमा से काफी ऊपर है। बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी, पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने इस प्रदर्शन के बारे में कहा, पिछली तिमाहियों की तुलना में बंधन बैंक की तीसरी तिमाही का प्रदर्शन बुनियादी तत्वों में मज़बूती और निरंतर सुधार को दर्शाता है। चौथी तिमाही में, हम ग्राहकों के अनुभव, परिचालन दक्षता और विस्तारयोग्यता बढ़ाने के उद्देश्य से कई डिजिटल पहलों में तेज़ी लाने के लिए तैयार हैं।

# पालीगंज बाजार में आधी रात को हवाई फायरिंग, सीसीटीवी में कैद हुई बदमाशों की करतूत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज (पटना)।** नगर बाजार स्थित नई मस्जिद के पास बुधवार की आधी रात कार सवार बदमाशों ने बीच सड़क पर हवाई फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। मिली जानकारी के अनुसार रात करीब एक बजे एक कार से लगभग छह की संख्या में बदमाश नई मस्जिद के पास पहुंचे। कार रोककर वे सड़क पर उतरे और गाली-गलौज करते हुए पिस्टल से लगातार चार राउंड हवाई फायरिंग करने लगे। इसी दौरान एक बदमाश हाथ में डंडा लेकर नई मस्जिद के सामने स्थित एक मकान के आगे लगे करकट को पीटने लगा। यह पूरी घटना कुछ मिनटों तक चली। आधी रात गोली चलने और करकट पीटने की आवाज सुनकर आसपास के लोग जाग गए, लेकिन जब तक वे कुछ समझ पाते, बदमाश कार में सवार होकर मौके से फरार हो गए। घटना से भयभीत लोगों ने तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पालीगंज थाना की तीन पेट्रोलिंग गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से बीच सड़क पर गिरे फायर किए गए तीन खोखे बरामद किए हैं। इस घटना के बाद नई मस्जिद रोड के निवासी काफी दहशत में हैं। बताया जा रहा है कि बदमाशों की पूरी करतूत वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सीसीटीवी फुटेज में सारी घटना कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार एवं कार में सवार बदमाशों की पहचान करने की जांच में जुटी हुई है।


**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(जिला योजना कार्यालय)

Phone No:-06186-222096
Email:aurangabaddpo@gmail.com

**–: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :–**

बी0आर0बी0सी0एल0 के नैगम सामाजिक दायित्व (CSR) अन्तर्गत औरंगाबाद जिला के विभिन्न अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में विभिन्न प्रकार के उपकरणों (Equipments) की आवश्यकता के मद्देनजर क्रय/आपूर्ति करने हेतु प्रतिष्ठित फर्मो/ निविदादाताओं से अलग–अलग लिफाफों में मुहरबंद तकनीकी एवं वित्तीय निविदा दिनांक **29.01.2026** को **03:00** बजे अप0 तक जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद में प्राप्त किये जाएंगे एवं उसी दिन अप0 03:30 बजे अध्यक्ष, निविदा/क्रय समिति के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी, जिसमें निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। निश्चित तिथि एवं समय समाप्त होने के पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्य दिवस में जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद अथवा जिला के वेबसाईट **www.aurangabad.bih.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है। समर्पित निविदा मो0 2500/– रूपये के नजारत रसीद के साथ ही मान्य होगा।

**निविदा में आपूर्ति की जाने वाली उपकरण एवं सामग्रियों की विशिष्टियां जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद से कार्य दिवस में अथवा जिला के वेबसाईट www.aurangabad.bih.nic.in से भी प्राप्त किया जा सकता हैं।**

निविदा की विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 022514 ( Planning ) 2025-26 — **जिला योजना पदाधिकारी, औरंगाबाद**

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**


# जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने मनाया स्मृति दिवस, 12 फरवरी को केंद्रीय आम हड़ताल में उतरेंगे सड़क पर




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** सीपीएम मसौढ़ी के पार्टी कार्यालय में राजेश्वर प्रसाद का द्वितीय स्मृति दिवस मनाया गया, कामरेड राजेश्वर प्रसाद जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के नेता थे। वह हमेशा कर्मचारी एवं आम जनता की हित की लड़ाई लड़ते रहते थे, सर्वप्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि की गई और उनके प्रति 1 मिनट का मौन रखा गया, इस कार्यक्रम की अध्यक्षता चन्द्रदेव प्रसाद वर्मा ने की साथ ही सीपीएम लोकल कमेटी मसौढ़ी की बैठक भी हुई, जिसकी अध्यक्षता कामरेड सुरेन्द्र कुमार ने की जिसमें बिहार में बढ़ते अपराधों के लिए राज्य सरकार को दोषी ठहराया एवं नीट की छात्रा सहित बिहार में हो रहे आपराधिक तांडव को रोकने के लिए सरकार फास्ट ट्रैक सुनवाई कर दोषियों को अभिलंब आजीवन कारावास की सजा दे, इधर आए दिन बुलडोजर सम्राट केवल गरीबों का आशियाना बिना वैकल्पिक व्यवस्था के ही ध्वस्त करने का अभियान चला रहे हैं लेकिन बड़े-बड़े भूमि माफियाओं बलात्कारियों अपराधियों के घर पर बुलडोजर चलना तो दूर उनकी गिरफ्तारी भी नहीं हो रही है यही है भाजपा की सही मिशन गरीबों को मार भगाओ 12 फरवरी 2026 को होने वाली केंद्रीय आम हड़ताल में पार्टी के सभी सदस्य सड़क पर उतरेंगे और उनके मांगों का समर्थन करेंगे इस कार्यक्रम में माकपा के राज्य सचिवमंडल के सदस्य कामरेड मनोज कुमार चन्द्रवंशी, जिला सचिव शिव कुमार विद्यार्थी, अनुमंडलीय सचिव प्रोफ़ेसर सीपी मंडल, सोनालाल प्रसाद, चन्द्रिका शर्मा, रामदयाल प्रसाद, रामनारायण प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, राजकुमार, गुड्डू कुमार, प्रिंस कुमार, उमेशचन्द्र राय, विशेश्वर मांझी, अवधेश कुमार, रामप्रकाश चौधरी, भरत यादव, जयप्रकाश, महेन्द्र प्रसाद, शिवानंद प्रसाद आदि उपस्थित थे।


**कार्यालय नगर परिषद्, दाउदनगर (औरंगाबाद)**
nagarparishad.daudnagar@gmail.com
**अल्पकालीन आम सूचना संख्या– 17/2025–26**

कार्यालय नगर परिषद् दाउदनगर द्वारा दाउदनगर शहर का वित्तीय वर्ष–2026–27 के लिए वार्षिक बजट तैयार किया जा रहा है। नगर परिशद् दाउदनगर क्षेत्र के नागरिकों, व्यवसायिकों, प्रतिशठानों, स्कूल, कॉलेज, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों से अनुरोध है कि अपना बहुमुल्य सुझाव अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक–05.02.2026 तक उपलब्ध कराया जा सकता है, ताकि नगर परिषद् दाउदनगर निकाय क्षेत्र का विकासोन्मुखी एवं परिणाम बजट तैयार किया जा सके। निम्न बिन्दुओं पर शहर के नागरिक के द्वारा अपना बहुमुल्य सुझाव प्रदान किया जा सकता है–

1. दाउदनगर शहर में प्रदुषण नियंत्रण पर सुझाव।
2. दाउदनगर शहर को स्वच्छ बनाने हेतु सुझाव।
3. दाउदनगर शहर को अतिक्रमण मुक्त रखने हेतु सुझाव।
4. नगर परिषद् दाउदनगर के आंतरिक कोश में वृद्धि हेतु सुझाव।
5. दाउदनगर शहर के अन्तर्गत जल–जमाव एवं Outfall की समस्या से निजात हेतु सुझाव।
6. दाउदनगर शहर के शुद्ध पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पर सुझाव।
7. दाउदनगर शहर के शिक्षा एवं कौशल विकास पर सुझाव।
8. दाउदनगर शहर के शहरी सौन्दर्यीकरण एवं विरासत संरझण पर सुझाव।
9. दाउदनगर शहर के सड़क, पुल एवं पथ निर्माण पर सुझाव।
10. दाउदनगर शहर के खेलकूद एवं मनोरंजन सुविधाएँ पर सुझाव।
11. शहरी आवास एवं झुग्गी विकास पर सुझाव।
12. अन्य कोई बहुमुल्य सुझाव।

**कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर परिषद् दाउदनगर**

PR- 022379 (B & C) 2025-26

विस्तृत जानकारी वेबसाइट state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**



**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(जिला योजना कार्यालय)

**कोटेशन आमंत्रण सूचना**
**(अति अल्पकालीन)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत श्री उपेन्द्र कुशवाहा माननीय सांसद (राज्यसभा) द्वारा श्री सिकन्दर कुमार, पिता–श्री महेन्द्र मेहता, ग्राम–जागा बिगहा, पो0– अनेहा अंछा, प्रखंड–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद को Fitment of Left Below Knee Prosthesis which includes Vaccum assisted socket Silicone Liner Ossur Shuttle lock Adapter Tube clamp Proflex XC Torsion Foot Ossur Foam Covr Stump Socks Cosmetic Socks Gait. उपलब्ध कराने हेतु की गई अनुशंसा के आलोक में जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद द्वारा योग्य आपूर्तिकर्त्ता से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/फर्म निम्न वर्णित शर्तों को पूरा करते हुए अपना–अपना कोटेशन बन्द लिफाफा में कार्यालय अवधि (पूर्वा0 10:30 बजे से अप0 5:00 बजे तक) में दिनांक 31.01.2026 के अप0 04:00 बजे तक निम्न शर्तो के अधीन जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद में समर्पित कर सकते है।

**जिला योजना पदाधिकारी,**
**औरंगाबाद**

**PR. No. 022547 (Planning ) 2025-26**

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।**

# मुआवजा भुगतान व लंबित मामलों को शीघ्र निपटाएं : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत भूमि रैयतीकरण, भूमि अधिग्रहण तथा राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में भारतमाला परियोजना (वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे) पैकेज-6, एनएच-120 दाउदनगर बाईपास पथ, एसएच-101 अम्बा-देव-मदनपुर पथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, डीएफसीसीआईएल, सोननगर बाईपास रेलवे लाइन तथा उत्तर कोयल नहर परियोजना से संबंधित भूमि अधिग्रहण, दखल-कब्जा, मुआवजा भुगतान एवं लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत कुल 40.35 किलोमीटर लंबाई में 270.4283 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है जिसमें 203.1182 हेक्टेयर रैयती भूमि शामिल है। कुल 3,207 रैयतों में से 1,383 रैयतों को मुआवजा प्रदान किया जा चुका है। इस परियोजना के लिए कुल 200.85 करोड़ रुपये की स्वीकृति के विरुद्ध 79.76 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। भौतिक रूप से लगभग 31.50 किलोमीटर क्षेत्र में दखल कब्जा लिया जा चुका है। एनएच-120 दाउदनगर बाईपास पथ के अंतर्गत कुल 9.20679 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है जिसमें 321 रैयत सम्मिलित हैं। कुल स्वीकृत 54.60 करोड़ रुपये की राशि में से 17.97 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। शेष 0.9363 हेक्टेयर भूमि का रैयतीकरण एवं सरकारीकरण प्रक्रियाधीन है। एसएच-101 अम्बा-देव-मदनपुर पथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के अंतर्गत कुल 61.78314 एकड़ भूमि में से 18.8354 एकड़ भूमि पर दखल-कब्जा हो चुका है। कुल 33.87 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि के विरुद्ध 86.09 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। शेष भुगतान हेतु लगातार नोटिस निर्गत किए जा रहे हैं तथा विशेष कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। डीएफसीसीआईएल मार्ग एवं उत्तर कोयल जलाशय परियोजना के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा भुगतान की प्रक्रियाएं प्रगति पर हैं। रैयतों को मुआवजा राशि भूमि राशि पोर्टल के माध्यम से भुगतान की जा रही है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के आलोक में औरंगाबाद जिला अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु भूमि अर्जन की स्थिति की समीक्षा की गई। देव रिंग रोड निर्माण, देव सूर्य मंदिर के समीप सूर्य कुंड एवं रुद्र कुंड परिसर से एसएच-101 तक ग्रीनफील्ड संपर्क पथ, रफीगंज बाईपास निर्माण, गया-औरंगाबाद पथ का चौड़ीकरण, बीआईएडीए औद्योगिक क्षेत्र निर्माण तथा नवीनगर रेलवे यार्ड के एलसी-29 पर आरओबी निर्माण से संबंधित परियोजनाओं में धारा 11 (1) का प्रकाशन अधिकांश मामलों में पूर्ण कर लिया गया है। दाखिल-खारिज मामलों की समीक्षा में पाया गया कि जिले में 75 दिनों से अधिक अवधि से कुल 126 मामले लंबित हैं, जिनमें सर्वाधिक 22 मामले रफीगंज अंचल में लंबित हैं। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित अंचलाधिकारी को कड़े निर्देश देते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया गया। हसपुरा अंचल में दाखिल-खारिज से संबंधित कोई भी मामला लंबित नहीं पाया गया। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेन्द्र पंडित, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, दाउदनगर डीसीएलआर, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, बेबी प्रिया सहित सभी अंचलाधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# औरंगाबाद में 20 लाख लोगों को खिलाई जाएगी फाइलेरिया रोधी दवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** जिले में आगामी 10 फरवरी से शुरू होने वाले एमडीए अभियान को लेकर विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा हेतु गुरुवार को सिविल सर्जन सभागार में एक दिवसीय जिलास्तरीय टीओटी बैठक सिविल सर्जन डा. कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में नाइट ब्लड सर्वे का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। एनबीएस की रिपोर्ट के आधार पर अगले माह के 10 फरवरी से जिले में सर्वजन दवा सेवन अभियान की शुरुआत की जाएगी। इस बार जिले के कुल आठ प्रखंडों और एक शहरी क्षेत्र में करीब 20,01,621 लाख पात्र लोगों को एमडीए अभियान के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी। जबकि तीन जिसमें सदर प्रखंड औरंगाबाद, गोह और कुटुंबा प्रखंडों में प्रीटास होनी है। इस कारण से एमडीए अभियान अभी नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मियों व सहयोगी पार्टनर्स की मेहनत और सामूहिक सहभागिता से जिला को फाइलेरिया मुक्त बनाने का सपना जल्द साकार होगा। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डा. मिथिलेश प्रसाद सिह ने कहा कि एमडीए अभियान के दौरान जिले के कुल आठ प्रखंडों और एक शहरी क्षेत्र में करीब 20,01,621 लाख लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बताया कि 17 दिवसीय अभियान में पहले 14 दिनों तक ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन टीम द्बारा घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलाई जाएगी। इसके बाद अगले तीन दिनों तक स्कूलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर बूथ लगाकर बच्चों एवं लोगों को दवा खिलाई जाएगी। हमें यह प्रयास करना है कि जिला में लक्षित आबादी को शत-प्रतिशत दवा का सेवन कराई जाए। बताया कि अभियान के सातवें दिन और चौदहवें दिन अभियान का री–विजिट किया जाएगा। बताया कि दवा सेवन के बाद किसी भी प्रकार के साइड इफ़ेक्ट होने पर लोगों की सुरक्षा हेतु जिला एवं प्रखंड स्तर पर रैपिड रेस्पोंस टीम का गठन भी किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के जोनल कोऑर्डिनेटर डा. अरुण कुमार एवं वीडीसीओ कुमार हर्षवर्द्धन ने बताया कि अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक जागरूकता के लिए अभियान चलाया जाएगा। बताया कि दो से पांच वर्ष के बच्चों को डीईसी व अल्बेंडाजोल की एक गोली, वहीं पांच वर्ष से अधिक उम्र वाले लोगों को लंबाई के अनुसार आइबरमेक्टिन की दवा दी जाएगी। 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के लोगों को डीईसी की दो एवं अल्बेंडाजोल की एक गोली एवं 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की तीन व अल्बेंडाजोल की एक गोली खिलाई जाएगी। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को कोई दवा नहीं खिलायी जानी है। कार्यक्रम में छूटे हुए घरों में कर्मियों द्वारा पुनः भ्रमण कर दवा खिलाई जाएगी। खाली पेट दवा का सेवन नहीं किया जाना है। दवा स्वास्थ्य कर्मियों के सामने ही खाना जरूरी है। किसी भी हाल में दवा देकर नहीं आनी है। यह कार्यक्रम सभी अंतर्विभागीय सहयोग के साथ किया जाएगा जिसमें आईसीडीएस, पंचायती राज, जीविका, शिक्षा विभाग सहित का सहयोग लिया जाएगा। बैठक में डीई उपेंद्र कुमार चौबे, डीसीएम कुमार आनंद प्रकाश, वीडीसीओ कुमार हर्षवर्द्धन, निर्भय कुमार, सीफार के जिला समन्वयक अमित कुमार, प्रोजेक्ट एसोसिएट निहारिका कुमारी, पिरामल के विश्वास कुमार, सभी प्रखंडों के बीसीएम, बीएमएंडई एवं प्रखंड ब्लाक एकाउंट मैनेजर आदि मौजूद रहे।

# सदर अस्पताल पहुंची महिला के बैग से पैसों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर अस्पताल में महिला से चोरी का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर नगर थाना की पुलिस ने आरोपी महिला को पकड़ लिया है और उससे पूछताछ में जुटी है। पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस के अनुसार, अब तक की जांच में सामने आया है कि पकड़ी गई महिला दिव्यांग है और अक्सर सदर अस्पताल कैंपस में दिखती है। पकड़ी गई महिला पर प्रेग्नेंट महिला से 1400 रुपए की चोरी का आरोप लगा है। शिकायतकर्ता महिला की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भरथौली शरीफ के रहने वाले कुंदन कुमार की पत्नी रेणु कुमारी के रूप में हुई है। रेणु कुमारी प्रेग्नेंट हैं और नियमित जांच के लिए सदर अस्पताल पहुंची थी। उसके गोद में एक बच्चा था और हाथ में प्लास्टिक की थैली, जिसमें जरूरी कागजात के साथ 1400 रुपए रखे थे। रेणु कुमारी के अनुसार, वह जांच के लिए लाइन में खड़ी थी, तभी किसी ने उसकी थैली से रुपए निकाल लिए। कुछ देर बाद जब उसे रुपए गायब होने का एहसास हुआ तो उसने शोर मचाया। इसी दौरान उसने पास खड़ी रिसीयप थाना क्षेत्र के नोनिया बिगहा गांव निवासी अभिषेक कुमार की पत्नी मनीषा कुमारी को अपने घर की चाबी फेंकते हुए देखा, जिससे उसे संदेह हुआ। इसके बाद रेणु कुमारी ने मनीषा कुमारी पर चोरी का आरोप लगाते हुए बहस शुरू कर दी। हंगामा बढ़ता देख सुरक्षा कर्मियों ने अस्पताल प्रबंधन को सूचना दी। इसके बाद उपाधीक्षक कक्ष में लगे सीसीटीवी स्क्रीन पर फुटेज की जांच की गई। जांच के दौरान जब आरोपित महिला से अस्पताल से संबंधित पर्ची या कागजात मांगे गए तो उसने देने से इनकार कर दिया।पूछताछ में वह अस्पताल आने के कारण को लेकर बार-बार अलग-अलग जवाब देती रही। सुरक्षा कर्मियों के अनुसार आरोपित महिला दिव्यांग है और अक्सर अस्पताल परिसर में देखी जाती रही है। मामला संदिग्ध और उलझता देख अस्पताल प्रबंधन ने नगर थाना को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# हत्या सहित अन्य अपराधों में 21 अभियुक्तों को भेजा जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। अलग-अलग मामलों में 37 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 21 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के शीर्ष में 2, हत्या के प्रयास में 8, शराब कांड में 7 एवं अन्य शीर्ष कांड में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 122 लीटर देसी शराब, 141 लीटर विदेशी, एक कार एवं एक स्कूटी बरामद किया गया है। 9 वारंट का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1019 वाहनों की जांच की गई जिसमें 57000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार जिले में मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार की देर शाम कार्रवाई के फलस्वरूप अलग-अलग थाना क्षेत्र से 37 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 21 लोगों को जेल भेजा गया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा ताकि जिले में शांति व्यवस्था कायम रहे तथा अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

# ऐतिहासिक स्थलों के सौंदर्यीकरण से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देव स्थित सूर्य मंदिर परिसर में अवस्थित सूर्यकुंड एवं रुद्रकुंड तालाब में संचालित सौंदर्यीकरण कार्यों का गहन एवं विस्तृत स्थलीय निरीक्षण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा तालाबों में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं उपयोगिता का बारीकी से अवलोकन किया गया। उन्होंने कार्यस्थल पर उपलब्ध निर्माण सामग्री, संरचनात्मक कार्यों तथा सुरक्षा मानकों की समीक्षा करते हुए संबंधित कार्य एजेंसियों एवं पदाधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप, उच्च गुणवत्ता के साथ तथा समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने का स्पष्ट निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा पर्यटन प्रभारी पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी को संबंधित कार्यपालक अभियंता से समन्वय स्थापित करते हुए सूर्यकुंड तालाब की सीढ़ियों में टाइल्स लगाने का निर्देश दिया गया ताकि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही तालाब परिसर में साफ-सफाई, जल संरक्षण, सौंदर्यात्मक प्रकाश व्यवस्था तथा समग्र दृश्य आकर्षण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश भी दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का सौंदर्यीकरण न केवल श्रद्धालुओं की सुविधाओं में वृद्धि करता है, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी सुदृढ़ करता है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा नियमित अनुश्रवण के माध्यम से प्रगति की समीक्षा की जाए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, प्रभारी पदाधिकारी पर्यटन रत्ना प्रियदर्शनी, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार, देव के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी सहित संबंधित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भगवान श्री सूर्य नारायण महाविद्यालय के संस्थापक सचिव की मनी पुण्यतिथि

## पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने उनकी कीर्ति को किया याद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**देव (औरंगाबाद)।** देव स्थित भगवान श्री सूर्य नारायण महाविद्यालय में कॉलेज के संस्थापक सचिव स्वर्गीय मदन प्रसाद सिंह की नौवीं पुण्यतिथि पर महाविद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार सिंह एवं प्रशासनिक प्रधान अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम आयोजित की गयी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष पिंटू साहिल, महाविद्यालय के अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह, नगर उपाध्यक्ष गोलू गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वर्गीय मदन प्रसाद सिंह की प्रतिमा पर पुष्पार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो ने कॉलेज के संस्थापक सचिव स्वर्गीय मदन प्रसाद सिंह के कार्यों और कीर्ति को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि देव के नक्सल इलाकों में शिक्षा की अलख जगाने वाले स्वर्गीय मदन प्रसाद सिंह की कीर्ति को आने वाली पीढियां भी याद रखेगी। हमलोग भी इसी भाव से कार्य करते हैं कि आने वाली पीढियां हमे भी याद करें। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि स्वर्गीय मदन प्रसाद सिंह की एक सोंच ने इस इलाके में शिक्षा की अलख जगाया। यह इलाका जहां अशिक्षित था, आज वो शिक्षित हो गया। यहां के सभी प्रतिनिधियों को चाहिए कि महाविद्यालय के विकास में अपनी महती योगदान दे ताकि इस इलाके में रहने वाले छात्र-छात्राओं को कहीं अन्यत्र न जाना पड़ें। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद स्वर्गीय मदन प्रसाद सिंह के पैतृक आवास पर पुत्र आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में उनके चित्र पर लोगों ने बारी-बारी से माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र चंद्रवंशी, जदयू नेता दीपक कुमार सिंह, राघव नारायण सिंह, डॉ. ऋत्विक सिंह, हम पार्टी के नेता हरेंद्र कुमार सिंह, मदनपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष पीयूष रंजन, उपप्रमुख मनीष पाठक, मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष देव राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देव प्रभारी डॉ अशोक कुमार, प्रबंधक विकास रंजन आदि मौजूद रहे।

# पुलिस उपाधीक्षक ने सुनी लोगों की फरियाद

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय -1) विनोद कुमार सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर आम लोगों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में काफी संख्या में फरियादी पहुंचे। पुलिस उपाधीक्षक ने सभी लोगों की समस्याएं सुनी तथा इसका निष्पादन किया। अधिकंाश मामले मारपीट, जमीन विवाद और लेन - देन के विवाद से जुए थे। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फरियादियों की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना है, ताकि उन्हें अपनी शिकायतों के लिए भटकना नहीं पड़े। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग व्यवस्था को आम लोगों के लिए सुलभ बनाने के उद्देश्य से सरकार की ओर से यह नई व्यवस्था दी गई है। जनता दरबार से आमजनों को पुलिस से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा। जनता दरबार का मकसद पब्लिक को सुविधा प्रदान करना है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# अज्ञात बीमारी से स्कूली बच्चों में हड़कंप

**अंबा (नबिटा संवाददाता)।** कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के सूही स्थित मध्य विद्यालय के बच्चों को अज्ञात बीमारी ने भी हैरत में डाल दिया है। आलम यह है कि भयाक्रांत बच्चे अब स्कूल जाने से भी कतराने लगे हैं। विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश पाल ने बताया कि बच्चे अचानक बेहोश हो जा रहे हैं। विगत दो दिनों में पढ़ाई के दौरान आठवीं क्लास की आंचल कुमारी, रागिनी कुमारी, सातवीं क्लास की राधा कुमारी और ज्योति कुमारी अचानक अचेत हो गई। प्राचार्य ने बताया कि एक बच्ची ने खिड़की पर सांप बैठे होने की बात कही और बेहोश हो गई। इस घटना से विद्यालय में अफरा-तफरी मच गई और बच्चे घर भाग गए।

# साइकिल में रिफ्लेक्टर टेप लगाकर किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में साइकिल जांच अभियान एवं वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का विशेष अभियान संचालित किया गया। यह कार्यक्रम सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी द्वारा किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क पर चलने वाले साइकिल चालकों सहित अन्य वाहन चालकों की दृश्यता बढ़ाकर सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम करना तथा आमजनों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। अभियान के दौरान साइकिलों की जांच करते हुए ब्रेक, लाइट, रिफ्लेक्टर आदि सुरक्षा उपकरणों की स्थिति का निरीक्षण किया गया। जांच के क्रम में जिन साइकिलों में रिफ्लेक्टर अथवा लाइट नहीं पाए गए, उनके चालकों को आवश्यक दिशाऽनिर्देश दिए गए तथा भविष्य में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही, वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाकर विशेषकर रात्रि के समय उनकी दृश्यता बढ़ाने की दिशा में कार्रवाई की गई। जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से अपील की गई कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें, साइकिल एवं वाहनों में निर्धारित सुरक्षा उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करें तथा सुरक्षित एवं सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

